सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 02 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 237, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 555 अंकों की उछाल

आर्थिक वृद्धि के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित शेयर बाजार तीन दिनों की गिरावट से उबरते हुए सेंसेक्स 554.84 अंक की बढ़त के साथ 80,364.49 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भारत ने क्रूड ऑयल की कीमतों को नियंत्रण में रखा



पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ने रूसी तेल खरीद से ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर करने एवं कीमतों को काबू रखने में मदद मिली है। } 16

## अफगानिस्तान में शक्तिशाली भूकंप, 800 की मौत

○ 6.0 मापी गयी तीव्रता ○ कुनार सबसे अधिक हुआ प्रभावित ○ पूरा गांव जमींदोज

एजेंसी



काबुल। पूर्वी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गयी तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता यह जानकारी दी।

भूकंप के बाद परेशान अफगानी लोग रात के अंधेरे में भी मलबे में अपने लापता प्रियजनों की तलाश करते रहे। पड़ोसी नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के समीप कुनार प्रांत के कई शहरों में रविवार देर रात आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से बड़े पैमाने पर तबाही मची है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर दूर पूर्व-उत्तरपूर्व में था। भूकंप का केंद्र जमीन से आठ किलोमीटर की गहराई में था। कम गहराई वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए। फुटेज में दिखाया गया कि बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से निकाल कर स्ट्रेचर की मदद से हेलिकॉप्टरों में ले जा रहे हैं, जबकि लोग हाथों से मलबे को हटाने में लगे हुए हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में जल्द लागू होगा नया सोसाइटी पंजीकरण एक्ट

ऑनलाइन और केवाईसी आधारित पंजीकरण व नवीनीकरण प्रक्रिया पर सरकार का जोर : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के स्थान पर उत्तर प्रदेश में नया कानून लागू करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सम्बंध में सोमवार को कहा है कि सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए युगानुकूल और व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए। वर्तमान अधिनियम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के निरस्तीकरण/विघटन और संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन, तथा सदस्यता, प्रबंधन और चुनाव संबंधी विवादों के समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट प्रावधानों का अभाव है। इसी प्रकार, वित्तीय अनुशासन के लिए ऑडिट, निधियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण और संपत्ति प्रबंधन से संबंधित नियम भी पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि व्यावहारिकता... शेष पृष्ठ 14 पर

## योगी से सुबह लगायी गुहार, शाम को स्कूल में दाखिला



लखनऊ। 'जनता दर्शन' में सोमवार को मुख्यमंत्री के बालप्रेम का नया रूप दिखा, जब कानपुर से आईं नन्हीं मायरा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले चॉकलेट खिलाई, फिर शाम तक उनकी मुराद पूरी कर दी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कानपुर के एस्कार्टर्स वर्ल्ड स्कूल ने मायरा के एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी। मुख्यमंत्री की यह सहजता देख कानपुर का परिवार भी उनका कायल हो गया। बता दें कि कानपुर की मायरा सोमवार को अपनी मां नेहा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत-रूस-चीन संबंध वैश्विक स्थिरता के स्तंभ

○ प्रधानमंत्री मोदी से राष्ट्रपति पुतिन व जिनपिंग ने की मुलाकात ○ पाकिस्तान को किया अलग-थलग

एजेंसी



तियानजिन (चीन)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि भारत और रूस हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। मोदी की पुतिन की मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत एवं अमेरिका के संबंध पिछले दो दशक के संभवतः सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।

मोदी और पुतिन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के इतर बैठक की, जिसमें आर्थिक, वित्तीय और ऊर्जा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आधिकारिक वार्ता से पहले, दोनों नेताओं ने एससीओ शिखर सम्मेलन में अपने कार्यक्रम समाप्त करने के बाद एक ही कार में बैठक स्थल तक एक साथ यात्रा करते हुए 40 मिनट से अधिक समय तक अनौपचारिक बातचीत की। मोदी ने कहा कि भारत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हाल ही में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष को यथाशीघ्र समाप्त करना मानवता का आह्वान है। प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य की शुरुआत में कहा हम यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर नियमित रूप से चर्चा करते रहे हैं। हम शांति स्थापित करने की दिशा में हाल में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। इस संघर्ष को समाप्त करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता अवश्य निकाला जाना चाहिए। यह संपूर्ण मानवता की आकांक्षा है। समझा जाता है कि भारतीय पक्ष ने पुतिन को शनिवार को मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के बीच हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी। मोदी से बात करने के बाद, ज़ेलेंस्की ने कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए आवश्यक प्रयास करने और रूस को उपयुक्त संकेत देने के लिए तैयार है। पुतिन ने कहा कि रूस और भारत ने दशकों से विशेष मैत्रीपूर्ण और विश्वास-आधारितै संबंध बनाए रखे हैं, और यह संबंधों के भविष्य के विकास की नींव है। उन्होंने कहा ये संबंध पूरी तरह से दलगत राजनीति से ऊपर हैं और इन्हें हमारे अधिकांश लोगों का समर्थन प्राप्त है। भारत के बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन में संघर्ष को हल करने के लिए हाल में की गई पहल के प्रति अपना समर्थन दोहराया, तथा संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने तथा स्थायी शांति की आवश्यकता पर बल दिया। मोदी-पुतिन वार्ता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध समाप्त करने के प्रयासों के तहत रूस के राष्ट्रपति के साथ शिखर बैठक आयोजित करने के दो सप्ताह बाद हुई है। भारत पर अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि दोनों नेताओं ने वाहन में अनौपचारिक बातचीत के दौरान इस पर चर्चा की। ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिए जाने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एससीओ ने की पहलगाम हमले की निंदा

एजेंसी



तियानजिन (चीन)। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत के इस रुख से सोमवार को सहमति जताई कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मानदंड अस्वीकार्य हैं। इस प्रभावशाली समूह ने चीनी बंदरगाह शहर तियानजिन में आयोजित अपने दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन के अंत में जारी एक घोषणापत्र में आतंकवाद से लड़ने के अपने दृढ़ संकल्प को सूचीबद्ध किया। इस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विश्व के कई अन्य नेताओं ने भाग लिया। एससीओ ने कहा कि वह आतंकवादी और चरमपंथी खतरों का मुकाबला करने में संप्रभु देशों और उनके सक्षम प्राधिकारियों की अग्रणी भूमिका को मान्यता देता है। एससीओ सदस्य देशों ने गाजा में इजराइल द्वारा किए गए सैन्य हमलों में बड़ी संख्या में आम लोगों के हताहत होने और गाजा पट्टी में भयावह मानवीय स्थिति पैदा होने के कारण इन हमलों की ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## यूपी में 13 पीसीएस अफसरों का तबादला

लखनऊ। प्रदेश में योगी सरकार ने एक बार फिर अफसरों के तबादले किए हैं। सरकार ने सोमवार को 13 पीसीएस अफसरों को इधर से उधर कर दिया है। शासन से जारी आदेश के अनुसार अपर जिलाधिकारी महोबा राम प्रकाश को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनाया गया है। वहीं, मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज कुंवर पंकज को अपर जिलाधिकारी महोबा बनाया गया है। इसके साथ ही उप जिलाधिकारी उन्नाव नवीन चंद्र को अपर जिलाधिकारी मेरठ बनाया गया है। उप निदेशक पशुपालन निदेशालाय लखनऊ ज्योति राय को अपर जिलाधिकारी बलरामपुर बनाया गया है। वहीं अपर जिलाधिकारी बलरामपुर प्रदीप कुमार को उप निदेशक पशुपालन निदेशालय लखनऊ भेजा गया है। इसी तरह पीसीएस अफसर सुनन्दू सुधाकरन को अपर आयुक्त वाराणसी बनाया गया है ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फर्जी नियुक्ति : बीएसए समेत चार को राहत

लखनऊ। हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गोण्डा जनपद में अनामिका शुक्ला के नाम से फर्जी नियुक्ति कर वेतन का पैसा हड़पने के आरोप मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित तथा पटल लिपिकों सुधीर कुमार सिंह व अनुपम पांडेय की गिरफ़्तारी पर फिलहाल के लिए पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान व न्यायमूर्ति एसक्यूएच रिजवी की खंडपीठ ने यह आदेश अभियुक्तों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर पारित किया। अभियुक्तों की ओर से ललित किशोर तिवारी व अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी।

## मतदाता सूची में दावे, आपत्तियां और सुधार दाखिल करने का समय बढ़ा

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान तैयार मतदाता सूची के मसौदे में दावे, आपत्तियां और सुधार एक सितंबर के बाद भी दाखिल किए जा सकेंगे लेकिन उन पर विचार मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही किया जाएगा। बिहार एसआईआर के लिए निर्वाचन आयोग की 24 जून की अनुसूची के अनुसार, मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा आज समाप्त हो रही है और अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग (ईसी) की इस दलील पर गौर किया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। पीठ ने कहा समय बढ़ाने के संबंध में, ईसीआई द्वारा प्रस्तुत नोट में कहा गया है कि एक सितंबर के बाद दावे, आपत्तियां या सुधार दाखिल करने पर रोक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखण्ड : सीएम धामी ने किया 'साथी केंद्र' का शुभारंभ

इंजीनियरिंग, मेडिकल, बैंकिंग, रेलवे व क्लैट में निर्धन विद्यार्थियों को मिलेगा मार्गदर्शन : मुख्यमंत्री

प्रमुख संवाददाता



ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खटीमा में साथी केंद्र का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश का सामाजिक और आर्थिक विकास उसकी शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक स्तर पर सुधार लाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। उन्होंने कहा कि आज इस नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने में भी सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के समस्त विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2023 में साथी प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके माध्यम से आज आईआईटी और आईआईएससी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रोफेसर ऑनलाइन क्लासेज द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पांच तक चारधाम व हेमकुंड साहिब की यात्रा स्थगित

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में तीन दिनों तक लगातार जारी बारिश के रेड और ओरेंज एलर्ट को देखते हुए राज्य सरकार ने चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया कि भारी बारिश से प्रदेश में कई जगह भूस्खलन या मलबा आने से मार्ग बाधित हो रहे हैं। जिन्हें सरकार प्राथमिकता ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 43.06 डिसे.

न्यूनतम : 29.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

○ लखनऊ में पर्यटकों के ठहरने की समस्या होगी दूर (पृष्ठ-02)
○ स्थापित होंगे नि:शुल्क कोचिंग सेंटर व आयोग भवन (पृष्ठ-02)
○ अगस्त में वाहनों की बिक्री पड़ी सुस्त (पृष्ठ-14)
○ यूपीआई लेनदेन की संख्या 20 अरब के पार (पृष्ठ-14)
○ 10 पैसे टूटकर सबसे निचले स्तर पर रुपया (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** लुधियाना में सबसे अधिक 216.70 मिमी दर्ज की गयी बारिश, लगातार वर्षा से पंजाब के कई जिले बाढ़ की चपेट में

## प्रकृति का कहर : हिमाचल, उत्तराखंड में भूस्खलन से पांच की मौत



एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पहले से ही बाढ़ प्रभावित पंजाब में सोमवार को फिर मूसलाधार बारिश हुई, जिसके कारण राज्य के सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए। हिमाचल में कई स्थानों पर भारी बारिश हुई और शिमला में भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में 35 वर्षीय एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शाह ने जम्मू में बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

एजेंसी



जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित जम्मू का दौरा किया और कुछ पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत एवं पुनर्वास मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया।

अधिकारियों ने बताया कि शाह के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला एवं जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा भी थे और उन्हें जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी। शाह बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का आकलन करने के लिए रविवार रात जम्मू पहुंचे थे। राजभवन में आगंतुकों से मिलने के बाद वह स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लेने के लिए जम्मू ...शेष पृष्ठ 14 पर

## घरेलू बिक्री में वृद्धि से जीएसटी संग्रह 1.86 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

नयी दिल्ली। घरेलू बिक्री में वृद्धि के कारण अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

आगामी त्योहारों के कारण राजस्व में वृद्धि जारी रहने की संभावना है। सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अगस्त 2024 में 1.75 लाख करोड़ रुपये था। पिछले महीने संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था। इस साल अगस्त में सकल घरेलू राजस्व 9.6 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात कर 1.2 प्रतिशत घटकर 49,354 करोड़ रुपये रहा। जीएसटी रिफंड सालाना आधार पर 20 प्रतिशत घटकर 19,359 करोड़ रुपये रह गया। शुद्ध जीएसटी राजस्व अगस्त 2025 में 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि है। ये आंकड़े केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद की बैठक से ठीक दो दिन पहले जारी किए गए। इस बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने और कर स्लैब की संख्या कम करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ईवाई के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि निर्यात रिफंड में उल्लेखनीय गिरावट से वैश्विक शुल्क के कारण निर्यात क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गंभीर बीमार बंदियों की समयपूर्व रिहाई के नियम सरल और स्पष्ट किये जाये : योगी

## प्राणघातक रोग से ग्रस्त बंदियों, वृद्ध, असहाय बंदियों का होगा सर्वेक्षण, प्राथमिकता के साथ होगी रिहाई, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी नीति बनाने पर मुख्यमंत्री का जोर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट तथा मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित किए जाने की आवश्यकता जताई। सोमवार को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि

- **हत्या, आतंकवाद, देशद्रोह व जघन्य अपराधों में रिहाई नहीं की जायेगी**
- **हर साल जनवरी, मई और सितम्बर में स्वत: समीक्षा की बनेगी व्यवस्था**
- **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रणाली अपनाकर बंदियों को न्यायिक अधिकारों का लाभ देने पर विचार**

सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नीति को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वतः विचाराधीन होनी चाहिए और इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्राणघातक रोग से पीड़ित होने की आशंका वाले सिद्धदोष बंदी, जिसे मुक्त करने पर उसके स्वस्थ होने की उपयुक्त संभावना है तथा वृद्धावस्था, अशक्तता या बीमारी के कारण भविष्य में ऐसा अपराध करने में स्थायी रूप से असमर्थ बंदी, जिसके लिये वह दोषी ठहराया गया हो के साथ-साथ घातक बीमारी या किसी प्रकार की अशक्तता से पीड़ित सिद्धदोष बंदी जिसकी मृत्यु निकट भविष्य में होने की संभावना हो, के संबंध में प्रदेश के सभी कारागारों में सर्वेक्षण कर वास्तविक संख्या का आकलन किया जाए। इनमें महिलाओं, बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर रिहा करने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कैदियों को कृषि, गोसेवा आदि कार्यों से जोड़कर उनकी जेल अवधि के सदुपयोग करने के लिए व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल मैनुअल में यह भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना आवश्यक है कि किन बीमारियों को असाध्य रोग की श्रेणी में रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए समयपूर्व रिहाई उन्हीं मामलों में की जानी चाहिए, जहाँ से सामाजिक जोखिम न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हत्या, आतंकवाद, देशद्रोह, महिला और बच्चों के विरुद्ध जघन्य अपराध जैसे मामलों में रिहाई कतई नहीं की जानी चाहिए। नियमों में बदलाव पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष तीन बार जनवरी, मई और सितम्बर में पात्र बंदियों के मामलों की स्वतः समीक्षा की व्यवस्था हो। यदि किसी बंदी को रिहाई न दी जाए तो उसके कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किए जाएं और उसे यह अधिकार मिले कि वह उस निर्णय को चुनौती दे सके। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सुझाई गई प्रणाली को उत्तर प्रदेश में अपनाने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि बंदियों को न्यायिक अधिकारों का लाभ सुचारू रूप से मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, त्वरित और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित होनी चाहिए तथा जल्द ही नई नीति का प्रारूप तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाए।

## बालवाटिकाः योगी सरकार की पहल से पूर्व प्राथमिक शिक्षा में हुई नयी सुबह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की दूरदर्शी शिक्षा नीतियों के तहत सरकारी स्कूलों में स्थापित बालवाटिकाओं ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा में एक नई सुबह गढ़ दी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप 70 हजार से अधिक प्राथमिक/कम्पोजिट स्कूलों में शैक्षिक सुविधाओं से सुसज्जित बालवाटिकाएं बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की मजबूत नींव बन चुकी हैं।

3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए यह रंगीन, खेल-खेल में सीखने वाला वातावरण उनके सामाजिक कौशल, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। बालवाटिका में बच्चों की स्कूल रेडिनेस में सुधार, सीखने में रुचि और प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता के नए संकेत साफ दिखाई दे रहे हैं। अब बच्चे कक्षा-1 में प्रवेश से पहले मानसिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह तैयार हैं। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर 5118 बालवाटिकाओं का भव्य शुभारंभ हुआ था। बच्चों ने गीत, नृत्य, नाटिका और चित्रकला जैसी गतिविधियों में भाग लिया था तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने इस पहल को स्वागत योग्य कदम बताया था। इसके माध्यम से शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता पर जोर देने का विशेष प्रयास भी इसी दिन शुरू हुआ था। शुभारंभ में शामिल

- **शैक्षिक सुविधाओं से सुसज्जित 70 हजार से अधिक बालवाटिकाएं हैं पूरी तरह क्रियाशील**
- **3 से 6 वर्ष के बच्चों में बढ़ रहा सामाजिक कौशल, रचनात्मकता और आत्मविश्वास**
- **दिख रहा बच्चों की स्कूल रेडिनेस में सुधार, सीखने में रुचि और प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता के नये संकेत**
- **बच्चों को मिल रहीं बालमैत्रिक फर्नीचर, रंग-बिरंगे कक्षा-कक्ष, आउटडोर खेल सामग्री, लर्निंग कॉर्नर और गतिविधि-आधारित वंडर बॉक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं**

अभिभावकों ने इसे स्वागतयोग्य कदम बताते हुए कहा था कि अब उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रही है। शिक्षा का दीप हर घर तक पहुँचेगा।

बालवाटिकाओं में बच्चों के लिए बालमैत्रिक फर्नीचर, रंग-बिरंगे कक्षा-कक्ष, आउटडोर खेल सामग्री, लर्निंग कॉर्नर और गतिविधि-आधारित वंडर बॉक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गयीं हैं। साथ ही अभ्यास पुस्तिकाएं, स्टेशनरी और अन्य शिक्षण-सामग्री भी प्रदान की गई है। प्रदेश के प्रत्येक स्कूल में प्रशिक्षित एउउए एजुकेटर्स तैनात हैं, ताकि बच्चे खेल-खेल में सीख सकें और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो।प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और हमारी प्रगतिशील सोच के तहत बालवाटिका अब सरकारी स्कूलों में नर्सरी, LKGY और UKGY जैसी सुव्यवस्थित प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध करवा रही है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास, सीखने की रुचि और आत्मविश्वास बढ़ रहा है। यह पहल उनके उज्ज्वल भविष्य तथा वढ में प्रारंभिक शिक्षा के नए मानक का प्रतीक बन गई है।

# दिव्यांगजन शिक्षा और पुनर्वास पर तीन दिवसीय इन-सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ




**लखनऊ।** राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय लखनऊ द्वारा दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुनर्वास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर हितधारकों के उन्मुखीकरण के लिए तीन दिवसीय इन-सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन 01 से 03 सितम्बर तक दृष्टिबाधित छात्रों का छात्रावास, विद्याभवन,

- **विभिन्न जनपदों के विशेष शिक्षक हुए शामिल**

निशातगंज, लखनऊ में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जनपदों में संचालित बचपन डे केयर सेंटरों के शिक्षक और विशेष शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

राज्य आयुक्त ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांगजनों से सम्बन्धित सेवाओं को अधिक प्रभावी और संवेदनशील बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को नवीन नीतियों, योजनाओं, तकनीकी सहयोग और कार्य-कौशल उन्नयन से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रमुख प्रावधानों जैसे शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और बाधारहित पहुँच पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता विभिन्न तकनीकी एवं सामाजिक पहलुओं पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे ताकि दिव्यांगजनों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ और सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

# हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ पर ह्यजनता दर्शनह्ल के माध्यम से विभिन्न जनपदों

- **केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**
- **जन समस्याओं का निस्तारण भी होगा, सुविधाएं भी मिलेगी**

से आए नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा त्वरित, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे

श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। श्री मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे-यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

श्री मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

# भाजपा-संघ ने भारत की विदेश नीति बर्बाद की : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा है कि भाजपा-आरएसएस ने भारत की विदेश नीति को बर्बाद कर दिया है। दुनिया के तमाम मित्र देशों ने साथ छोड़ दिया है। अभी आपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ोसी देश भी साथ नहीं खड़े हुए। तब हमलावर पाकिस्तान को चीन हर प्रकार की मदद कर रहा था। जिस अमेरिका से बड़ी दोस्ती थी उसने व्यापार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के साथ ही और कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की धमकी दी है। घबड़ाई भाजपा सरकार अब चीन की शरण में पहुंच गई है। जिसका टैज्क रिकार्ड भारत से दुश्मनी का ही रहा है।

उन्होंने कहा कि हिन्दी चीनी भाई-भाई के नारे का हश्र हम 1962 में देख चुके है। इस लड़ाई में हमारे 4 हजार सैनिक अफसर कैद कर लिए गए थे जिन्हें तमाम यातनाएं दी गई थी। इससे पूर्व 1950 में चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने कहा कि चीन की निगाहें हमेशा भारत भूमि पर रही है। उसने रिजंगला में भारत के वार मेमोरियल को तोड़ दिया। फाइव फिंगर छीन लिए। पेंगान लेक पर कब्जा कर लिया। भारत की हजारों वर्ग मील जमीन उसके कब्जे में है। चीन-भारत के अरूणाचल प्रदेश के बड़े हिस्से को भी अपना बताता है। गलवान घाटी और अन्य महत्वपूर्ण सैनिक क्षेत्रों पर भी उसने अपनी सैन्य गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई है। ऐसे में भाजपा सरकार का यह कहना कि नहीं कोई घुसा था, नहीं कोई घुसा है का क्या अर्थ है? फिर दोनों देशों में वाताएं किस लिए हो रही है? अखिलेश यादव ने कहा कि चीन अमरीकी आर्थिक दबावों के आगे अपने को लाचार पा रहा है। भारत के व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने बंदी की तलवार लटक रही है। निर्यात ठप्प है। आयात बहुत महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका से व्यापार में फायदा उठा रहा था जबकि चीन से व्यापार में भारत को घाटा हो रहा है। चीन के सामान से भारत के बाजार पहले से पटे पड़े हैं अब नई डील से तो उसका भारतीय बाजार में पूरा दखल हो जाएगा। चीनी सामानों का आयात बढ़ता जा रहा है। भारतीय उद्योगों की चीन पर निर्भरता है। ऐसे में स्वदेशी का संकल्प कितना माने रखेगा?



यादव ने कहा कि भारत चीन के रिश्तों की हकीकत को ध्यान में रखे तो उसके साथ व्यापार में भारत को कोई बड़ा फायदा मिलने वाला नहीं है। कच्चे माल की उपलब्धता के लिए हम उस पर निर्भर है। चीन सामरिक क्षेत्र में वर्चस्व कायम करने के बाद भारत को व्यापारिक क्षेत्र में भी पंगु बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि चीन विस्तारवादी देश हैं उसकी महत्वाकांक्षा अपनी सीमाओं के लगातार विस्तार की है। कई पड़ोसी देशों को आर्थिक सहायता के नाम पर कर्ज में डुबोने का काम चीन पहले ही कर चुका है। भारत से जबानी सहयोग और मैत्री के रिश्ते निभाने वाले चीन ने अब तक अपने कब्जे वाले भारतीय भू-भाग पर बातचीत का साफ रूख नहीं किया है। तिब्बत हड़प लेने के बाद अब वह अरूणाचल, लेह, लद्दाख में भी पैर पसारना चाहता है। उसकी इन चालों की वजह से उस पर तनिक भी भरोसा नहीं किया जा सकता है कि वह नेक नीयती से भारत का साथ देगा।

# लखनऊ में पर्यटकों के ठहरने की समस्या होगी दूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में पर्यटकों को किफायती और बेहतर ठहरने की सुविधा देने के लिए सकारात्मक पहल की है। उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति 2025 के तहत लखनऊवासियों ने बड़े पैमाने पर

- **बेड एण्ड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 के तहत बड़ी संख्या में आवेदकों ने दिखाई रुचि**
- **होटलों के विकल्प के रूप में होमस्टे होंगे नये आकर्षण के केन्द्र : जयवीर सिंह**

अपने घरों को होमस्टे के रूप में पंजीकृत कराने में रुचि दिखाई है।

पर्यटन विभाग के इस प्रयास से धार्मिक एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर आने वाले आगंतुकों को सस्ती दरों पर होटल का विकल्प उपलब्ध होगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया नई नीति से प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार होगा और स्थानीय लोगों को भी आय के नए अवसर मिलेंगे। पर्यटकों को होटल के मुकाबले सस्ती सुविधाओं के साथ पारिवारिक माहौल भी प्राप्त होगा। उन्होंने बताया, कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल रूम खाली नहीं मिलते, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नई नीति तैयार की गई है।



पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति 2025 के तहत राजधानी लखनऊ में करीब 800 होमस्टे तैयार किये जाने का अनुमान है। इतनी बड़ी संख्या में होमस्टे बनने से एक ओर पर्यटकों के ठहरने की समस्या का समाधान होगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे।

उन्होंने बताया कि इस नीति में वित्तीय प्रोत्साहन और अनुदान की भी व्यवस्था की गई है, ताकि राज्य के निवासियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे अपने घरों से आमदनी प्राप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने बताया, कि बीएंडबी एवं होमस्टे नीति 2025 के तहत अब पर्यटन स्थलों के आसपास कोई भी व्यक्ति अपने 01 से 06 कमरों तक के आवासीय भवन (जिसमें वह स्वयं निवास करता हो) को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके अंतर्गत अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। सम्पत्तिधारक द्वारा उसके आवासीय भवन के अधिकतम दो तिहाई कक्षों को ही किराये पर दिया जा सकेगा। इच्छुक आवेदक इस योजना में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। यह योजना दो श्रेणियों गोल्ड और सिल्वर में वर्गीकृत की गई है। राज्य में पहले ऐसी कोई नीति न होने के कारण होमस्टे संचालकों को केंद्र सरकार के निधि प्लस पोर्टल पर पंजीकरण कराना पड़ता था। अब राज्य सरकार की नई नीति के तहत वे स्थानीय निकायों की अनापत्ति लेकर सरल प्रक्रिया से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। ज्ञात हो कि, अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी।

# स्वदेशी उन्नत नस्ल के गोवंश की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये : धर्मपाल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाये रखने के लिए अत्यन्त आवश्यक है कि स्वदेशी गौवंश की

- **मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना का वृहद स्तर पर संचालन किया जाये**
- **लघु पशुपालन हेतु संचालित योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये**
- **अधिकारी बैंको से संपर्क स्थापित कर किसानों एवं पशुपालकों की समस्याओं का समाधान करें**

दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि की जाए और इसके लिए प्रदेश के पशुपालकों के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त स्वेदशी उन्नत नस्ल की गोवंश की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

इस हेतु प्रदेश के किसानों एवं पशुपालकों के हित में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना का वृहद स्तर पर संचालन किया जाए और योजना के तहत 10 गायों की इकाई की संख्या और बढ़ायी जाए। किसानों और पशुपालकों को साहीवाल, गिर और थार पारकर जैसी उन्नत नस्ल के गौवंश हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रदेश में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग द्वारा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाये जाने हेतु किये जा रहे कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लघु पशुपालन हेतु संचालित योजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाए। योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए और किसानों एवं पशुपालकों को जागरूक किया जाए। बकरी पालन, मुर्गी पालन, भेड़ पालन, सूकर पालन एवं अन्य योजनायें जिनसे ग्रामीण वर्ग एवं समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक उन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते हैं, उनसे लोगों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में बैठक आहूत कर पशुपालकों एवं बैंकों के मध्य आ रही विभिन्न समस्याओं के प्रकरणों का उचित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों को योजनाओं से लाभान्वित करने में कोई उदासीनता या शिथिलता न बरती जाए और उनकी समस्याओं का प्रभावी निराकरण किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि उप्र पशुधन विकास के क्षेत्र में अग्रणी प्रदेश है परन्तु प्रति दुग्ध उत्पादकता कम है और उच्चगुणवत्ता युक्त दुधारू पशुओं की कमी है। इसलिए पशुपालन के क्षेत्र में उद्यमिता विकास हेतु स्वदेशी नस्ल की गायों की अधिक से अधिक इकाई स्थापित की जाए। अधिकारी उन्नत नस्ल की गायों की संख्या में वृद्धि करें, डेयरी कार्य को उद्यमिता से जोड़ने, सीमान्त एवं लघु कृषकों/पशुपालकों को डेयरी उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करें। राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना और किसानों और पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है।

बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने मंत्री को योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना एवं लघु पशु योजनाओं के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के अधिकारी स्थानीय स्तर पर योजनाओं का नियमित रूप से प्रचार प्रसार करें, योजनाओं का अनुश्रवण करें और इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को प्रेषित करें। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्रा, पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास योगेन्द्र पवार आदि मौजूद रहे।

# शोध संस्थान, निःशुल्क कोचिंग सेंटर और आयोग भवन होंगे स्थापित : राजेश वर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक सोमवार को आयोग कार्यालय, लखनऊ में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य सूर्य प्रकाश पाल तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

बैठक में अन्य पिछड़े वर्गों के

- **पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक में लिया गया निर्णय**

उत्थान एवं विकास से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्गों के सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन के गहन अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए पिछड़ा वर्ग शोध संस्थान की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही आयोग ने निर्णय लिया कि प्रदेश के गरीब एवं जरूरतमंद अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद देने हेतु निःशुल्क कोचिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बराबरी का अवसर मिल सके।




बैठक में आयोग कार्यालय में स्थान की कमी को देखते हुए एक अलग से पिछड़ा वर्ग आयोग भवन बनाने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, जिससे पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं सुनवाई में आने वाले प्रतिनिधियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

संक्षेप

## विभिन्न कार्यक्रमों में आज शामिल होंगी विधायक मोना



प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज मंगलवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगी। वे दिन में एक बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर पार्टी के संगठन सृजन अभियान की समीक्षा करेंगी। विधायक मोना सायं चार बजे खानापटटी स्थित मदरसे में उर्स के कार्यक्रम में शामिल होंगी। साढ़े चार बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में विधायक आराधना मिश्रा दर्शन पूजन करेंगी। इसके बाद वह सांगीपुर तथा कुम्भीडीहा व देवरी में भी लोगों से मुलाकात करेंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## युवक ने की आत्महत्या, कोहराम

प्रतापगढ़। पारिवारिक कलह के चलते युवक ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के सराय जगत सिंह निवासी जीतलाल प्रजापति के पुत्र देवप्रकाश उर्फ पप्पू 39 ने सोमवार को दोपहर घर से कुछ दूर स्थित कुएं में छलांग लगा दी। गहरे पानी में समा जाने से पप्पू की मौत हो गयी। कुएं में उसके छलांग लगाते ही बदहवाश परिजन दौड़े किन्तु उसे बचा न सके। ग्रामीणों तथा फायर बिग्रेड की मशक्कत के बाद पप्पू का शव कुएं से बाहर निकलवाया जा सका। मृतक अपने पीछे एक बेटी तथा एक बेटे व पत्नी को निराश्रित छोड़ गया है। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना के बाबत अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।

## एसपी ने सुनी फरियाद



सिद्धार्थनगर। जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों की सुनवाई किया गया। गत सोमवार सितंबर को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया । जनता दर्शन में आए फरियादियों का यथा संभव सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं शिकायतों का निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया गया, उन्होंने विनम्र भावबचनो से भी फरियादियों को संतुष्ट किया गया, पुलिस अधीक्षक के व्यवहार एवं कार्य कुशलता से जनता दर्शन में आए फरियादी संतुष्ट हुए , पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बाहर आने के उपरांत कई फरियादियों ने पुलिस अधीक्षक के कार्य एवं व्यवहार कुशलता को सराहा गया, जनसुनवाई के दौरान कुल 25 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 2 भूमि विवाद व 3 मारपीट अन्य शेष 20 अन्य शिकायती प्रार्थना पत्र अन्य विवादों से सम्बंधित रहे, जनता दर्शन में उक्त प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने संबंधित को आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिए गए।

# स्कूल पर फहराया फलस्तीन का झंडा

## सात युवकों के खिलाफ केस दर्ज

लखीमपुर खीरी । जिले के फूल बेहड़ थाना इलाके के एक सरकारी स्कूल पर लगे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को हटाकर कथित तौर पर फलस्तीन का झंडा फहराने के मामले में पुलिस ने तीन नामजद और चार अज्ञात युवकों (कुल सात लोगों) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है कि बिजुआ प्रखंड के लखहा अलीगंज गांव में रविवार को सद्दाम, बऊरा और अनन्ने नाम के तीन युवकों ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर एक उच्च प्राथमिक विद्यालय की इमारत पर लगे तिरंगे को हटाकर कथित तौर पर फलस्तीन का झंडा फहरा दिया।

जब अन्य ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो उन्होंने कथित तौर पर उनके साथ गाली-गलौज और धमकी भरी भाषा का प्रयोग किया। इसी गांव के निवासी संजय त्रिवेदी ने इस संबंध में फूलबेहड़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष एसके सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (शत्रुता या वैमनस्य बढ़ाना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

दलित व्यक्ति की हत्या के जुर्म में तीन को उम्रकैद मुजफ्फरनगर। जिले की एक अदालत ने पिछले साल एक दलित व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने और उसके तीन बच्चों को घायल करने के जुर्म में सोमवार को तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता परवेंद्र कुमार ने बताया कि 14 फरवरी 2023 को जानसठ थाना क्षेत्र के राजपुर कलां गांव में राजेंद्र और उसके बेटों मोहित तथा वीरेंद्र ने संजीव वाल्मीकि नामक व्यक्ति के घर में घुसकर गाली-गलौज और गोलीबारी की थी। पुरानी रंजिश को लेकर अंजाम दी गयी इस घटना में वाल्मीकि की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा उसके तीन बच्चे घायल हो गये थे। विशेष अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति अदालत की न्यायाधीश आशारानी सिंह ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद राजेंद्र और उसके बेटों मोहित तथा वीरेंद्र को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 35-35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## महिला की हत्या के आरोप में पड़ोसी गिरफ्तार

झांसी। जिले के मऊरानीपुर इलाके में सोमवार को एक 27 वर्षीय व्यक्ति को अपनी पड़ोसी महिला की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अरविंद कुमार के अनुसार, आरोपी रफीक पुत्र पीरबख्श ने पत्नी के उसे छोड़कर जाने और हाल ही में हुए पारिवारिक संपत्ति बंटवारे में कम हिस्सा मिलने के लिए अपनी पड़ोसन उषा (42) को जिम्मेदार ठहराया। शनिवार की रात उषा बरौरी गांव स्थित अपने घर में मृत पाई गईं। पुलिस ने बताया कि रफीक ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उसने अकेले सो रही महिला की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। रफीक ने पड़ोसी उषा पर आरोप लगाया कि उसने पिछले हफ्ते उसकी पत्नी को उसके खिलाफ भड़काकर माता-पिता के घर लौटने के लिए उकसाया और संपत्ति बंटवारे के दौरान भी उसकी मां को उसके खिलाफ भड़काया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के भतीजे दिनेश रायकवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत और सबूतों के आधार पर रफीक को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# महिला थाने की पुलिस ने 7 परिवारों को बिखरने से बचाया



सिद्धार्थनगर। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के सूझ बूझ व अथक प्रयास के चलते परिवार परामर्श केंद्र/ नई- किरण टूटते परिवारो को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम के तहत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्य के नेतृत्व में 7पत्रावलियों का सफल निस्तारण कर 7 परिवारों को बिखरने से बचाया गया, जोकि प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय का उत्कृष्ट कार्य योगदान माना जा रहा है, प्राप्त खबर के अनुसार पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र /नई-किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत 07 जोड़ों के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके टूटते परिवारों को बिखरने से बचाया गया । पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में, व अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में, तथा क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में 01 सितंबर को महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया । इस आयोजन में 10 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई । जिसमें परामर्श के बाद 07 पत्रावली का सफल निस्तारण कर, 07 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 03 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 07 परिवार को बिखरने से बचाने में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय, काउंसलिंग टीम में उ0नि0 रामनारायण शुक्ला, म0हे0का0 सत्या त्रिपाठी, महिला आरक्षी नेहा सिंह, महिला आरक्षी संगीता गौतम, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी शिवानी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है।

## भगवान के नित्य स्मरण में है जीवन साधना का सुन्दर फलः डॉ. अम्बिकेश



प्रतापगढ़। रानीगंज के समीप कैथौला बाजार में गणेश पाण्डाल में हो रही श्रीराम कथा में सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास मानस रत्न डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी जी ने कहा कि श्रीराम की कृपा को प्राप्त करने के लिए जीवन की साधना में रामनाम का मंत्र जपते रहना चाहिए। उन्होने बताया कि भगवान श्रीराम समरसता तथा न्याय के दिव्य सिद्धांत हैं। कथाव्यास डॉ0 अम्बिकेश ने कहा कि मन की पवित्रता से ही भगवान के स्मरण का जीवन में सुन्दर फल मिला करता है। उन्होनें कहा कि श्रीराम जीवन को पीड़ा से मुक्ति प्रदान करते हुए कल्याण के सर्वफलदायी है। कथा के दौरान भजन गायक राजेश शुक्ला की मण्डली द्वारा श्रीराम नाम संकीर्तन में श्रद्धालुओं को भक्तिभाव में आनंदित देखा गया। कथा में भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह व संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा समाजसेवी प्रवीण सिंह ने व्यासपीठ को सम्मानित किया। संयोजक शिवपूजन जायसवाल ने कथाव्यास डॉ. अम्बिकेश का श्रद्धालुओं की ओर से सम्मान किया। इस मौके पर सत्येन्द्र सिंह सौम्य, वासुदेव जायसवाल, शांतीलाल अग्रहरि, श्रीराम जायसवाल, शिवशंकर जायसवाल, आदि रहे।

## खाद की किल्लत को लेकर गरजे किसान



प्रतापगढ़। यूरिया खाद की किल्लत तथा नहरों में टेल तक पानी न होने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को अन्नदाता किसान यूनियन भारत ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव भानु प्रताप सिंह तथा जिला महासचिव राजू गौतम की अगुवाई में किसानों ने सभागार के सामने सभा कर किसानों के उत्पीड़न पर संघर्ष का ऐलान किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन ने यूरिया खाद के अभाव में फसल नुकसान तथा खाद की कालाबाजारी के समाधान पर कार्रवाई की मांग उठाई। वहीं छुटटा मवेशियों से फसल नुकसान व फसलों की सिंचाई के समय नहरों में पानी न आने का भी मुददा किसान नेताओं ने जोरशोर से उठाया। किसान नेताओं ने किसानों के बढ़े हुए बिजली बिल के जरिए भी जुमार्ने के नाम पर उत्पीड़न पर भी रोक लगाने की मांग उठाई है। महासचिव भानु प्रताप सिंह ने प्रशासन को आगाह किया कि समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। संचालन जिला महासचिव राजू गौतम ने किया। इस मौके पर अरविंद कुमार सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, शिवाकांत पाण्डेय, माले खां, शंकरलाल वर्मा, रामसजीवन विश्वकर्मा, नीतू गौतम आदि रहे।

# महात्मा बुद्ध की धरती पर बिताये पल अविस्मरणीय रहेंगेः निवर्तमान एसपी



श्रावस्ती। निवर्तमान पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया का जनपद लखनऊ में स्थानांतरण होने पर पुलिस लाइन भिनगा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यकाल में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए नागरिक-अनुकूल पुलिसिंग की मिसाल प्रस्तुत की है। उनके नेतृत्व में जिला व पुलिस प्रशासन ने मिलकर अपराध नियंत्रण, लोकसभा निर्वाचन-2025, आपदा प्रबंधन, महिला- बाल सुरक्षा तथा सड़क सुरक्षा अभियान जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि बीट प्रणाली सुदृढ़ीकरण और जनचौपाल जैसी पहल से जनता की समस्याओं के समाधान में गति आई। जिलाधिकारी ने एसपी के अनुशासन, टीमवर्क और नवाचार की प्रशंसा करते हुए चार पंक्तियों की कविता भी समर्पित की। इस अवसर पर निवर्तमान पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध की धरती श्रावस्ती में बिताए पल अविस्मरणीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन कर जनपद की कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाएं। समारोह में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम, उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अंत में सभी ने फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर पुलिस अधीक्षक को सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं, दिए निर्देश



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की व्यथा-कथा सुनी। उन्होंने प्राप्त अभ्यावेदन पर गहन अनुसंधान कर संबंधित विभागों को तत्काल निर्देश प्रदान किए। इस दौरान कुल नौ शिकायतें दर्ज हुईं, जो विभिन्न महकमों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समुचित और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई, शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, समयबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक शिकायत का संतोषजनक निस्तारण कर जनता को न्यायोचित राहत उपलब्ध कराना प्रशासन का दायित्व है।

## श्रीगणेश उत्सव में उमड़े श्रद्धालु



प्रतापगढ़। भगवान श्रीगणेश उत्सव को लेकर पूजा पाण्डालों में भक्तों का तांता लगा हुआ दिख रहा है। लालगंज नगर पंचायत के घुइसरनाथ रोड पर गणेश महोत्सव में पांचवे दिन रविवार की देर रात भजन संकीर्तन व आरती पूजन में भक्तों को भावविभोर देखा गया। पाण्डाल में आचार्य विनय शुक्ल के मंत्रोच्चारण के साथ गजानन भगवान का स्मरण कर भक्तों ने दुर्वा अर्पित की। वहीं भक्तों ने विघ्नहर्ता का पूजन वंदन और आरती भी मनोभाव से किया। भगवान मंगलमूर्ति के पूजा उत्सव में नगर पंचायत के चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल सामूहिक आयोजन में शामिल हुए। भगवान गणपति की विशेष पूजा अर्चना में महिला श्रद्धालुओं ने भी भजन में संगत देख माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजन संध्या का संचालन उद्योग व्यापार मण्डल के महामंत्री राजकुमार मिश्र व संयोजन भोला एवं अशोक तथा कर्मराज ने संयुक्त रूप से किया। सह संयोजक धीरेन्द्र शुक्ल ने आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया। इस मौके पर अवनीश शुक्ला, राज मोदनवाल, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, एसएन त्रिपाठी, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, वीरेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, विनय पाण्डेय, सोनू मिश्र, महेन्द्र मिश्र आदि रहे।

# शिक्षकों-छात्रों ने संकल्प दिवस पर लिया स्वाभिमान संकल्प



कटरा, श्रावस्ती। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ श्रावस्ती द्वारा सोमवार, 1 सितंबर को संकल्प दिवस मनाया गया। शिक्षा क्षेत्र इकौना के प्राथमिक विद्यालयों में ₹हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान₹ कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों एवं बच्चों ने मिलकर पांच बिंदुओं पर साझा संकल्प लिया।

संकल्प में विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित और प्रेरणास्पद बनाए रखने, विद्यालय संपदा, संसाधन और समय को राष्ट्र धन मानते हुए उनका संरक्षण एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने का निर्णय लिया गया। साथ ही भेदभाव रहित विद्यालय बनाने, शिक्षा को चरित्र निर्माण, आत्म विकास, समाज सेवा का सशक्त साधन मानकर कार्य करने तथा विद्यालय को केवल संस्था नहीं बल्कि संस्कार, सेवा और समर्पण का तीर्थ मानकर उसका गौरव बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहने का वचन लिया गया। पीएम श्री विद्यालय कटरा गुलरिहा, कंपोजिट विद्यालय विदुहनी, महरौली, बगहा, झब्बापुरवा, लक्ष्मणपुर और विशुनपुर सहित 80% विद्यालयों में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष नीलमणि शुक्ल ने बताया कि जनपद के 984 विद्यालयों में से 814 विद्यालयों में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद शिक्षकों ने उत्साह, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य, उपयोगी शिक्षा, समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण वातावरण के लिए निरंतर प्रयासरत रहना ही महासंघ का मुख्य उद्देश्य है।

# नवागंतुक एसपी ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं



श्रावस्ती। नवागत पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की विभिन्न शिकायतों एवं ज्वलंत समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के अवसर पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों में 01 जमीनी विवाद, 01 मारपीट विवाद, 01 पारिवारिक विवाद तथा 02 अन्य विषयों से संबंधित कुल 05 आवेदनपत्र सम्मिलित हुए। प्रत्येक शिकायत पर विधिक परामर्श लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानाध्यक्षों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनहित, न्यायसंगत कार्यवाही, पारदर्शिता, संवेदनशीलता, अनुशासन, परिश्रम, ईमानदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित फरियादियों ने प्रशासनिक तत्परता, त्वरित संज्ञान, मानवीय दृष्टिकोण और सहज संवाद के लिए पुलिस अधीक्षक का आभार जताया।

## चार शातिरों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

प्रतापगढ़। एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान की हनक में लालगंज कोतवाली पुलिस चार चार शातिर अर्न्तजनपदीय बदमाशों पर गैंगेस्टर का शिकंजा कसते हुए तेवर में दिखी है। गैंगेस्टर एक्ट की जद में आये सरगना समेत चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, लूट तथा आर्म्स एक्ट व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के गंभीर आपराधिक केस दर्ज है। चार बदमाशों पर लालगंज पुलिस के द्वारा गैंगेस्टर की कार्रवाई से अपराधजगत की घिग्घी बंधने की ओर है। लालगंज कोतवाल प्रदीप कुमार ने कोतवाली लालगंज के चोरी की कई घटनाओं में आरोपी शातिर बदमाश गैंग सरगना मेढ़ावां निवासी पंचलाल वर्मा पुत्र देवतादीन तथा सराय जगत सिंह निवासी अमृतलाल पुत्र जियालाल व कटरा दुग्धा निवासी अनिकेत पटेल पुत्र संतोष एवं सलेम भदारी निवासी रंजीत सरोज पुत्र राजाराम के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार के जुर्म और जरायम पर लगातार कसी जा रही नकेल को लेकर लालगंज पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई है। गैंग सरगना पंचलाल के खिलाफ लालगंज, कोतवाली नगर, उदयपुर, महेशगंज, कन्धई, नबाबगंज, सांगीपुर, में विभिन्न वारदातों को लेकर उन्तालिस मुकदमें दर्ज हैं। वहीं आरोपी अनिकेत पटेल के खिलाफ आर्म्स एक्ट व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तीन व आरोपी अमृतलाल के खिलाफ चार एवं आरोपी रंजीत सरोज के खिलाफ पांच आपराधिक केस दर्ज हैं। एएसपी पश्चिमी संजय राय तथा लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र के सख्त पर्यवेक्षण में इन सभी शातिर बदमाशों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी है।

# बरखा बनी संजीवनी, किसानों में हर्ष

एस.पी.सिंह/मोहम्मद सुहेल



**श्रावस्ती।** जनपद में लंबे समय से झेल रहे सूखा जैसी परिस्थिति ने किसानों की चिंता को गहरा कर दिया था। नमी रहित खेत, धूल उड़ाती पगडंडी, सूखे पत्तों से भरी मेड़ और आसमान की ओर टकटकी लगाए किसान सब्र कर रहे थे। तभी 1 सितम्बर को भोर से ही शुरू हुई मूसलाधार वर्षा ने जैसे हर चेहरे पर जीवनरस की मुस्कान लौटा दी। किसान मुन्ना सिंह बताते हैं अब तक धान और गन्ने की फसल 30 प्रतिशत तक नुकसान झेल चुकी है। समय से बारिश न होने के कारण हमारी मेहनत, उर्वरक, बीज और खाद सब व्यर्थ होते नजर आ रहे थे। लेकिन आज की झमाझम वर्षा ने नई आशा जगा दी है। हमें उम्मीद है कि बच्चों के लिए अनाज बाजार से खरीदने की नौबत नहीं आएगी। भले ही मुनाफा कम होगा, लेकिन पेट भरने लायक उपज मिल जाएगी। सुबह से ही इकौना, गिलौला, भिनगा, वीरपुर, परशुराम गंज, तिलकपुर, कटरा क्षेत्रों में निरंतर वर्षा होती रही। खेतों की मिट्टी में सोंधी सुगंध फैल गई, चारों ओर हरियाली का विहंगम नजारा दिखाई देने लगा। तालाब, कुएँ, नहर, पक्की सड़कें और कच्चे रास्ते जलराशि से लबालब हो उठे। पशु-पक्षी, खेतिहर मजदूर सब इस परिवर्तन से प्रफुल्लित हो उठे। किसानों का कहना है कि समय पर मेघकृपा न होने से उनकी लागत और परिश्रम का प्रतिफल काफी घट गया है। यदि जुलाई में ही ऐसी वर्षा होती तो धान की बाली, गन्ने की डंठल और सब्जियों की लहलहाहट कहीं अधिक होती। परंतु देर से आई बरखा ने संकट को कुछ हद तक टाल दिया है। किसान बड़कऊ सिंह भावुक स्वर में कहते हैं हम किसान धरती के बेटे हैं। जब आकाश रूठता है, तब हमारा भंडार खाली रह जाता है। इस बार इंद्रदेव की देर से मिली कृपा ने हौसला तो बढ़ाया है।₹ बारिश से खेतों की दरारें भर गईं, धान की पौध में फिर से ताजगी लौट आई और गन्ने की पत्तियाँ चमकने लगीं। गाँव के चौपाल, खलिहान, पगडंडी और खेत-खलिहान, सब जगह चर्चा का विषय यही रहा कि झ₹मेघों की बरसात ने किसानों को नया जीवन दे दिया है।₹ इसी बीच स्कूल से लौटते नन्हें-मुन्नों की ठिठोली किसी उत्सव से कम नहीं रही। मूसलधार वर्षा में भीगते हुए वे सड़क किनारे बने गड्ढों में छपाछप करते, हँसी-ठिठोली करते दौड़ते रहे। उनकी खिलखिलाहट और चंचलता ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldaonline.co.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामाकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री मदन लाल | आश्रयहीन भवन सं.- 8/332 रजनी खण्ड | शारदा नगर योजना | 19.01.2002 | श्रीमती रामावती | श्री सिकन्दर<br>आशीष कुमार<br>मोहित कुमार<br>वन्दना कुमारी | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्री |
| 2 | स्व. प्रमोद कुमार मिश्रा | भवन सं.- ES-IB/463 सेक्टर-ए | सीतापुर रोड योजना, लखनऊ | 15.07.2014 | 1. श्रीमती प्रभा मिश्रा (पत्नी) | 1. श्री देवांश मिश्रा (पुत्र)<br>2. श्रीमती प्रियंका मिश्रा (विवाहित पुत्री)<br>3. श्री हिमांशु मिश्रा (पुत्र)<br>4. श्रीमती सीमा मिश्रा (विवाहित पुत्री) | पति |
| 3 | स्व. बिजेन्द्र कुमार अग्रवाल | भूखण्ड सं.- बी-1/76 | विश्वास खण्ड गोमतीनगर योजना | 23.10.2015 | 1. श्री संजय कुमार अग्रवाल<br>2. श्री संदीप अग्रवाल (पुत्र) | श्रीमती शालिनी भंडारी | पुत्री |
| 4 | श्री सुरेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व. शर्मनलाल | भवन सं.-6/401 से.-6 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ | गोमतीनगर विस्तार योजना | 18.02.2021 | श्री अरूण दीप सिंह<br>श्री आकाश दीप सिंह | –<br>– | पुत्र<br>पुत्र |
| 5 | स्व. श्रीमती वासिफ मालिकी | भूखण्ड सं.- डी-31 | महानगर विस्तार योजना | 20.05.2008 | श्रीमती नसीम मालिकी-पुत्रवधू, श्री फैजान मालिकी-पौत्र एवं श्रीमती आफरीन-पौत्री, पुत्रवधू/पौत्र/पौत्री स्व. श्रीमती वासिफ मालिकी | – | पुत्रवधू/पौत्र/पौत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

संक्षेप

## कूड़े का ढेर, सफाई व्यवस्था लड़खड़ायी



मझगांवा,गोरखपुर। गगहा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत करवल ऊर्फ मझगांवा के नर्रे मझगावा मार्ग पर स्थित यादव काम्प्लेक्स के सामने सड़क से सटे कूड़े का ढेर लगा है जबकि जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गगहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करवल ऊर्फ मझगांवा के नर्रे मझगावा मार्ग पर स्थित यादव काम्प्लेक्स के सामने व सड़क के किनारे कूड़े का ढेर लगा है व सम्बंधित विभाग के कर्मचारी की उदासीनता का ध्यान जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं। करवल मझगांवा के मझगांवा नर्रे मार्ग पर सड़क के किनारे व काम्प्लेक्स के सामने लगा कूड़े का ढेर संक्रामक रोग फैल सकती है।क्षेत्र के राकेश कुमार सिंह के बताया कि बारिश का समय है, बारिश से कूड़े के ढेर से मच्छर पनपेंगे जिससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनेगी।जिम्मेदारो को इस पर ध्यान देना चाहिए। क्षेत्र के मनीष शाही ने बताया कि काम्प्लेक्स में ग्राउंड में लगने वाले दुकानदारों से कूड़ा इकट्ठा हो रहा है जबकि उन्हें कूड़े का उचित प्रबंध करना चाहिए।

## मेडिकल की छात्रा गायब

सहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के फत्तेपुर में किराये का कमरा ले मेडिकल कालेज में पढ़ने वाली छात्रा का परिजनो से मोबाइल का सम्बन्ध टूट जाने से छात्रा की माँ ने लिखित तहरीर देकर चिलुआताल पुलिस को अवगत करायी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। कुसीनगर जिले के ग्राम सभा सागर पोष्ट खानू छपरा निवासी अनामिका सिंह पत्नी प्रदीप राव ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई की 28 अगस्त को सुबह मेरी उन्नीस वर्षिय बेटी अपने कमरे से कालेज के लिये निकली।तभी से उसका कुछ पता नही चल रहा है। तभी से उसका मोबाइल भी स्वीच आफ बता रहा है। अगल बगल के लोगो से पूछताछ में पता चला कि बेटी कुसीनगर जिले के बिहारी छपरा पोष्ट खजुरी निवासी रजत मिश्रा के सम्पर्क में रहती थी पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## दरोगा पर हमला करने वाले को जेल

गोरखपुर। खोराबार पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश की, जहा से उसे जेल भेज दिया गया। रविवार की देर शाम क्षेत्र गस्त कर रहे हल्का दरोगा और सिपाही पर अभियुक्त ने जानलेवा हमला किया था मामले में पुलिस कांस्टेबल राजेश के तहरीर पर खोराबार गांव के घुठठ टोला निवासी दुर्गेश पासवान पुत्र खुबलाल पासवान के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 121(2), 118(2), 132, 109 तथा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम विभा बंसल से बदल कर विभा अग्रवाल रख लिया है। अब मुझे विभा अग्रवाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। **विभा अग्रवाल पत्नी तुषार अग्रवाल 299 तामसेनगंज शहर कोतवाली सीतापुर।**

**न्यायालय सूचना**

**नोटिस निस्वत दिखाने वजह के (आम तौर पर) व अदालत श्रीमान सिविल जज (सी.डि.). आगरा।**

**उत्तराधिकार प्रमाणपत्र केस संख्या 200/2025**

श्री केशव लाल श्रीवास्तव पुत्र श्री बंशीलाल श्रीवास्तव, निवासी- 109, परमार्थ अपार्टमेंट, विकासपुरी, न्यू देहली, वेस्ट देहली, देहली-110018, हाल निवासी- 107, नवभारत अपार्टमेंट, दयालबाग, आगरा। उम्र करीब 78 वर्ष। ...... **प्रार्थी**

**बनाम**

श्री अनुपम श्रीवास्तव पुत्र श्री केशवलाल श्रीवास्तव, निवासी- टॉवर ए-1503, 15एफ, हवेला वैलेनोवा पार्क, प्लाट सीपी- जी.एच-05ए, टेक जोन 4 हवेला, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सेक्टर-1, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.-201318 ...... **विपक्षी**

दरख्वास्त वास्ते कि स्व. कमलेश कुमारी श्रीवास्तव पुत्री श्री बंशीलाल श्रीवास्तव निवासी- 107, नवभारत अपार्टमेंट, दयालबाग, आगरा की मृत्यु दिनांक 21.04.2024 के द्वारा छोड़ी गई टी.डी.ए. एवं बचत खातों में जमा धनराशि की प्राप्ति हेतु प्रस्तुत की है। हरगाह मुसम्मी प्रार्थी दरख्वास्त सनाअत जैर वास्ते मुकर्रिर हुई है लिहाजा यह इस्तहार जारी किया जाता है कि निश्चित दरख्वास्त के उजर को असालतन या मार्फत वकील के बवक्त 10 बजे सुबह अदालत व तारीख 18 माह 9 / 2025 मुकर्रिर हाजिर होकर अपना उजर पेश करें, हुक्म मुनासिब निश्चित दरख्वास्त के मन्जूर होगा।

आज व तारीख 28 माह 8 सन 2025 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत मोहर से जारी किया गया।

**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी.डि.)**

# सीएम करेंगे कोका कोला के बॉटलिंग प्लांट का शिलान्यास

- **700 करोड़ रुपये के निवेश से 1200 लोगों के लिए प्रशस्त होगा रोजगार का मार्ग**
- **4 सितंबर को शिलान्यास संभावित, प्लास्टिक पार्क में तीन यूनिट्स के लोकार्पण, सेक्टर 27 में तीन यूनिट्स के शिलान्यास की भी तैयारी**



जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** मल्टीनेशनल कंपनी पेप्सिको के बाद कोका कोला का बॉटलिंग प्लांट भी गोरखपुर में लगने जा रहा है। यह प्लांट अमृत बॉटलर्स द्वारा 700 करोड़ रुपये के निवेश से लगाया जाएगा। गीडा के सेक्टर 27 में कोका कोला के बॉटलिंग प्लांट की स्थापना के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास 4 सितंबर (गुरुवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होना संभावित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ रुपये के निवेश से बनी तीन औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण, 640 करोड़ रुपये के निवेश वाली तीन यूनिट्स का शिलान्यास, औद्योगिक भूमि के आवंटन पत्र का वितरण, 400 करोड़ रुपये की लागत वाली कालेसर आवासीय योजना सेक्टर 11 के आवंटन पत्र का वितरण, सीईटीपी व सीपेट का शिलान्यास और 281 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाना भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री निजी क्षेत्र व गीडा की कुल मिलाकर 2251 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) देश के टॉप इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन में अपना स्थान सुनिश्चित कर रहा है।

बीते पांच सालों में करीब दस हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का धरातल पर उतरना और चालू वित्तीय वर्ष में 5800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव होना इसका प्रमाण है। गीडा क्षेत्र औद्योगिक निवेश के लिए देश ही नहीं विश्व स्तर के औद्योगिक घरानों को पसंद आ रहा है। मल्टीनेशनल पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेजेज का 1100 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित बॉटलिंग प्लांट यहां पहले से उत्पादनरत है। अब कोका कोला का प्लांट भी लग जाएगा। इसके लिए गीडा प्रबंधन ने अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर 27 में 40 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। पहले चरण में यहां 700 करोड़ रुपये के निवेश से 3000 बोतल प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाया जाएगा। इस प्लांट में कोका कोला ग्रुप के थम्सअप, फैंटा, स्प्राइट, माजा ब्रांड के पेय पदार्थ और किनले ब्रांड के बॉटल वाटर का उत्पादन किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में करीब 1200 लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार मिलने का अनुमान है।

केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने देशभर में जिन 10 प्लास्टिक पार्कों की स्थापना की मंजूरी दी है, उनमें उत्तर प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क गीडा क्षेत्र में 88 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया गया है। यहां प्लास्टिक उत्पादों की कुल 92 यूनिट्स स्थापित होनी हैं जिसके सापेक्ष करीब पांच दर्जन यूनिट्स के लिए जमीनों का आवंटन हो गया है। उद्यमियों के रुझान को देखते हुए यह देश का सर्वाधिक सफल प्लास्टिक पार्क साबित हो रहा है। यहां कई इकाइयों में उत्पादन शुरू हो गया है जिनमें से 120 करोड़ रुपये के निवेश से क्रियाशील तीन यूनिट्स का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होना संभावित है। लोकार्पित होने वाली यूनिट्स में से एक देश की प्रमुख प्लास्टिक पैकेजिंग कंपनी टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड भी है। टेक्नोप्लास्ट ने 96 करोड़ रुपये के निवेश से 250 लोगों को रोजगार भी दिया है। लोकार्पित होने जा रही दो अन्य कंपनियों ओमफ्लेक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 17 करोड़ रुपये और गजानन पाली प्लास्ट में 7 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

गीडा ने सेक्टर 27 में तीन निजी इकाइयों एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, ग्रीनटेक भारत प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएमजी ग्रुप) और कपिला कृषि उद्योग को जमीन आवंटित की गई है। इन तीनों यूनिट्स के जरिये 640 करोड़ रुपये का निवेश किया जाना प्रस्तावित है। इनके धरातल पर उतरने से करीब 1200 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री के आगमन पर इन तीनों इकाइयों का शिलान्यास भी प्रस्तावित है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (सीपेट) का स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी (कामन फैसिलिटी सेंटर) की स्थापना होने जा रही है। इसके निर्माण पर 16 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सीपेट सेंटर के लिए गीडा द्वारा पांच एकड़ भूमि निशुल्क दी गई है। गीडा प्रबंधन इसका शिलान्यास भी मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कराने की तैयारी में है।

गीडा में औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट उपचार हेतु अड़िलापार में 11.15 एकड़ क्षेत्रफल के 93.52 करोड़ रुपये की लागत से सीईटीपी (कामन एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है। 4 एमएलडी क्षमता के इस प्लांट का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाना है।

गीडा द्वारा विभिन्न सेक्टर्स 281 करोड़ रुपये की अवस्थापना विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी होना है। इसमें गीडा क्षेत्र में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं जैसे सड़क, नाली, पुलिया, स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत तंत्र के निर्माण से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

## फलदार पौधों का पौधरोपण प्रशांत फाउंडेशन ने किया



इटावा। प्रशांत फाउंडेशन द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु विगत कई वर्षों से चलाए जा रहे वृक्षदान महाअभियान, मिशन ग्रीन अर्थ, मिशन हरियाली, मिशन त्रिवेणी, जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के तहत वरिष्ठ पत्रकार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रबुद्ध यादव के डॉ. मदन यादव को 87 औषधीय एवं फलदार पौधों का पौधारोपण कार्यक्रम जसवंतनगर के नगला हरे गाँव में किया गया। प्रशांत फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद् डॉ. हेमंत यादव ने कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में जब वन क्षेत्र का निरंतर ह्रास होता जा रहा है। तब सम्पूर्ण समाज को इस तरह के वृक्षदान एवं पौधारोपण आयोजनों से सीख लेने की आवश्यकता है। समाजसेवी कौशलेन्द्र यादव ने फाउंडेशन द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु विगत कई वर्षों से चलाए जा रहे वृक्षदान महाअभियान की तारीफ करते हुए एवं बधाई देते हुए, कहा है कि सम्पूर्ण धरा और प्रकृति को सुरक्षित व संतुलित रखने हेतु हमें पौधा रोपण के प्रति लोगों को सजग बनाना होगा। फाउंडेशन के संस्थापक रुद्राक्षमैन डॉ. रिपुदमन सिंह ने एक बार फिर से लोगों को पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के प्रति जागरूक एवं सचेत किया है। कार्यक्रम में अशोक यादव, सुमित यादव व विमलेश यादव आदि उपस्थित रहें।

## किसानों को खाद मुहैया कराये प्रशासन : आशुतोष दीक्षित



इटावा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने ग्राम निवाड़ीकलां के किसानों की सुविधा एवं हितों को ध्यान में रखते हुए एक सूचना पत्र जनपद के सहायक निबंधक, सहकारिता को देते हुए अवगत कराया कि विकास खंड महेवा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के सहकारी संघ निवाड़ी कलां एवं किसान सेवा-सहकारी समिति निवाड़ी कलां अहेरीपुर जिसका संचालन ग्राम मुकुटपुर से किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार उपरोक्त समिति का संचालन सहकारी संघ निवाड़ी कलां से होना चाहिये। सबसे बड़ी बात निवाड़ी कलां में दो समितियां हैं। उपरोक्त क्षेत्र के करीब एक सैकड़ा ग्रामों के किसानों को खाद यूरिया डीएपी के लिये भटकना पड़ रहा है। जिससे इन एक सैकड़ा ग्रामों के किसानों की बाजरा, धान, सब्जियों की फसलें बुरी तरह से प्रभावित हो रहीं हैं। यदि समय से किसानों को खाद नहीं मिलेगी तो उपज उत्पादन पर गहरा असर पड़ेगा। किसानों से जुड़े इससे कार्य में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मो. राशिद, पीसीसी मेंबर कोमल सिंह कुशवाह, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पल्लव दुबे, वाचस्पति द्विवेदी, प्रेरणा जुबैरी, प्रदीप द्विवेदी, अनुराग कण आदि उपस्थित रहे।

## करमगंज में रात को संदिग्ध महिला दिखी

इटावा। शहर के करमगंज वार्ड पुराना बस स्टैंड में मध्य रात्रि उस समय हड़कंप मच गया जब वार्डवासियों ने एक महिला को टॉर्च की रोशनी में गलियों में घूमते देखा। घटना शनिवार करीब बीती रात की है। महिला की संदिग्ध गतिविधियों से सतर्क हुए लोगों ने शोर मचाया तो पूरा मोहल्ला चैकन्ना हो गया। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस जांच पड़ताल में महिला मानसिक विक्षिप्त पाई गई। चोर को सूचना पर लोग लाठी-डंडे लेकर घरों से बाहर निकल आए और महिला को चोर समझकर पकड़ लिया। इस दौरान हाथापाई की नौबत तक आ गई। हालात बिगड़ते देख मोहल्ले वालों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और भीड़ से महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। पूछताछ में पुलिस ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है और उसका किसी भी चोरी गिरोह से संबंध नहीं है। हालांकि मोहल्ले के शिवराम, माया देवी, सियाबती देवी समेत कई लोगों का कहना था कि महिला जनपद में सक्रिय किसी गिरोह की सदस्य हो सकती है। वहीं पुलिस ने जनपद में किसी गिरोह की गतिविधि न होने की बात दोहराई।घटना के बाद रात करीब दो बजे तक क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। लोग अपनी सुरक्षा और सामान को लेकर चैकसी करते रहे और कई घरों के लोग लाठी-डंडे लेकर देर रात तक गली-मोहल्लों में गश्त करते नजर आए।

## पीस कमेटी की बैठक



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों बारावफात एवं गणेश मूर्ति विसर्जन को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था आदि के लिए सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी धर्म के गुरुओं, महन्तो एवं मौलवियों तथा नागरिकों आदि ने अपनी-अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने जनपद वासियों से गणेश मूर्ति विसर्जन एवं बारावफात को शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के पूर्व सारी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने त्योहारों के दौरान अराजकतत्वों से कड़ाई से निपटने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल एवं मस्जिदों पर साफ-सफाई, बिजली एवं पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ ही उन्होंने कहा कि कोई नई परंपरा न लागू की जाए। उन्होंने छुट्टा गोवंश को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि उनको पकड़वाकर नजदीकी गौशाला में भिजवाया जाए।

# परंपरागत ढंग से मनायें त्यौहार, नयी परंपरा नहीं शुरू की जायेगी



गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में महानगर शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि बैठक में शांति सद्भावना समिति के सदस्यों द्वारा जो समस्याएं बताई गई है, उन्हें संबंधित विभाग तत्काल प्रभाव से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि आगामी पर्वो में किसी भी प्रकार की नई परम्परा शुरू ना किया जाये। शान्तिपूर्ण ढंग से प्रशासन का सहयोग करते हुए परंपरागत रूप से जुलूस निकाला जाये। किसी भी प्रकार भी व्यवधान अथवा शांति में खलल पैदा करने वाले असामाजिक तत्वों की तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दें। ताकि त्वरित कार्यवाही करके किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को तत्काल रोका जा सके। बैठक में शान्ति एवं सद्भावना समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव एवं समस्या बताने पर जिलाधिकारी महोदय ने सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों एवं सामाजिक सद्भावना बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा तथा कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने आम जन से अपील किया कि अफवाहों पर ध्यान न दें तथा शांति समिति के सदस्य भी तत्काल अफवाहों का खण्डन करें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रूटो पर नालों की साफ सफाई, अपशिष्ट निस्तारण, छुट्टा पशु सड़को पर इधर उधर न घुमे तथा लाइट आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन रूटो पर जुलूस निकलता है वहां पर स्वयं स्थलीय निरीक्षण करके लटके हुए जर्जर तारों को दुरुस्त करायें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनव त्यागी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिगत सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाये। इस पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जुलूसों में जिन वाहनो में डीजे लगाये जाये उनकी उंचाई मानक के अनुसार हो और डीजे पर किसी भी प्रकार का सौहार्द बिगाड़ने वाले गाने व नारे न लगाये जायें। उन्होंने कहा कि पंडालों पर सीसी टीवी कैमरा अवश्य लगवाये। जुलूसों में जिन सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाये वहां अवश्य उपस्थित रहें। बैठक में विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारीगण के साथ शांति एवं सद्भावना समिति के सदस्य सरदार बलवीर सिंह, आदिल अमीन, अचित लाहिरी, मुर्तुजा हुसैन रहमानी सहित सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहें।

# पीएसी आरक्षी की हादसे में मौत

जिला संवाददाता

**गोला,गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं उनके साथ पीछे बैठा पीआरडी जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना बेलीपार थाना क्षेत्र में सुबह करीब 9:30 बजे हुई। घायल पीएसी जवान की पहचान गोला क्षेत्र के खिरकिटा दूबे गांव निवासी अभिषेक दूबे (27) के रूप में हुई। वहीं पीछे बैठे पीआरडी जवान ने अपना नाम मार्कंडेय बताया। घायलावस्था में दोनों को पुलिस की मदद से एंबुलेंस में लादकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि सीने में गंभीर चोट लगने की वजह से पीएसी जवान का फेफड़ा डैमेज हो गया है। यह कहते हुए बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अभी उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाने की तैयारी चल ही रही थी, तब तक उनकी मौत हो गई। पीएसी जवान की इसी साल 1 मई को तिलक और 8 मई को शादी हुई थी।जिसके बाद पीएसी जवान का शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- घटना के बाद पीएसी जवान काफी देर तक दर्द से तड़पता रहा, बार-बार वह पानी मांग रहा था। वहीं पीआरडी जवान का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। गोला क्षेत्र के खिरकिटा दूबे गांव के अभिषेक दूबे 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा में आरक्षी पद पर तैनात थे। जहां से गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में उन्हें भेजा गया था। सोमवार को वह अपने घर से गोरखनाथ मंदिर जाने के लिए बुलेट से निकले थे। सुबह करीब 9 बजे वह घर से निकले रास्ते में उन्हें बेलीपार थाने का पीआरडी जवान मार्कंडेय मिल गया। अभिषेक ने उन्हें भी अपनी बुलेट पर पीछे बैठा लिया। बेलीपार थाने से थोड़ा पहले महावीर छपरा के पास अचानक सड़क पर तेज रफ्तार बुलेट डिवाइडर पर चढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- इस दौरान बुलेट का स्लेटर फंसकर तेज हो गया था। जिससे डिवाइडर पर काफी दूर तक बुलेट तेज रफ्तार में दौड़ती रही। वहीं अभिषेक चाह कर भी बुलेट नियंत्रित नहीं कर पाए। इसके बाद बुलेट से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।आस-पास के लोगों ने अभिषेक को घायलावस्था में डिवाइडर पर ही लेटा दिया। इसके बाद बेलीपार पुलिस को कॉल किया। सूचना मिलने के 10 मिनट के अंदर ही थानेदार विशाल सिंह वहां पहुंचे और एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। विशाल सिंह ने बताया- मैं जब घटना स्थल पर पहुंचा तब, पीएसी जवान होश में थे। वह बार-बार पानी मांग रहे थे। पीएसी जवान अभिषेक ने ही अपने घर का एक नंबर दिया। उस नंबर पर कॉल करने पर रिसीव नहीं हुआ।इसके बाद अपने मोबाइल से गांव के ही दूसरे व्यक्ति का नंबर दिया। उस पर कॉल रिसीव हो गई। इसके बाद परिवार के लोगों से बात हुई। उन्हें घटनाक्रम बताते हुए जिला अस्पताल बुलाया गया।

# जैन मंदिरों मे उत्तम सत्य धर्म का आयोजन



इटावा। पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, एस.डी. फील्ड दिगंबर जैन मंदिर फूलन देवी डाडा में चल रहे दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत सत्य धर्म के दिन विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। प्रथम अभिषेक स्वर्ण कलश से किया गया। इसके पश्चात चार रजत कलशों से श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा चक्रेश जैन, दिलीप जैन, मुकेश, टिंक्कल, टिल्लू, सुदीप एवं पूसी जैन द्वारा सम्पन्न की गई। इस अवसर पर देव-शास्त्र-गुरु पूजन, नित्य नियम पूजन, सोलह कारण पूजन, पंचमेरु पूजन एवं दशलक्षण पर्व की विशेष पूजन भी विधिवत सम्पन्न हुई। पूजन में सरला जैन, गैस वाली माताजी, सुमन जैन, अंजू, माया जैन आदि महिलाओं ने सहभागिता की। रात्रि में शास्त्र वाचन एवं स्वाध्याय का आयोजन हुआ। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में चन्दनबाला, आचार्य मानतुंग, सेठजी आदि के किरदार निभाकर उपस्थित जनसमूह से खूब सराहना प्राप्त की। बच्चों के मेकअप एवं तैयारी में साक्षी जैन, तौसी एवं मुस्कान जैन की भूमिका सराहनीय रही।

# विरोध प्रदर्शन में भाजपा व कांग्रेस में हुई भिड़ंत

- **दोनों की ओर से चले ईंट-पत्थर, भाजपा महिला घायल**
- **एक दर्जन से अधिक हुए कांग्रेस गिरफ्तार**
- **एसपी सिटी, सीओ सिटी व शहर कोतवाल की सूझबूझ से बड़ी घटना टली**



इटावा। पीएम मोदी की मां पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेसियों और अराजक तत्वों ने मिलकर पथराव कर दिया, जिसमें सदर विधायक सरिता भदौरिया के कंधे पर ईंट लग गई। हालांकि, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता व शिवमहेश दुबे ने उनके सिर को ढककर बड़ी अनहोनी होने से बचा लिया वहीं एसपी सिटी, सीओ सिटी व शहर कोतवाल की सूझबूझ से बड़ी घटना टली पथराव से कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए, जबकि कई लोग बाल-बाल बचे। अचानक हुए हमले से गुस्साए भाजपाई नगर पालिका गेट के बाहर ही सड़क पर धरने पर बैठ गए और कांग्रेस मुर्दाबाद व राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक सरिता भदौरिया ने आरोप लगाया कि यह हमला साजिश के तहत उनकी हत्या की नीयत से किया गया था। उन्होंने सभी हमलावरों के खिलाफ धारा 307 और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। धरने में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता और दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। उनका कहना था कि जब तक कांग्रेसियों और अराजक तत्वों की गिरफ्तारी नहीं होती, धरना जारी रहेगा। मामला तूल पकड़ता देख एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, एसडीएम सदर विक्रम राघव और एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, सीओ सिटी अभय नरायन राय, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने भाजपाइयों को आश्वासन दिया कि पथराव करने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने भाजपाइयों को नगर पालिका परिसर के भीतर पहुंचाया और छत पर एकत्रित होकर पथराव करने वाले कई कांग्रेसियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए कांग्रेसियों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मो. राशिद, पूर्व अध्यक्ष मलखान सिंह, पल्लप दुबे, कोमल सिंह कुशवाह, प्रशांत तिवारी, शौजब रिजवी, अंबुज त्रिपाठी, आसिफ जादरान, अनुराग कर्ण, अवनीश पाल, मोहसिन अली, बाबू अली आदि है वहीं भाजपा की तरफ से चोटिल महिला नेता बिरला शाक्य उम्र 47 साल पत्नी स्व. मनोज कुमार निवासी करमगंज थाना कोतवाली का पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराया।

वहीं सपा नेता सर्वेश शाक्य, आशीष राजपूत, केके यादव, धीरेन्द्र यादव सहित आधा दर्जन लोगों ने सीओ सिटी अभय नरायन राय व शहर कोतवाल यशवंत सिंह से एक पक्षी कार्रवाई न की जाए घटना की निष्पक्ष जांचकर सही कार्रवाई लोगों पर की जाए, अनावश्यक किसी संगीन धाराएं उनके उपर न थोपी जाए वहीं सीओ ने निष्पक्ष कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## अन्ना गोवंश के हमले से बुजुर्ग महिला घायल

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम धरवार में अन्ना गोवंश की समस्या एक बार फिर सामने आई है। बुधवार को गाँव की 60 वर्षीय उषा देवी पत्नी स्वर्गीय शिवप्रसाद अपने खेतों पर बकरियां चराने जा रही थीं। इसी दौरान खेत के रास्ते में छुट्टा घूम रहे अन्ना गोवंश ने उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में उषा देवी को जोरदार टक्कर लगी, जिससे वह जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें किसी तरह उठाया और 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर में भर्ती कराया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी., पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएँ आमंत्रित करते हैं :

**क्रम सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्या :** NER-GKP-RSP-2025-17, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा–बाराबंकी खंड में एल.सी. संख्या 317/ए और एल.सी. संख्या 306/ए के स्थान पर दो एंड–टू–एंड लाइट रोड ओवर ब्रिज (एलआरओबी) का निर्माण, जिसमें पहुँच मार्गों में आरई वॉल/कम्पोजिट गर्डर और रेलवे हिस्से में आरडीएसओ के कैमल बैक ट्रस प्रकार के गर्डर का उपयोग शामिल है, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 47,29,27,466.48, **बयाना राशि :** रु. 25,14,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00 शून्य, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 महीने।

• बिड प्रारम्भ करने की तिथि - **दिनांक 11.09.2025** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 25.09.2025, 15:00 बजे तक** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 25.09.2025, 15:00 बजे** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट http://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**अधिशासी अभियन्ता/निर्माण/आर.एस.पी.**
**मुजाधि/डब्ल्यू-242 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

संक्षेप

## लापता युवक का मिला शव

धौरहरा खीरी। तीन दिनों अपने घर से लापता युवक की लाश क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान के पड़ोस फांसी जैसी अवस्था में ग्रामीणों ने बरामद की घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुरघुट्टाबुजुर्ग के मजरा टापर निवासी नन्हूं के 18 वर्षीय पुत्र कुलदीप का शव ग्राम लोहरीपुर स्थिति आर बी राज शिक्षण संस्थान के पड़ोस में परिजनों व ग्रामीणों ने बरामद किया।सूत्रों के अनुसार मृतक का प्रेम प्रसंग थाना क्षेत्र फूलबेहड़ के एक गांव निवासी युवती से चल रहा था।जो कि कुछ दिन पहले अपने घर से लापता हो गई।युवती की मां की शिकायत पर पुलिस के डर से कुलदीप ने बीती रात फांसी लगा ली। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस मामले में नवागत कोतवाल धौरहरा शिवाजी दुबे ने बताया मृतक पर एक लड़की प्रकरण में फूलबेहड़ थाने में मामला हुआ था।

## बारिश के चलते दो मैच रद्द

सिंगाही खीरी। बावन द्वादशी के मौके पर कस्बे में चल रहे प्रो कबड्डी टूनामेंट में बारिश के कारण दो मैच खेले गए। प्रो कबड्डी टूनामेंट के दूसरे दिन सोमवार को पूर्व सभासद मसूद खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ कराया। रिमझिम फुहारों के बीच पहला मैच परगना क्लब खैरीगढ़ व स्टार क्लब के मध्य खेला गया। खेले गए कबड्डी टूनामेंट में परगना क्लब खैरीगढ़ 50/30 विजयी रही। दूसरा मैच झाला झारखंड वर्सेज बाला जी निघासन के बीच खेला गया। झाला झारखंड की टीम अच्छा प्रदर्शन करते हुए मैच को 24/44 पॉइंट से जीत हासिल की। कमेटी के अध्यक्ष अमन साहनी ने बताया कि आज मंगलवार को दस बजे से तीन महिला दो मैच पुरूष के खेले जाएंगे। इस दौरान कोषाध्यक्ष रिषभ जैन, आजम खां, विकास गुप्ता मकबूल हाशमी, रैफरी बालकराम, परमजीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे। खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन देख दर्शकों ने तालियां बजाकर उनकी हौंसला अफजाई की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) ब्लॉक कुंभी के बांकेगंज रोड ग्राम सभा नगर सलेमपुर में रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गोवंश की मौत हो गई। सूचना पर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता मौके पर पहुंचे और ग्राम विकास अधिकारी को घटना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में लापरवाही से आए दिन सड़कों पर गोवंशों की मौत हो रही है। जगह-जगह गौशालाएं होने के बावजूद गोवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं। अनूप गुप्ता ने जिला प्रशासन से गौशालाओं की व्यवस्था सुधारने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

## आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) रविवार की शाम करीब छह बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज बारिश के साथ गड़गड़ाहट और आकाशीय बिजली चमकने लगी। इसी दौरान हकीमपुर निवासी रमेश कुमार के घर के पास बने पशुड़े में बंधी भैंस पर बिजली गिर गई। घटना में भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। भैंस की मौत से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। घटना की जानकारी पाकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि यह गरीब किसान का सहारा थी, इसलिए प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की जा रही है।

## बैठक संपन्न

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सीओ अरुण कुमार सिंह ने की है। आयोजित बैठक में बारावफात के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर नगर के समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों ने सम्मिलित होकर सुझाव दिए हैं। त्योहार को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई है। त्योहार पर नगर की साफ सफाई विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इमाम अशजद सिद्दीकी ने नगर का सौहार्द किसी कीमत पर बिगड़ने न देने का आवाहन किया है। इस मौके पर सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, शिवनंदन रस्तोगी समेत तमाम प्रमुख लोग मौजूद रहे है।

# तीन दिन में निस्तारित हों जन्म प्रमाणपत्र पेंडेंसी

## डीएम ने वर्चुअल बैठक में अफसरों को दी सख्त हिदायत




लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल से जनपद के सभी एसडीएम, बीडीओ और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर शासन की प्राथमिकताओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व डीपीआरओ विशाल सिंह मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने दो टूक कहा कि आईजीआरएस एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग अधिकारी स्वयं करें। अधीनस्थों की रिपोर्ट को बिना देखे पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे आख्या में न केवल गुणवत्ता आएगी, बल्कि जिम्मेदारी भी स्पष्ट होगी। तहसीलवार जन्म प्रमाणपत्र की लंबित फाइलों पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने साफ कहा कि 15 दिन से अधिक की पेंडेंसी किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। तीन दिन में लंबित प्रमाणपत्र जारी करने होंगे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने निर्देशित किया कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में नियत तिथि का इंतजार न किया जाए। सीएम संदर्भ, आईजीआरएस और जनता दर्शन से प्राप्त शिकायतों का क्विक डिस्पोजल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता से संवाद अवश्य करें और समाधान की जानकारी दें। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर निकायों को हिदायत दी कि जन सुविधाओं को प्राथमिकता से बेहतर बनाया जाए। बरसात को देखते हुए कचरा निस्तारण, जलभराव और गंदगी की नियमित पड़ताल कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

डीएम ने स्पष्ट कहा कि गोवंश संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आश्रयों में चारा-पानी, शेड और चिकित्सीय सुविधा दुरुस्त की जाए। सड़कों से हटाकर गोवंश को पहुंचाएं आश्रय डीएम ने कहा कि सड़कों पर विचरते गोवंश न केवल यातायात में बाधा डालते हैं बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। इसलिए विशेष अभियान चलाकर सभी आवारा गोवंश को सुरक्षित आश्रयों तक पहुंचाया जाए।

### बीडीओ रोज फील्ड में उतरें, डीएम करेंगी क्रॉस चेक

डीएम ने नगर निकायों को चेताया कि बरसात के मद्देनजर जलभराव वाले क्षेत्रों में तुरंत पंपिंग कर पानी निकाला जाए। बीडीओ को आदेशित किया कि वे प्रतिदिन जनता दर्शन के बाद फील्ड में निकलें और गांव-गांव विजिट करें। डीएम ने कहा कि इसकी क्रॉस चेकिंग वह स्वयं करेंगी।

## मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में अचानक भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया 18 घंटे की लगातार बारिश से गांव से लेकर कस्बों की सड़कें जलमग्न हो गई है। जल भराव के चलते लोग घरों में कैद होकर रह गए। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप्प हो जाने से लोग आने के इंतजार में टकटकी लगाए बैठे रहे। रविवार की शाम से शुरू हुई मूसलाधार बारिश सोमवार दोपहर 1 बजे थमने तक लोग घरों में कैद होकर रह गए बारिश शुरू होते ही गायब हुई बिजली के दर्शन अगले दिन तक दुर्लभ हो गए जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा है। दोपहर बाद छुट पुट रूप से कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी अधिकांश क्षेत्र अब भी अंधकार में डूबे हैं।जल भराव के चलते गांव और कस्बों के लोग जरूरमंद चीजों को खरीदने के लिए पानी कम होने का शाम तक इंतजार करते रहे हैं। सब्जी दूध जैसी आवश्यक चीज की आपूर्ति न हो पाने से 1 दिन में आसमान छूती कीमतों पर लोग सामान खरीदने को मजबूर हुए हैं।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर ड्राइवर झुलसा, वीडियो वायरल



शाहजहांपुर ।जनपद में रेलवे ट्रैक के उपर से गुजरी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से ट्रक ड्राइवर झुलस गया। चिंगारी निकलते ही मौके पर मौजूद अन्य लोग भी पहुंच गए।झटका लगने के बाद ड्राइवर ट्रेन के उपर ही गिर गया और देखते ही देखते उसके शरीर सके धुंआ निकलने लगा। चीख पुकार मचते ही बुरी तरह झुलसे ड्राइवर को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया. जहाँ उसकी हालत गभीर बनी हुई है. घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. ।दरअसल रोजा थाना क्षेत्र में रेलवे साइड पर रैक लगती है। जहां मालगाड़ी के पास ट्रकों को लगाकर माल को ट्रकों में लोड किया जाता है ।सोमवार को कई ट्रक चालक मालगाड़ी के रूकने के बाद उसमे माल को ट्रक में लोड करने के लिए ट्रक लगाने पहुंचे। ट्रक को ट्रेन से सटाकर लगाया गया,जब ड्राइवर ट्रक के उपर चढ़कर तिरपाल सही करते समय ट्रेन के डिब्बे पर गया तभी वह उपर से गुजरी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया । चपेट में आते ही जोरदार झटका लगते ही ड्राइवर ट्रेन के उपर ही गिर गया और उसके शरीर से धुंआ निकलने लगा.मौके पर मजदूर लड़की से उसको हटाने की कोशिश करने लगे। उसके बाद जैसे तैसे मजदूरों ने उस झुलसे ड्राइवर को उठाया तो वह जिंदा था। उसके बाद एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया और पुलिस को भी सूचना दी गई। रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने मौके पर पहुंचकर उसको अस्पताल भिजवाया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. ।फिलहाल उपरोक्त घटना से जुड़े हुए कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिनमें ट्रक ड्राइवर धू-धू कर जलता हुआ दिखाई दे रहा है।

## पुलिस लाइन परिवार परामर्श केंद्र से एक दंपति को किया गया विदा



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद शाहजहाँपुर में किया गया ।आज 12 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 01 दम्पति को विदा किया गया । थाना सदर बाजार शाहजहाँपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 09 वर्ष पूर्व हुई थी, दोनों पति पत्नी करीब 10 माह से अलग रह रहे थे आवेदक ने बताया कि मेरी पत्नी से किसी घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया था जिससे नाराज होकर पत्नी अपने मायके चली गई थी इसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया कदोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया कप्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है । दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है, दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया । इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहाँपुर से महिला आरक्षी मोनिका, महिला आरक्षी करुणा, महिला आरक्षी पिंकी आदि मौजूद रहे ।

## तालाब में मगरमच्छ होने से ग्रामीण भयभीत



पसगवां खीरी। दो दिन से तालाब में मगरमच्छ होने से ग्रामीणों में खौफ का माहौल बना हुआ है जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई लेकिन जिम्मेदार किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे है। जानकारी के अनुसार ब्लॉक पसगवां क्षेत्र के ग्राम वीरमपुर के मजरा एकघरा में स्थित तालाब में विशाल काय मगरमच्छ देखे जाने के कारण ग्रामीणों में खौफ बन हुआ है। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान द्वारा वन विभाग को दी गई लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी वन विभाग के अधिकारियों के कानों में जू तक नहीं रेंगा शायद उन्हें किसी अनहोनी का इंतजार है। इस तालाब के पास लोगों के मकान, पानी की टंकी और ग्रामीण अपने जानवर भी लेकर आते है जिसके चलते लोगों को अपनी जान का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में ग्रामीण प्रिंस, वीरेंद्र कुमार, उमाशंकर, सुनील, भगवानदीन, रामकिशोर आदि लोगों ने मगरमच्छ को रेस्क्यू करने की मांग की है। अब देखना है कि वन विभाग मगरमच्छ को रेस्क्यू करता है या नहीं या फिर किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।

## मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर के प्रधान को राज्य सरकार भेजेगी तेलंगाना



शाहजहांपुर। पूरे बरेली मंडल से अकेले जाएंगे अनिल गुप्ता जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर के प्रधान अनिल गुप्ता को राज्य सरकार 5 दिन के लिए तेलंगाना विजिट पर भेज रही है ।ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि इससे पहले भी राज्य सरकार चंडीगढ़, केरल,पटना,दिल्ली आदि कई राज्यों में भेज चुकी है ।ग्राम प्रधान के अनुसार दूसरे राज्यों में भ्रमण करने से हमको आपसी जानकारी साझा करने में मदद मिलती है। , हम लोग अपने राज्य की जानकारी देते हैं और उन राज्यों की जानकारी प्राप्त करते हैं ।जिससे ज्ञान भी बढ़ता है और बहुत सी नई चीज सीखने को भी मिलती हैं ।अनिल गुप्ता पूरे बरेली मंडल से इकलौते प्रधान है जिनको इस विजिट में भेजा जा रहा है ।विजिट टीम में डिप्टी डायरेक्टर अभय प्रताप शाही के साथ अन्य 11 कर्मचारी व पूरे उत्तर प्रदेश राज्य से 18 प्रधान तेलंगाना जा रहे हैं ।

## महिला मोर्चा की महिलाओं ने कांग्रेस कार्यालय पर की तोड़फोड़

लखीमपुर खीरी। सोमवार को कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने कांग्रेस कार्यालय लखीमपुर पहुंचकर कुर्सियां तोड़ दी ।लहराया भाजपा का झंडा : महिला कार्यकताओं ने कांग्रेस कार्यालय पर गांधी परिवार के नेताओं में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के पोस्टर और तस्वीरें फाड़ दीं। महिलाओं नेबकार्यालय में टमाटर भी फेंके. कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा कार्यकताओं को रोकते रहे, लेकिन वे नहीं मानीं. भाजपा कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया. कांग्रेस के कार्यालय के बाहर छज्जे पर खड़े होकर भाजपा का झंडा भी लहराया। घटना की जानकारी होने पर सदर विधायक योगेश वर्मा कांग्रेस कार्यालय पहुंच गए। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री रश्मि गुप्ता ने सोशल मीडिया पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री और उनकी मां पर की गई। टिप्पणी केवल प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि पूरे देश की महिलाओं का अपमान है. बिहार में कांग्रेस की सभा हुई थी. उसमें राहुल गांधी मौजूद थे. सभा में पीएम मोदी पर बयानबाजी की गई. उनकी मां के लिए अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया गया। राहुल गांधी ने इसका कोई विरोध नहीं किया। कोई कार्रवाई भी नहीं की। राहुल दूसरी पार्टी में हैं, मोदी दूसरी पार्टी में हैं. विरोध करने की भी एक गरिमा होनी चाहिए. इससे महिला कार्यकताओं में आक्रोश है। घटना की जानकारी होने पर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष पहलाद पटेल पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा मोहन चंद उप्रेती रवि तिवारी रामपाल शाक्य मोनू सहित आदि कांग्रेसी नेता महिलाओं द्वारा की गई तोड़फोड़ के विरोध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर मुकदमा दर्ज करने एवं महिलाओं की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। अपर पुलिस अधीक्षक पवन कुमार गौतम ने टिहरी लेकर कोतवाल सदर को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

## मूसलाधार बारिश से जनजीवन हुआ अस्त -व्यस्त



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कई दिनों से रूक-रूककर हो रही बरसात के बाद सोमवार की सुबह से झमाझम बरसात हुई। जिससे सड़कें और गली लबालब हो गये। आम जनजीवन खासा प्रभावित हुआ और सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में रेनीडे का सा नजारा दिखायी दिया। दिन में हुई मूसलाधार बारिश से जहां कई जगहों पर जलभराव और पहले से ही जलप्लावन की चपेट में आयी कालोनियों के वाशिंदो की दिक्कतें बढ़ गयी हैं।

मौसम को मिजाज पल पल रंग बदल रहा है। रविवार को दिन में झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हुआ तो गर्मी से निजात मिलने के बाद लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। रात में भी रूक-रूककर बरसात होती रही। रात से बदल रहे मौसम ने सोमवार को झमाझम बरसात से जहां लोगों के चेहरे खिल गए वहीं समूचा जनजीवन अस्तव्यस्त होकर रह गया। शहर में हुई झमाझम बारिश से बाजारों और निचली बस्तियों में जलभराव हो गया। कई घंटे तक बारिश का पानी सड़कों पर रहा, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव की स्थिति बद से बदतर हो गई. आलम ये रहा कि दोपहिया वाहनों से लेकर चैपहिया वाहन चालकों को अपने वाहनों को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मोहल्ला कुम्हारन टोला, मुन्नूगंज, नीची भूड़, मिल एरिया, पंजाबी कालोनी, हफीजपुर, लाल्हापुर, सहित विभिन्न मोहल्ले जलभराव की चपेट में आ गए। भारत भूषण कालोनी, अर्जुननगर कालोनी सहित नवविकसित कालोनियों के वाशिंदों की दिक्कतें और बढ़ गयी हैं। जबकि सिनेमा रोड, सब्जी मंडी,, मेला मैदान, खुटार रोड व मिल रोड की सड़कें भी लबालब दिखायी पड़ीं।

## पुत्तू लाल वर्मा की स्मृति में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कृषक समाज इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान के पूर्व प्रवक्ता स्वर्गीय पुत्तू लाल वर्मा की पुण्य स्मृति में रविवार को एक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएँ और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्र नाथ ने घोषणा की कि कॉलेज के वार्षिकोत्सव पर कक्षा 12 के रसायन विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र को 2100 और कक्षा 11 के टॉपर को 1100 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार छात्रों को पढ़ाई में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। डॉ. रविंद्र नाथ ने विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान विषय की उपयोगी जानकारियाँ दीं। साथ ही उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियाँ और कार्यक्षेत्र के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने शोध कार्यों के लिए अब तक छह गोल्ड मेडल प्राप्त हो चुके हैं। उनकी बातें सुनकर छात्रों ने उत्साह और ऊर्जा महसूस की।

कॉलेज के रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष अशोक वर्मा ने भी विद्यार्थियों को विषय से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को शिक्षा के साथ प्रेरणा भी प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे छात्रों के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद ललितपुर

पत्रांक :- मु.चि.अ./एन.एच.एम./सं. चिकित्सक नियुक्ति/2025-26/3829 दिनांक : 01.09.2025

**विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., लखनऊ के पत्रांक संख्या 179/ एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./डिस्ट्रिक वॉक-इन / 2023-24 /4150 दिनांक 18.08.2023 एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., लखनऊ के पत्रांक संख्या 179/ एस.पी.एम.यू./ एन.एच.एम./डिस्ट्रिक वॉक-इन/2024-25/2728 दिनांक 09.08.2024 के अनुपालन के क्रम में जनपद ललितपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., में संचालित विभिन्न कार्यक्रमो के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदो हेतु विषेशज्ञो/चिकित्सको (एम.बी.बी.एस.) की नियुक्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत है।

इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 05.09.2025 से दिनांक - 22.09.2025 तक अपना आवेदन सम्बन्धित शैक्षिक एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर में जमा करा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | फैसिलिटि का नाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | वांछित अनुभव (यदि आवश्यक हो) | रिक्त पद की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पद के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू. प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मातृ स्वास्थ्य | महिला चिकित्सा अधिकारी | District Hospital/ Medical College CHC Madawara CHC Talbehat | MBBS | - | 02 OBC 01 SC | 100000/- |
| 2 | एन.पी.-एन.सी.डी (CHC) | फिजीशियन | CHC Madawara CHC Mahroni CHC Birdha CHC Jakhaura | MBBS | 2 Year | 1 UR 1 OBC 2 ST | 100000/- |
| 3 | मातृ स्वास्थ्य | स्त्री रोग विषेशज्ञ निश्चेतक/सर्जन ऑन कॉल | District Hospital/ Medical College CHC Madawara CHC Mahroni CHC Talbehat | Diploma/ Degree in Obsand gynae | 3 Year | - | 2000 से 4000 प्रति सिजेरियन प्रसव |
| 4 | बाल स्वास्थ्य (NRC) | चिकित्सा अधिकारी | CHC Jakhaura | MBBS | - | 1 SC | 100000/- |
| 5 | बाल स्वास्थ्य (SNCU) | चिकित्सा अधिकारी | District Hospital/ Medical College | MBBS | - | 01 OBC | 100000/- |

**आवेदन हेतु निर्देश :-**

1. उपरोक्त समस्त पदो पद वॉक-इन-इंटरव्यू 23.09.2025 को अपराहन 12:30 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर में सम्पन्न कराया जायेगा।
2. इच्छुक अभ्यार्थी वॉक-इन-इंटरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वाछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण-पत्रो की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते है।
3. यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण कर कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदो की सं. में परिवर्तन हो सकता है।
4. उपरोक्त पदो पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिये मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढाया जा सकता है।
5. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।
6. इच्छुक अभ्यार्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हों।
7. चयन प्रक्रिया में उ.प्र. शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
8. कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति / राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र. शासन द्वारा 01 माह का नोटिस या नोटिस के बदले 01 माह के वेतन के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यर्थी की संविदा / सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।
9. संविदानियुक्ति गठित चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
10. उ.प्र. मेडीकल कॉसिल में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ललितपुर।

संक्षेप

## भर्ती युवक की इलाज के दौरान मौत

**आजमगढ़।** बाइक की टक्कर से घायल होकर मंडलीय अस्पताल में भर्ती युवक की उपचार के दौरान रविवार की रात मौत हो गई। चार दिन पूर्व उसे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मऊ जनपद मोहम्मदाबाद गोहना थाना क्षेत्र के वलीदपुर निवासी 45 वर्षीय टिल्लू राजभर 29 अगस्त को खेत की तरफ गए थे। छुट्टा मवेशी उनका खेत चर रहे थे। टिल्लू उन्हें भगाने लगे। इस दौरान मवेशी सड़क की ओर चले गए। मवेशियों को सड़क से भगाते समय बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे टिल्हू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

## कार-बाइक भिड़ंत में दंपत्ति घायल

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के लोहंदी कलां स्थित पंचतला लॉन के पास कार और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान सनी कुमार गौतम (24 वर्ष) निवासी बिसुंदरपुर तथा उनकी पत्नी सुनीता (22 वर्ष) निवासी घुरहूपट्टी के रूप में हुई है। दोनों नर्सिंग एवं वार्ड ब्वॉय की पढ़ाई कर रहे हैं और घटना के समय एडमिट कार्ड लेने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## विंध्य कॉरिडोर का विस्तार किया जाये

**मीरजापुर।** लोकहित से जुड़े विषयों के सन्दर्भ में स्थानीय पत्रकारों की बैठक संतोष कुमार श्रीवास्तव के आवास पर हुई। जिसमें विविध मांगों को लेकर 2 सितंबर को साढ़े 11 बजे जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। प्रमुख मांगों में विंध्य कॉरिडोर का सीमा-विस्तार किया जाए तथा नगर के तारकेश्वर महादेव मंदिर, बूढ़ेनाथ मंदिर एवं लोहन्दी मंदिर से जिगना क्षेत्र के बदेवरा नाथ तक सीमा निर्धारित करने, रजिस्ट्रार, सोसाइटी फर्म्स एंड चिट फंड का दफ्तर मिजार्पुर में खोले जाने के शासनादेश का पालन करने एवं उक्त कार्यालय को स्थान देने की मांग के साथ हर तीन माह के दौरान जिला प्रशासन द्वारा पत्रकार-वार्ता करने की मांग शामिल है। इससे विकास कार्यों में गुणवत्ता आदि की जानकारी प्रशासन को प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त मंडलीय अस्पताल के सभी वार्डों में एयरकंडीशनर जाने की मांग भी शामिल जाए है, ताकि गर्मी से मरीज परेशान न हों। बैठक में सलिल पाण्डेय, प्रभात मिश्र, मनोज शुक्ल, शिवशंकर उपाध्याय, अजय शंकर गुप्ता, राकेश दुबे, महेश रावत, राजकुमार उपाध्याय, विश्वजीत दुबे, रोहित गुरु त्रिपाठी, दीपक त्रिपाठी, नितिन अवस्थी, रवींद्र जायसवाल, विकास तिवारी, शिव भोला सिंह, भोलानाथ साहू, घनश्याम ओझा, रामलाल साहनी एवं संतोष गिरि, श्रीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## रतेह चौराहा पर लगा कूड़े कचरे का अंबार

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों में समुचित ढंग से साफ सफाई हो इसके लिए सरकार भरपूर प्रयास कर रही है। सरकार ग्राम पंचायतों को लाखों रुपए स्वच्छता के नाम पर दे रही है लेकिन इसके बावजूद गांवों में सफाई व्यवस्था लचर है। क्षेत्र के लालापुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत रतेह चौराहा में साफ सफाई व कचरा प्रबंधन की कोई व्यवस्था नही होने से घरों व दुकानों का कूड़ा कचरा स्थानीय लोग सड़क किनारे फेंक रहे हैं। जिससे रतेह चौराहा पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सड़क किनारे लगे कचरे के ढेर से आ रही दुर्गंध से स्थानीय लोगों व राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है रतेह चौराहा निवासी गंगा शर्मा, राकेश चौरसिया प्रेमशंकर आदि ने बताया कि कूड़ा निस्तारण का प्रबंध नही होने से लोगों द्वारा सड़क किनारे फेंके गए कूड़े कचरे से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है स्वच्छता के नाम पर कागजों पर कार्य होने से जिम्मेदारों द्वारा सरकार की मंशा पर पानी फेर दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित सफाई कर्मी घर बैठकर वेतन ले रहे हैं जिन पर कोई कार्रवाई नही हो रही है। कूड़ेदान के अभाव में सड़क किनारे कूड़ा बिखरा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# शिकायतों के निस्तारण को दिये गये दिशा निर्देश : रूबी प्रसाद




**सोनभद्र।** उप्र शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भन का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। जिस में बरसात में हो रही समस्या से जूझ रहे वार्ड वासियों के द्वारा नाली व सड़क मरम्मत के संबंध में नगर में जल भराव से हो रही समस्या सड़क और नाली आए दिन जल भराव के कारण घरों में पानी घुस रहा है आम जनमानस को हो रही परेशानियों को अनदेखा कर विकास नगर वार्ड नंबर 5 में विभिन्न समस्याओं को लेकर हुए नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा वार्ड नंबर एक और आठ के बीच में कराए जा रहे कार्य की गुणवत्ता कि जांच के लिए भी ज्ञापन दिया गया जिसमें मुख्य रूप से उत्कर्ष पांडे जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा धीरज मिश्रा अनुपम चैबे बूथ अध्यक्ष बृजेश कुमार त्रिपाठी बूथ अध्यक्ष अनुराग सिंह रोहित पाठक अंकित शर्मा मयंक मिश्रा विनय जायसवाल पूर्व सभासद महेंद्र शर्मा विकास चैबे अनुज सिंह बिट्टू शिवानंद शुभम सौरभ शिवम आदि वार्डवासी मौजूद रहे।

तत्क्रम में जनसुनवाई (राम्भन) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 5, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 5. नगर पंचायत पिपरी में 4, नगर पंचायत दुदी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 3, नगर पंचायत अनपरा मे 3, समस्त निकायों में कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर जेई राज कुमार, सभासद अनवर अली, मनोज चैबे, पप्पू दुबे, अजीत सिंह, विमलेश कुमार, संत सोनी, सुजीत, अजय कुमार ,राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## प्राचीन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बने अशोक सिंह और अतिन गुप्ता सचिव

**मीरजापुर।** लगभग पांच सौ वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित श्री रामलीला पुरानी दशमी पंचायती की परम्परागत बैठक चौबेटोला के राजगद्दी स्थित रामभवन के ऐतिहासिक चबूतरे पर संपन्न हुई। जिले के सबसे प्राचीन संगठनों में शामिल उक्त समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यगण ने वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक चुनाव में भागीदारी की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व अध्यक्ष श्री भोलानाथ पाण्डेय ने कहा कि हमारी संस्था आध्यत्मिक परंपराओं को जीवंत रखने के सजग प्रहरी के रूप में लगातार काम कर रही है। प्रतिवर्ष सदस्यों के बीच कमेटी का चुनाव संपन्न होता है. इसके उपरांत भगवान राम की जीवन की भिन्न भिन्न लीलाओं को कलाकारों के माध्यम से आम जन के बीच प्रस्तुत किया जाता है। विभिन्न मोहल्लों में घूम कर राम वन गमन मार्ग को मूर्तरूप दिया जाता है। जिसे देख आज की पीढ़ी भी भाव विभोर होती है। राजगद्दी की पारम्परिक व्यवस्था हो या रावण वध हो अथवा पंचमी का भारत मिलाप आज भी मयार्दापुरुषोत्तम के जीवन चरित्र से लोगों को अवगत कराते हुए युवा पीढ़ी को सीख देने का काम करते हैं। इसके बाद सभाध्यक्ष पाण्डेय की अनुमति पर वर्ष 2025-26 की चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराते चुनाव अधिकारी अशुकांत चुनाहे ने विभिन्न पदों के लिए नामों का प्रस्ताव आमंत्रित किया और उन पर समर्थन प्राप्त कर आम सहमति बनने पर चुनाव संपन्न कराया। इस दौरान सभी सदस्यों की आम सहमति से चुनाव अधिकारी चुनाहे ने विभिन्न दायित्वों के लिए चुने गए पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता व डिस्ट्रिक्ट बार के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह को अध्यक्ष, छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, व्यापारी नेता शैलेन्द्र अग्रहरि और वरिष्ठ सदस्य भोलानाथ साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं माताप्रसाद माताभीख इंटर कॉलेज के प्रबंधक अतिन कुमार गुप्ता को मंत्री, रोटेरियन मयंक गुप्ता, विहिप नेता बृजेश ऊमर वैश्य व दीप चंद यादव को उप मंत्री चुना गया।



# वनवासी समाज की सेवा नयी पीढ़ी को प्रेरणा देगी



**जौनपुर।** वनवासी और आदिवासी समाज आज भी विकास एवं शिक्षा से कोसों दूर है उन्हें जोड़ कर मुख्य धारा में शामिल कर वाकई संस्था ने एक मिसाल पेश किया है जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे।उक्त बातें उद्यान कृषि विपरण व कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने तथागत ट्रस्ट-भारत एवं श्जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट-जौनपुर तथा मिशन बिरसा मुण्डा सेवा समिति आजमगढ़ द्वारा आयोजित श्वनवासी मेघा छात्रवृति वितरण समारोहश में बतौर मुख्यअतिथि कही। अध्यक्षीय संबोधन देते हुए भारतीय शिक्षण मण्डल के राष्ट्रीय मंत्री वी.आर. शंकरादनन्द ने कहा कि यह देश त्याग, तपस्या और ज्ञान की बदौलत बना है। इसको और समृद्धि श्शक्तिशाली बनाने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक व युवा को आगे आना होगा। भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष सेवानिवृत आई.ए.एस. डॉ. नागेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आदिवासी एवं वनवासी क्षेत्र में सर्वे कर मेधावी छात्रों को छात्रवृति देकर शिक्षित करके आत्मनिर्भर बनाना ट्रस्ट का उद्देश्य रहा है। समारोह में वाराणसी, जौनपुर एवं आजमगढ़ जनपदों के बनवासी समाज के हाईस्कूल एवं इंटर स्तर 35 मेधावी छात्र- छात्राओं को क्रमशः पन्द्रह हजार, बीस हजार की छात्रवृति देकर सम्मानित किया गया। जेब्रा अध्यक्ष संजय कुमार सेठ, अश्वनी सहगल, प्रदीप सिंह, तथागत सेठ, कमलेश बनवासी, मुसाफिर बनवासी, शिव प्रसाद बनवासी, अभय कुमार, नन्दकुमार, कृष्णमुरारी आदि उपस्थित रहे।

## चेन व ब्रेसलेट छीनने में अध्यापक को मारी गोली



**जौनपुर।** जिले में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद है कि सोमवार को एक अध्यापक को उसके घर के पास बदमाशों ने गोली मार दी। जिसमें गोली अध्यापक के जंघे के आर पार निकल गई। घायल अध्यापक को आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में लगी है।थाना लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कन्दरपुर गांव निवासी 46 वर्षीय संतोष कुमार यादव सवेरे घर के पास टहल रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उनका सोने का चेन और ब्रेसलेट छीनने का प्रयास किया। इसका विरोध करने पर बदमाशों ने गोली चली दी, जो अध्यापक के जंघे पर लगी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग भागकर पहुंचे। बदमाशों को दौड़ाया, लेकिन वे भाग गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए घायल अध्यापक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच कर छानबीन की। घायल संतोष कुमार यादव बक्सा ब्लॉक के उदपुर प्राथमिक स्कूल में प्रभारी प्रधानाध्यापक पद पर तैनात हैं। घटना से परिवार में दहशत फैल गई है।

## दोषी दिनेश गुप्ता को उम्रकैद

**सोनभद्र।** करीब सवा 3 वर्ष पूर्व हुए अविनाश गुप्ता उर्फ भोनू हत्याकांड के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी दिनेश गुप्ता को उम्रकैद व 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक सोनू गुप्ता पुत्र महेंद्र गुप्ता निवासी डोरिया, थाना रायपुर, जिला सोनभद्र ने 8 जून 2022 को थानाध्यक्ष रायपुर को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका छोटा भाई अविनाश गुप्ता उर्फ भोनू डोरिया रोड पर चाट की दुकान चलाता है। 7 जून 2022 को उसके गांव का पट्टीदार दिनेश गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता दुकान पर चाट खाने के बाद बगैर पैसा दिए चल दिया। जब उसका छोटा भाई अविनाश पैसे की मांग किया तो वह गाली देने लगा और देख लेने की धमकी देते हुए चला गया। रात करीब 8 बजे जब उसका भाई अविनाश दुकान बंद करके खेत पर आने लगा तभी दिनेश गुप्ता अपनी मां की वैशाखी लेकर आ गया और भाई को बेरहमी से मारने पीटने लगा, जिससे उसके शिर व पेट में गम्भीर चोटें आई। भाई को दवा इलाज के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी ले जाकर भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 7 गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी दिनेश गुप्ता को उम्रकैद व 20 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

- **करीब सवा 3 वर्ष पूर्व हुए अविनाश गुप्ता उर्फ भोनू हत्याकांड का मामला**

# श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित




**आजमगढ़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कार भारती आर्यमगढ़ की ओर से श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता बाल गोकुलम नगर के पुरानी कोतवाली स्थित श्री अग्रवाल धर्मशाला में रविवार की देर शाम सम्पन्न हुई। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि संत प्रसाद अग्रवाल, हीरा लाल शर्मा के साथ आशीष गोयल, अरविंद बरनवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, भारत भूषण तिवारी, शरद तिवारी ने संयुक्त रूप से सर्व प्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।

श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता तीन वर्ग में हुई, जिसमे संयोजक सुनील कुमार मिश्र एवं डॉ. पूनम तिवारी रहीं। कार्यक्रम की सह संयोजक 0 से 3 वर्ष में शालिनी राय, 3 से 7 वर्ष में अनिता श्रीवास्तव एव 7 से 11 वर्ष में अंजली बरनवाल रहीं। प्रतियोगिता 3 वर्गों में 0 से 3 वर्ष, 3 से 7 वर्ष, 7 से 11 वर्ष में सम्पन्न हुई।

वर्ष 0 से 3 वर्ष की प्रतियोगिता के विजेता मे कान्हा खरे एवं धन्वी वर्मा-प्रथम, यशवी जैसल-द्वितीय वैष्णवी अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 3 से 7 वर्ष में श्रेयांश अग्रवाल-प्रथम, लक्ष्य प्रजापति-द्वितीय, ओजस-तृतीय स्थान पर रहे। 7 से 11 वर्ष में संवृद्धि राकेश तिवारी-प्रथम, अमूल्य जैसवाल-द्वितीय, प्रियल मौर्य-तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में जज मधु राय, अनुपमा दुबे एवम विदुषी अस्थाना रहीं। अध्यक्ष डॉ डीपी तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बीच प्रतियोगिता नही है बल्कि उनके अंदर श्री कृष्ण के भाव एवं संस्कार को जगाना है जिससे उनके अंदर भारतीय संस्कृति के संस्कार प्रवाहित हो सके और बच्चे सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक हो सकें।

मुख्य अतिथि संत प्रसाद अग्रवाल ने कहाकि संस्कार भारती कला एवं साहित्य जगत की अखिल भारतीय संस्था है, जो कला एवं साहित्य के उत्थान के लिए कार्यरत है। जिस तरह से आज कला जगत में कलाकारों द्वारा समाज में फूहड़ता परोसी जा रही है, उसके दूरगामी परिणाम बेहद खराब आयेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सदैव सभ्य और आदर्शवादी वस्तुओं का समागम किया जाना चाहिए। संस्कार भारती कला के गिरते स्तर पर चिंतन करती है और समाज को शक्तिशाली और सुदृढ़ बनाने का मार्ग प्रशस्त करने में अपना योगदान देती है।

## बंदरों के हमले में महिला की मौत

**जौनपुर।** बदलापुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-56 पर एक दुखद घटना सामने आई। पहेतिया पुल के पास बंदरों के हमले से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान आहोपुर थाना सिंगरामऊ निवासी 55 वर्षीया कुमारी देवी के रूप में हुई। बताते है कि सोमवार सुबह कुमारी देवी अपने परिजन के साथ बाइक से दवा लेने बदलापुर जा रही थीं। पहेतिया पुल के पास झुंड में मौजूद बंदरों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले से बाइक असंतुलित हो गई और कुमारी देवी सड़क पर गिर पड़ीं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में बंदरों का आतंक लंबे समय से है। प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक पर नियंत्रण की मांग की है। उनका कहना है कि इस पर तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## शिक्षक विरोधी है, प्रबंधक महासभा :राजेंद्र तिवारी



**सोनभद्र।** प्रबंधक महासभा और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एक बार फिर आमने-सामने आ गए हैं। शिक्षक संघ ने आरोप लगाया है कि प्रबन्धक महासभा अपने कुत्सित मंशा से हमारी संरक्षित उपलब्धियों को समाप्त करना चाहता है। शिक्षक संगठन चार सितंबर से विरोध प्रकट की शुरूआत करेंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शिक्षक नेता राजेंद्र तिवारी ने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय प्रबंधक महासभा माध्यमिक विद्यालयों में अपने संघर्षों के बल पर संगठन द्वारा अर्जित की गई शिक्षकों की उपलब्धियों को छीनना चाहता है और 50 वर्ष पूर्व की स्थिति लाना चाहता है। 1 अगस्त 2025 को अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक महासभा ने माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मिलकर 12 सूत्री ज्ञापन देकर प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है जो घोर शिक्षक विरोधी है,प्रबंधक महासभा प्रदेश के विद्यालयों में काला कानून व्यवस्था स्थापित करना चाहता है जिसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कभी स्वीकार नहीं करेगा। इसके लिए संगठन को जितना भी संघर्ष करना पड़ेगा वह करेगा और प्रबंधक महासभा उत्तर प्रदेश के प्रस्ताव को खारिज करते हुए उनकी बंधक बनाने की इच्छा को पूरा नहीं होने देगा। श्री तिवारी आज सोनभद्र के दौरे पर थे। वे शिक्षकों से मिलकर वस्तुस्थिति को रखा। उन्होंने बताया संगठन ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रबंधक महासभा द्वारा जारी विज्ञप्ति के खिलाफ आगामी 4 सितंबर 2025 गुरुवार को उत्तर प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों की इकाइयों द्वारा अंतिम वादन के पश्चात तख्तियों पर विद्यालय गेट के सामन विरोध प्रदर्शन करके शिक्षक अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए विरोध प्रकट कर आंदोलन का श्री गणेश करेंगे।

श्री तिवारी ने बताया कि महासभा के मांग पत्र में एक हास्यास्पद तो है ही वही प्रबंधन की मनसा को स्पष्ट करने के लिए काफी है। उन्होंने ने बताया कि प्रबंधक महासभा ने मुख्यमंत्री के सम्मुख यह मांग रखा है कि चयन आयोग एक पद के सापेक्ष पांच का चुनाव करके विधालय में भेजे जिनमें से एक शिक्षक का चयन प्रबंधक करेगा। श्री तिवारी ने कहा कि प्रबंधन शिक्षकों को पचास वर्ष पहले वाली स्थिति में लेना चाहता है। जिसका शिक्षक अंतिम स्थिति तक विरोध करेंगे।

## ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित अरुणोदय ट्रॉमा सेंटर अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही और गलत इंजेक्शन के कारण मौत हो गया। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरउद्दीनपुर निवासी 41 वर्षीय सनोज सोनकर की मौत हुई।परिजनों का कहना है कि मरीज की मौत अस्पताल में ही हो गई थी, लेकिन डॉक्टरों ने बिना बताए एम्बुलेंस बुलाकर उसे वाराणसी रेफर कर दिया। इस बीच एम्बुलेंस चालक ने जौनपुर से वाराणसी (करीब 60 किमी) के लिए मनमाने ढंग से 9 हजार रुपए वसूले।हंगामे के दौरान परिजनों ने शव को अस्पताल के सामने रखकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। देर रात करीब 11 बजे तहरीर देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक घर का इकलौता कमाने वाला था। जिसके पीछे पत्नी, पांच बेटियां और एक बेटा है।

अस्पताल ले डॉ. अरुण कुमार सिंह का कहना है कि पथरी के ऑपरेशन के दौरान मरीज को एनेस्थीसिया दिया गया था। तभी उसे कार्डियक अरेस्ट आया। टीम ने लगातार सीपीआर देकर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन हालत बिगड़ने पर कार्डियोलॉजिस्ट के लिए वाराणसी रेफर करना पड़ा। परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की है। इस घटना ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजन और ग्रामीणों का आरोप है कि जौनपुर में कई निजी अस्पताल बिना मानक और योग्य डॉक्टरों के संचालित हो रहे हैं। यहां मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करता है।

## रोटरी क्लब रेनुकूट का स्वर्णिम 50वां पदग्रहण समारोह सम्पन्न, नई टीम ने संभाली कमान




**रेनुकूट।** रोटरी क्लब रेनुकूट का स्वर्णिम 50वाँ पदग्रहण समारोह शनिवार, 30 अगस्त की शाम हिंडाल्को प्रेक्षागृह में गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। अतिथियों, सदस्यों एवं परिवारजनों का स्वागत रोटरी परिवार के बच्चों ने तिलक लगाकर किया। समारोह में मुख्य अतिथि मेजर डोनर रोटेरियन राजीव जयपुरिया, विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब सनराइज वाराणसी के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. राजीव एवं उनकी टीम तथा हिंडाल्को परिवार के मुखिया समीर नायक उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के पश्चात अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सचिव रोटेरियन संजय रूंथला ने वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट प्रस्तुत की। तत्पश्चात तत्कालीन अध्यक्षा रोटेरियन डॉ. नीलम त्रिपाठी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियाँ साझा करते हुए सभी सदस्यों का आभार जताया। मुख्य अतिथि की उपस्थिति में उन्होंने रोटेरियन सुनील कांत पांडेय को कॉलर पहनाकर वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपाऔर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इसी क्रम में रोटेरियन संजय रूंथला ने पिन पहनाकर रोटेरियन अजित अस्थाना को सचिव पद की जिम्मेदारी दी, वहीं रोटेरियन मुकेश सिंह ने रोटेरियन शशि तिवारी को कोषाध्यक्ष (ळर्शें२४शे१) का दायित्व सौंपा। नए अध्यक्ष सुनील कांत पांडेय ने अपने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की घोषणा भी की।रो डॉ प्रेमलता द्वारा नए सदस्यों को शपथ दिला कर क्लब से जोड़ा गया तथा उन्होंने मुख्य अतिथि की गरिमापूर्ण परिचय प्रस्तुत कर उन्हें क्लब को मार्गदर्शन देने हेतु आमन्त्रित किया। मुख्य अतिथि रो राजीव जयपुरिया ने क्लब द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की एवं क्लब को नई उचाईयो पर पहुँचने हेतु मार्गदर्शन किया तथा सदैव अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## भाजना नेता ने डीआइजी से लगायी गुहार

**आजमगढ़।** अपने ऊपर हुए प्राणघातक हमले और मामले में एफआईआर दर्ज कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री व किसान नेता महेंद्र मौर्य ने सोमवार को डीआईजी से जानमाल के रक्षा की गुहार लगाई। सौंपे गये पत्रक में किसान नेता महेन्द्र मौर्य ने बताया कि 28 अगस्त 2025 को रात्रि में बौरहवा बाबा मंदिर से घर जाते समय निर्माणाधीन रेलवे पुल के पास उनके ऊपर प्राण घातक हमला हुआ था जिसमे वह चोटिल हुए। उन्होंने तत्काल 112 पर सूचित किया साथ ही अगले दिन 29 अगस्त को हौसला बुलंद अपराधियों के खिलाफ थाना सिधारी आजमगढ़ को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। सिधारी पुलिस द्वारा मेडिकल कराया गया लेकिन उनके मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं किया गया। जिसके कारण अपराधियों के हौसले बुलंद है। भाजपा नेता महेंद्र मौर्य ने डीआईजी से जानमाल की रक्षा की गुहार लगाते हुए थाना सिधारी आजमगढ़ को मुकदमा दर्ज करने के लिए निर्देशित करने की मांग किया साथ ही साथ घटना स्थल पर अपराधियों के नेटवर्क का सत्यापन कर दोषी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आवाज उठाई।

# हिंदी काव्य के सशक्त स्तंभ थे महाकवि डॉ. श्रीपाल सिंह

**जौनपुर।** जौनपुर की काव्यधारा को आगे बढ़ाने वालों में तथा छाया वादोत्तर गीतिधारा केब भाववादी गीतकार साहित्य वाचस्पति डॉ. श्रीपाल सिंह क्षेमश हिंदी काव्य के सशक्त स्तम्भ हैं । आपके गीतों और कविताओं में शब्दों का ऐसा प्रवाह है जिसके आचमन या स्नान से हिंदी साहित्य प्रेमियों को तृप्ति मिलती है। अपने काव्य में नायिकाओं का ऐसा चित्रण किया है कि पढ़ने के बाद मन रसमय हो जाता है। आपके गीत जनमानस कें होंठों पर आज भी थिरकते हैं , इसलिए ष्कंठहारष्रूप में समादृत हैं। श्रीमती रमापति देवी -श्री लक्ष्मीशंकर सिंह की दूसरी संतान डॉ.साहब का जन्म बसारतपुर, जौनपुर में 02 सितंबर 1922 ई. को हुआ । स्वयं क्षेम के शब्दों में - ष्कल्पना कीजिए ऐसे कुमार किशोर की जो ग्राम्य परिवेश के एक मध्य वित्तीय में उत्पन्न हुआ हो,जिसे ग्रामीण प्रकृति लोक और कृषि कर्मी संस्कारों में एक करुणालु भावुक माँ और सामान्य शिक्षित किंतु परम्परागत मूल्य व्यवस्था का एक गृहस्थ संत पिता मिला हो,जिसको माता के स्नेह दुलार और अश्रु हास में पिता के मुखर व्यक्तित्व की अपेक्षा पितृव्यों और अग्रजो का वात्सल्य ही ओढ़ने बिछाने को सुलभ हो। माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययन के समय ही कजली,विरहा और चैपाई की पंक्तियों में तुक जोड़ने से कविता प्रस्फुटित हुई। गुरुजन और साहित्यिक मित्रों के सम्पर्क ने भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। आगे 1943 ई में इलाहाबाद विवि से हिंदी, अंग्रेजी और राजनीति शास्त्र से बी.ए. की डिग्री लेने के उपरांत एम.ए. हिन्दी किया। एम.ए. करने के बाद तिलकधारी इण्टर कॉलेज में अध्यापक हो गए। बाद में हिन्दी विभागाध्यक्ष के पद पर प्रतिष्ठित हुए। छायावादी काव्य से विशेष अभिरुचि रही। अतएव काशी



विद्यापीठ, वाराणसी से 19 फरवरी 1979 ई में शोध शीर्षक छायावादी काव्य की लोकतांत्रिक पृष्ठभूमि विषय पर डॉ. केशव प्रसाद सिंह के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किए। इस प्रकार एक प्राध्यापक पद का निर्वहन करते हुए जून,1983 ई को सेवानिवृत्त हुए।क्षेम जी की काव्य कृतियां - जीवन-तरी, नीलम ज्योति और संघर्ष, रूप तुम्हारा प्रीति हमारी, अंतज्वार्ला, राख और पाटल, रूप गंधारूगीत गंगा एवं कृष्ण द्वैपायन महाकाव्य ।

**कहानी** - भावना का शव, बूढ़ा बरगद, झोपड़ी, नीम का पेड़ इत्यादि।

**समीक्षात्मक निबंध** - छायावादी काव्य की प्रवृत्तियां, छायावाद का शास्त्रीय परीक्षण। समीक्षा और शोध ग्रंथ - छायावाद की काव्य साधना, छायावाद के गौरव चिह्न तथा छायावादी काव्य की लोकतांत्रिक पृष्ठभूमिश शीर्षक शोध प्रबंध ।मानव गीत शीर्षक कविता में क्षेम की पंक्तियां, ष्एक मानव ही रहे, इतना बहुत हैध क्या करेंगे हम भला भगवान- बनकर ?ध मृत्तिका की मूर्ति में अस्तित्व अपनाध मृतिका में चेतना के दीप हैं हम !ष्वही क्षेम जी की संयोग श्रृंगार की पंक्तियां..तुम कस्तूरी केश न खोलों सारी रात महक जाएगी चितवन के ये फूल न छींटोंध्फर चॉदनी महक जाएगी। रचनाकार अमित श्रीवास्तव का कथन है -क्षेम गीतों के लिए निस्संदेह महादेवी से प्रेरणा प्राप्त करते हैं। महादेवी यानी छायावाद की सघनतम अनुभूतियों का केंद्र। लेकिन जिस तरह से प्रसाद छाया में रूपकों का चुनाव करते हुए एक समानांतर अर्थ विन्यास रचते हैं क्षेम भी वैसा ही करते दीखते हैं। क्षेम की कविता में विद्यापति की मांसलता का भी समावेश दीखता है। मनुष्य जन्म से बड़ा होता है कि कर्म से,इस प्रश्न के उत्तर में क्षेम जी की पंक्ति स्मृति हो आती - जन्म से महत्व का निदान है उचित नहीं कर्म से वरत्व का विधान होना चाहिए। मन की पवित्रता के साथ ही प्रेरणा भाव की पावनता पर क्षेम जी की पंक्तियॉ- भोक्ता बनकर यदि करे न कोई भाव-यजन कर्तृत्व-मूल यह सृजन न मनभावन होगा! कैसे प्रेरणा मिलेगी फिर सत्कर्मों कीध जब तक जन-मन का भाव नही पावन होगा! आगे कहते हैं- कर्मों के परिणामों से कोई मुक्त नहीं संस्कार कर्म के जन्मान्तर तक जातें हैं, शुभ काम आत्म गंगाजल का हैं पुण्य -कलश, संस्कार उसी में घुल मिलकर लहराते हैं।

■ **अश्वनी कुमार तिवारी**

संक्षेप

## चालान नही, जिंदगी बचाने के लिए जरुर पहने हेलमेटः अंकिता शुक्ला

**बाराबंकी।** दोपहिया वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं और मौतों की घटनाओं में कमी लाने के दिशा मे 1 से 30 सितम्बर 2025 तक जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर परिवहन विभाग एंव यातायात विभाग ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत कार्यवाही की। आज सोमवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला एंव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने बस अड्डा स्थित पेट्रोल पम्पो पर जांच के दौरान ईधन भरवाने आये 22 दो पहिया वाहन के चालान किये। तो वही बुजुर्ग चालको द्वारा हेलमेट लगाकर मिलने पर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। अभियान के दौरान एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने ईधन भरवाने आये वाहन चालको को हेलमेट-सीटबेल्ट लगाने के फायदे बताये।तथा बाइक चालको को पीछे बैठने वालों के हेलमेट लगाने के लिये भी जागरुक किया।

# मुठभेड़ में घायल लव जिहाद के दो आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** कुशीनगर में स्कूली छात्राओं से छेड़छाड़ करने के दो वांछित बदमाशों को सोमवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद घायल अवस्था में पकड़ लिया गया। दोनों आरोपियों पर लड़कियों से छेड़छाड़ करने, सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील हरकत करने और लव जिहाद का आरोप है। इन पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि रामकोला थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में असलम और जुल्फिकार नामक दो बदमाशों को गोली लगी है। पुलिस के अनुसार, दोनों बदमाश रामकोला थाना क्षेत्र के मोरवन बड़का टोला गांव के निवासी हैं।

एसपी ने बताया कि दोनों बदमाशों पर स्कूलों के बाहर छेड़खानी, छींटाकशी करने और हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए कलावा बांधकर खुद को हिंदू दिखाकर लव जिहाद का आरोप है। उन्होंने बताया कि इनके संबंध में शिकायत मिली थी जिसके आधार पर रामकोला थाने में प्राथमिकी दर्ज कर चार टीमों का गठन किया गया था। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 (आपराधिक बल प्रयोग कर लज्जा भंग करना), 78 (पीछा करने का अपराध), 296 (सार्वजनिक स्थलों पर अश्लील कार्य), 351(3) (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी ने बताया कि इनके बारे में सूचना मिली और इसके बाद रामकोला थाना पुलिस, साइबर टीम, स्वाट टीम और अन्य स्थानों की पुलिस ने इन दोनों बदमाशों को घेर लिया।

पुलिस के अनुसार, सोमवार तड़के लगभग चार बजे पुलिस टीम ने थाना रामकोला क्षेत्रान्तर्गत कुसुमहा पुलिया के पास घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया था, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार लोगों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस दल पर जान से मारने की नीयत से गोली चलायी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोलियां चलायी, जिसमें दोनों बदमाशों को गोली लगी और वे घायल हो गए। मौके पर उनके पास से दो अवैध तमंचा, कारतूस, एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल और।,100 रुपये नगद बरामद किए गए। घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है।

एसपी ने कहा कि कुशीनगर में महिलाओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

## चार मकान और एक मजार ध्वस्त

**सीतापुर,** ।महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के मियांपुरवा चौराहे पर प्रशासन ने सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर चार अवैध मकानों और एक मजार को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई प्रस्तावित कल्याण चौक के निर्माण के लिए की गई।

प्रशासन ने पहले ही मकान मालिक मोहम्मद यासीन, आरिफ, छोटेलाल और नसीम इस्लाम को नोटिस देकर भवन खाली करने का आदेश दिया था, लेकिन सभी ने आदेश की अवहेलना की। पक्के मकानों के कारण वे घर छोड़ने को तैयार नहीं हुए।

कल्याण चौक के निर्माण में अधिक स्थान की आवश्यकता होने पर प्रशासन ने विस्तार योजना के तहत अतिक्रमण हटाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान कई थानों की पुलिस और पीएसी बल मौके पर मौजूद रहे।

बिसवां तहसीलदार अनिल कुमार और महमूदाबाद के लेखपाल भी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## सतर्कता से ही साइबर सुरक्षा संभव : अनिरुद्ध सिंह

**देवरिया** ।, आधुनिक युग तकनीकी युग है और हम धीरे-धीरे जीवन के हर क्षेत्र और हर काम में तकनीकी का उपयोग कर रहे हैं। इसके बिना हम समय से पीछे हो सकतें हैं किंतु आधुनिक तकनीकी ने जहां एक ओर चीजों को आसान बना दिया है वहीं दुसरी ओर अपराध के नये नये तरीके भी तकनीकी युग में सामने आये है।ऐसे में सतर्कता ही हमारे बचाव का सबसे बेहतर साधन है। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के माधव सभागार में आयोजित साइबर सुरक्षा और सतर्कता विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने कहा।

साइबर अपराध के विभिन्न रुपों और उनको करने के तरीके से आगाह करते हुए प्रधानाचार्य जी ने कहा कि दैनिक जीवन की जो जानकारी हम आनलाईन खरीदारी में ई बिजनेस साइट पर शेयर करते हैं उसी जानकारी को आधार बनाकर अपराधी उपभोक्ताओं के बैंक खाते तक पहुंच रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट भी ऐसे ही अपराध का नया रुप है जिसमें शिकार को घर में बंद होने के लिए कहा जाता है। खाता हैकिंग और एटीएम क्लोनिंग जैसे अपराध के आधुनिक तरीकों से हम तभी बच सकते हैं जब हम इन तकनीकों के उपयोग में सतर्कता बरतें और समय समय पर सरकार द्वारा जारी सूचनाओं और सतर्कता संबंधी नियमों का पालन करें।इस अवसर पर उपस्थित छात्रों ने भी अपनी ओर से जिज्ञासा परक प्रश्न पुछे जिसका समाधान प्रधानाचार्य जी द्वारा दिया गया। उपस्थित छात्रों को साइबर अपराध के संबंध में उपयोगी वीडियो क्लिप भी दिखाया गया।

संगोष्ठी में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश दीक्षित जी कार्यक्रम की रुपरेखा रखी और संचालन श्री अक्षयवर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर अमरेन्द्र उपाध्याय,दिलीप श्रीवास्तव, यजुर्वेद त्रिपाठी, मनोज कुंदन देवेंद्र प्रजापति जयराम मिश्र हरिनाथ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेला कल

**देवरिया** ।प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में 3 सितम्बर को पूर्वाह्न 10ःबजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, जीआईटीआई कैम्पस, देवरिया परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा इस मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी श्रीराम फाइनेंस द्वारा देवरिया जिले के लिए साक्षात्कार के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का कैम्पस चयन किया जाएगा शैक्षिक योग्यता पदानुसार हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा आदि निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष रखी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है।

## ग्राम प्रधान समेत कई भूमिधरों पर मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया)** । स्थानीय थाना क्षेत्र के अमवां गांव में चकमार्ग पर अवैध कब्जे को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। गांव के गाटा संख्या 728 पर स्थित चकमार्ग पर गांव के ही कई भूमिधरों ने कब्जा जमा रखा है। आरोप है कि गाटा संख्या 720, 22, 23, 27, 29, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39 और 740 के भूमिधरों ने इस सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया है। तहसीलदार के निर्देश पर भूमि प्रबंधक समिति के मंत्री व लेखपाल सच्चितानंद उपाध्याय 28 अगस्त को मौके पर अतिक्रमण की जांच और नापजोख के लिए गांव पहुंचे थे। जांच के बाद मनरेगा मजदूरों की सहायता से इस अतिक्रमण को खाली कराया जाना था ।इस कार्रवाई में मनरेगा कर्मियों के साथ ग्राम प्रधान की उपस्थिति भी अपेक्षित थी, क्योंकि ग्राम प्रधान इस समिति के अध्यक्ष पद पर हैं। लेकिन ग्राम प्रधान ने मौके पर आने से साफ इंकार कर दिया।लेखपाल सच्चितानंद उपाध्याय ने ग्राम प्रधान के रवैये को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने लेखपाल की तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान सहित सभी संबंधित भूमिधरों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।इन सभी पर सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 व 4, तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 329(3) के तहत केस पंजीकृत किया गया है। आरोपियों पर चकमार्ग जैसे सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा करने और प्रशासनिक कार्रवाई में बाधा पहुंचाने का आरोप है।

## ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक सम्पन्न ब्लॉक स्तर तक विस्तार का निर्णय

**देवरिया** । अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद देवरिया की महत्वपूर्ण बैठक अक्षय वाटिका मैरिज हाल वार्ड नं 15 सोन्दा देवरिया में आयोजित की गई जिसमें काफी संख्या में विप्र बन्धु सम्मिलित होकर अपने सारगर्भित एवं उपयोगी सुझाव दिए बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हरीन्द्र तिवारी ने प्रत्येक माह में अलग-अलग स्थानों पर विशेषकर गांवों में बैठक आयोजित करने, अधिक से अधिक सक्रिय विप्र बन्धुओं को परिषद में जोड़ने, शत-प्रतिशत परिचय पत्र बनवाने तथा तहसील एवं ब्लॉक स्तर तक विस्तार करने का अनुरोध किया। बैठक में जिला संयोजक श्री अवधेश मणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष श्री अजय कुमार तिवारी एवं श्री राजेश कुमार तिवारी (राजा) महासचिव श्री दुर्गेश तिवारी मीडिया प्रभारी श्री रविन्द्र नाथ तिवारी, कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य श्री अवधेश मणि त्रिपाठी कोषाध्यक्ष श्री विपिन दूबे संयोजक युवा प्रकोष्ठ श्री धनंजय द्विवेदी (ओम जी) के साथ श्री अभिषेक द्विवेदी,श्री दीपक कुमार दूबे,श्री मुकुल पाण्डेय,श्री प्रज्वल तिवारी, श्री आदर्श तिवारी,श्री अमन उपाध्याय, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री शक्तिधर पाण्डेय, श्री वरुण कुमार तिवारी, एवं श्री जय प्रकाश मिश्र,श्री शिवम मिश्रा,ज्योतिष एवं कर्म काण्ड विशेषज्ञ पं. वेद पति मिश्र भूतपूर्व सैनिक श्री मार्कण्डेय पति त्रिपाठी, शिक्षा प्रकोष्ठ के शिक्षक बन्धु श्री सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय,श्री ज्ञान प्रकाश मिश्र, श्री ईश्वर चंद्र तिवारी, श्री बैजनाथ पति त्रिपाठी, समाजसेवी श्री दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, श्री बबलू मिश्र,श्री राहुल मणि त्रिपाठी, श्री सच्चिदानंद पाण्डेय, श्री शिव शंकर पाण्डेय, श्री मनोज कुमार मिश्र एवं श्री विवेक कुमार पाण्डेय आदि विप्र बन्धुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से बैठक को लक्ष्य पूर्ण बनाने में सहयोग किया। अन्त में भगवान परशुराम जी के जयघोष के साथ बैठक समाप्त हुई ।

## घरेलू गैस सिलिंडर का व्यावसायिक उपयोग दण्डनीय

**देवरिया** ।जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि सब्सिडी युक्त घरेलू गैस सिलिंडर, का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए अनुमन्य है। इसका किसी भी प्रकार से व्यावसायिक उपयोग वर्जित है और यह दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है।उन्होंने जनपद के समस्त होटल, रेस्टोरेंट, ठेला एवं खोमचा संचालकों से अपील की है कि वे केवल वाणिज्यिक गैस सिलिंडर (19 किलोग्राम) का ही प्रयोग करें तथा गैस से सम्बन्धित सभी आवश्यक अभिलेख अपने प्रतिष्ठान पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखें।

जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने के लिए समय-समय पर जांच एवं छापेमारी की कार्रवाई की जाती है। यदि जांच के दौरान किसी प्रतिष्ठान पर घरेलू सिलिंडर का व्यावसायिक उपयोग पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यालय की गरिमा बनाये रखने व राष्ट्र निर्माण की ली सामूहिक शपथ

**कुशीनगर।** सोमवार को जनपद के सभी विद्यालयों में हमारा विद्यालयझहमारा स्वाभिमान संकल्प अभियान का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर संकल्प पत्र का वाचन किया।



इस क्रम में कसया विकास खंड के जूनियर हाई स्कूल भैंसहा 2, प्राथमिक विद्यालय माली टोला, कुरमौटा, शाहपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय भालुही मदारी पट्टी, विशंभरपुर, भरटोली, नरकटिया बुजुर्ग, बरवा जंगल, सिरसिया, सेमरा झुंगवा सहित अधिकतर विद्यालयों में आयोजित अभियान में महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन तक सीमित न रखकर अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सेवा-भाव और जीवन मूल्यों को व्यवहार में उतारना है। संकल्प पत्र में सभी छात्रों और शिक्षकों ने यह वचन दिया कि वे विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित और प्रेरणादायी बनाएंगे। विद्यालय की संपत्तियों को राष्ट्रधन मानकर उनका संरक्षण करेंगे तथा शिक्षा को चरित्र-निर्माण और समाज सेवा का साधन मानेंगे। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि विद्यालय को तीर्थ समान गौरवशाली बनाने में सक्रिय योगदान देंगे।अभियान को लेकर विद्यालयों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। शिक्षकों ने बच्चों को अनुशासन और रचनात्मकता की महत्ता समझाई, वहीं विद्यार्थियों ने सामूहिक शपथ लेकर विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का वचन दिया।इस दौरान आदि महेश कर्णधार, संजय यादव, नागेंद्र तिवारी, कृष्ण मोहन ,रेनू सिंह ,शैलेश कुमार, अमर प्रकाश पांडे, प्रतिभा तिवारी, अंजना पांड उपस्थित रहे।

## डीएम दिव्या मित्तल को परिकल्पना स्ट्रेटजी में प्रतिभाग के लिए चुना गया



**देवरिया** । जिले की जिलाधिकारी, श्रीमती दिव्या मित्तल, को केंद्र सरकार के विकसित भारत परिकल्पना स्ट्रेटजी रूम के माध्यम से ब्लॉक, जनपद, प्रदेश तथा राष्ट्र के स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार करने हेतु मनोनीत किया गया है। जिलाधिकारी को 4 सितंर को नई दिल्ली स्थित नीति आयोग में इस अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिभा करके अपने अनुभव साँझा करेंगी. ।यह भी ज्ञात रहे कि दिसंबर 2024 में भी श्रीमती दिव्या मित्तल को पूरे प्रदेश से चौथे राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन में भाग लेने के लिए चुना गया था। सम्मेलन में श्रीमती मित्तल अपने विकसित राष्ट्र की परिकल्पना और प्रशासनिक नवाचार से जुड़े अपने अनुभव साझा करेंगी। यह चयन उनकी प्रशासनिक दक्षता और सेवा समर्पण को दर्शाता है ।यह सम्मेलन देश के वरिष्ठ नीति निमार्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है।

इस दौरान डाटा पर आधारित विकसित भारत परिकल्पना, सतत विकास, डिजिटल परिवर्तन और सामाजिक कल्याण जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी जो कि विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेंगे ।दिव्या मित्तल ने महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा सुधार, पेयजल सुविधा का विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने जैसे कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं. । आईआईटी दिल्ली और आईआईएम बेंगलुरु से अपनी शिक्षा पूरी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में कदम रखने वाली दिव्या मित्तल कई छात्र-छात्राओं, युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है. बतौर आईएएस अधिकारी अपनी सेवा के दौरान उन्होंने कई अभिनव पहल किये हैं, जिसका लाभ आमजन तक पहुंचा है।

# रोटरी के सौजन्य से स्मार्ट क्लास का हुआ शुभारंभ

जिला संवाददाता




कुशीनगर।रोटरी क्लब के सौजन्य से सोमवार 1 सितम्बर 2025 को जूनियर हाई स्कूल, मुंडेरा रतनपट्टी (कंपोजिट), वार्ड नं० 19 शिवाजी नगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्ट टीवी और वाई-फाई के माध्यम से स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया।साथ ही अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टी-शर्ट, लोअर, कॉपीझपेन एवं पानी की बोतल वितरित की गई। समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व पौधारोपण कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल और वार्ड सभासद गिरिजेश सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना की। कहा कि रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा शिक्षा और समाजसेवा को जोड़ते हुए जो पहल की जा रही है, वह आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगी। स्मार्ट क्लास और पौधारोपण दोनों ही समय की सबसे बड़ी जरूरत हैं। नगर की समृद्धि तभी संभव है जब शिक्षा आधुनिक हो और पर्यावरण संरक्षित रहे। रोटरी क्लब ने समाज के हर क्षेत्र को जोड़कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। वार्ड सभासद गिरिजेश सिंह ने विधायक पीएन पाठक को स्कूल के चहारदीवारी और नए भवन हेतु पत्रक दिया साथ ही कार्यक्रम आयोजन हेतु रोटरी क्लब कुशीनगर के प्रयास की सराहना की ।रोटरी क्लब के सह संरक्षक वाहिद अली ने कहा कि क्लब की यह पहल शिक्षा, सेवा और संस्कार तीनों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है। विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के साथ ही प्रकृति से जोड़ना हमारा संकल्प है। रोटरी अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बच्चों को आधुनिक सुविधाएँ मिलें और वे प्रतिस्पर्धात्मक युग में पीछे न रहें। इस दौरान सचिव विजय गुप्ता, दिनेश यादव, दुर्गेश चतुर्वेदी, सदरे आलम, रंजीत श्रीवास्तव, राजीव तिवारी, हेमन्त गर्ग, सतेन्द्र राय, शशि सिंह, वैभव राव, आशीष अग्रवाल, आद्या पाण्डेय, अजेंद्र सिंह, बैजू, सूर्यनाथ यादव, कवींद्र पाण्डेय, जयप्रकाश सिंह, अशोक सिंह, प्रधानाध्यापिका निर्मल सिंह, संगीता सिंह, प्रभात चतुर्वेदी, अमृता सिंह, राजन चौरसिया, संध्या सिंह, अमला प्रसाद, राजेश शुक्ल, अरुण वर्मा, मृत्युंजय मिश्र, विवेक सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मानवता के हित मे रक्तदान महान कार्यः पवन मिश्र




**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा चार साल बेमिसाल उत्सव के अंतर्गत महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज ब्लड बैंक में रक्त परीक्षण एवं रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने रक्तदान करने के बाद कहा कि रक्तदान के माध्यम से सामुदायिक भावना को बढ़ावा को मिलता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक जीवन बचाने की प्रक्रिया है, मानवता के हित मे रक्तदान महान कार्य है, प्रत्येक व्यक्ति को इस पुनीत कार्य मे भाग लेना चाहिए।इस अवसर पर मुख्य रूप से भगवान यादव, अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, प्रभुनाथ पाण्डेय, गुड्डू यादव, अभिषेक तिवारी, सुब्रत सिंह सैथवार, जितेंद्र कुशवाहा उपस्थित रहे।

## किन्नरों का आरपीएफ इंस्पेक्टर पर हमला, दो गिरफ्तार

**देवरिया।** देवरिया रेलवे स्टेशन पर रविवार की देर रात यात्रियों से अवैध वसूली कर रहे किन्नरों ने हस्तक्षेप करने पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के इंस्पेक्टर पर हमला कर दिया। आरपीएफ ने सोमवार को बताया कि मामले में दो किन्नरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद ने यहां पत्रकारों से कहा कि देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों ने आरपीएफ को शिकायत की थी कि स्टेशन पर किन्नरों द्वारा परेशान कर वसूली की जा रही है। मोहम्मद ने बताया कि जानकारी के बाद वे खुद बिना वर्दी पहने तत्काल मौके पर पहुंचे तथा किन्नरों को ऐसा न करने की चेतावनी दी, जिस पर किन्नर उनसे उलझ गये और हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में राजकीय रेलवे पुलिस में मुकदमा दर्ज कर दो किन्नरों साहिल और चांद को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है जिसमें किन्नरों के हमले से बचने के लिए आरपीएफ इंस्पेक्टर भागते नजर आ रहे हैं।

## किसान मोर्चा कार्य अत्यंत सराहनीयः सुनील गुप्ता

देवरिया ।भाजपा किसान मोर्चा देवरिया की वर्तमान कार्यकारिणी के चार वर्ष पूरे होने पर 1सितंबर से 7 सितंबर तक चलने वाले चार साल बेमिसाल उत्सव की तैयारी बैठक भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा सुनील गुप्ता ने कहा कि पिछले चार सालों में किसान मोर्चा देवरिया का कार्य अत्यंत सराहनीय रहा है, किसान मोर्चा ने जनपद के किसानों के बीच भाजपा सरकार की योजनाओं को पहुँचाने का कार्य किया है।

जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह ने कहा कि किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संगठन के कार्यो को निष्ठा पूर्वक करते है पिछले चार वर्षों में गांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियों को पहुँचाया है।

जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पवन कुमार मिश्र ने कहा कि किसान मोर्चा की वर्तमान कार्यकारिणी के चार साल पूरे होने पर प्रत्येक विधानसभाओं में चार साल बेमिसाल उत्सव का आयोजन करेगा, जिसमे रक्त दान, पशु आरोग्य शिविर, किसान परिवारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एव दवा वितरण के साथ किसान मोर्चा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर भाजपा की केंद्र सरकार की 11 वर्ष की और यूपी सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों को बताएंगे।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा महामंत्री प्रमोद शाही, भगवान यादव, मुकेश राय, अरुण मिश्र, सत्येन्द्र सिंह सोनू, बलवंत सिंह, रामेश्वर यादव, विजेंद्र चौहान, सुमन्त चतूर्वेदी, गुड्डू यादव, वीरेंद्र पाठक, विजय कुशवाहा उपस्थित रहे।

# खेल महोत्सव के आयोजन संबंधी हुई बैठक

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** सांसद खेल प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी आवश्यक बैठक संसद, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार संपन्न की गई।

सांसद विजय कुमार दुबे ने इस अवसर पर कहा कि सांसद खेल स्पर्धा के आयोजन हेतु प्रधानमंत्री का निर्देश है। उन्होंने कहा कि खेल आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर प्रदेश सरकार की योजना के अंतर्गत निर्धारित खेल विधाओं में ब्लॉक एवं जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना तथा जनपद स्तरीय विजयी खिलाड़ियों को मंडल एवं राज्य स्तर पर प्रतिभाग कराया जाना। युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाना, उनका सर्वांगीण विकास करना, उनके अंदर नेतृत्व के गुणों का विकास करना, सामाजिक दायित्वों का बोध कराना तथा उनमें देश प्रेम एवं राष्ट्रभक्ति का भाव उत्पन्न कराना है।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों के पंजीकरण के संबंध में जिला क्रीड़ा अधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को पंजीकृत कराए जाने हेतु सभी आवश्यक उपायों पर प्रभावी कार्यवाही की जाय। उन्होंने बताया कि 01 सितंबर से 20 सितंबर तक पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी तथा 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक ब्लॉक स्तर, विधान सभा स्तर एवं सांसद/जनपद स्तर पर कबड्डी, खोखो,फुटबॉल, बॉलीबॉल,हॉकी, बॉक्सिंग,कुश्ती,सहित एथलेटिक्स खेल शामिल किए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई ऐसा ब्लॉक नहीं होना चाहिए जहां टीम न बने, उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया कि ब्लॉक /विधान सभा स्तर के खेल हेतु स्थान, एवं तिथि का चयन कर लिए जाएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में खेल का कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु कार्ययोजना के तहत अभी से तैयारियां की जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां भी खेल आयोजित की जाएगी उन सभी खेल के मैदानों को फोटो वीडियो सहित पूर्ण विवरण संबंधित को उपलब्ध कराना होगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इस खेल महोत्सव को आगे बढ़ाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। जनपद स्तर के कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर के किसी खिलाड़ी को गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने जिला स्टेडियम में संसद निधि से दर्शक दीर्घा एवं मंच बनवाए जाने हेतु जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, डीपीआरओ सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पुलिस महकमे में फेरबदल, शहर कोतवाल बने विनोद सिंह, दो लाइन हाजिर

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रांतवीर ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर रविवार की रात महकमे में फेरबदल कर दिया।इंस्पेक्टर से लेकर उप निरीक्षक को भी तैनाती दी गई है। शहर कोतवाल से कोतवाली की कुर्सी छीन अब प्रभारी मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है। वही रुद्रपुर कोतवाल विनोद सिंह को शहर कोतवाल की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह एसपी ने भलुअनी के प्रभारी निरीक्षक अजय पांडेय को हटा साइबर थाने में तैनाती दी है। भलुअनी थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रदीप को भलुअनी का थानाध्यक्ष बनाया गया है। रामपुर कारखाना के प्रभारी निरीक्षक गोरख नाथ सरोज को प्रभारी निरीक्षक एएचटी की जिम्मेदारी दी गई है। उप निरीक्षक दिनेश मिश्र को वरिष्ठ उप निरीक्षक खुखुन्दू, पुलिस लाइन से दिग्विजय सिंह को थानाध्यक्ष खामपार, खामपार थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी को अब लार थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वही पुलिस लाइन से दारोगा विशाल कुमार को थानाध्यक्ष बघौचघाट, यहां थानाध्यक्ष रहे प्रदीप कुमार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक लार, लार प्रभारी निरीक्षक उमेश वाजपेई को एकौना प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। अभिषेक राय को थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना, पुलिस लाइन से रंजीत भदोरिया को गौरीबाजार, गौरीबाजार थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद को थानाध्यक्ष मदनपुर, प्रभारी निरीक्षक मदनपुर अनिल कुमार को प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर बनाया गया है।

इसी तरह पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर संतोष कुमार को प्रभारी मीडिया सेल, अश्वनी प्रधान को चौकी प्रभारी लार कस्बा, मेहरौना चौकी प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा को वरिष्ठ उपनिरीक्षक सलेमपुर, वरिष्ठ उप निरीक्षक सलेमपुर धर्मेंद्र सिंह को मेहरौना चौकी प्रभारी बनाया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक लार रविन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्रीरामपुर वीरेंद्र कुशवाहा को लाइन हाजिर किया गया है।

पुलिस लाइन से दारोगा अजय सिंह को न्यायालय सुरक्षा, पुलिस लाइन से दारोगा विपिन यादव को श्रीरामपुर, चौकी प्रभारी प्रतापपुर बलराम सिंह को चौकी प्रभारी हेतिमपुर, गौरीबाजार से राघवेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी प्रतापपुर, पुलिस लाइन से संजय पाल को चौकी प्रभारी जेल रोड, बनकटा से सुनील पटेल को चौकी प्रभारी सेंटर बनाया गया है,

संक्षेप

## ग्रामीणों की सजगता से नाकाम हुई चोरी की साजिश

सीतापुर। सकरन इलाके के ग्रामीणों की सतर्कता से रविवार रात चोरी की एक बड़ी वारदात टल गई। सकरन क्षेत्र के किसानों ने चोरी की योजना बना रहे एक चोर को मौके से दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपी के पास से अवैध असलहा, कारतूस, बेलचा, टार्च और पेंचकस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है, जबकि फरार दो अन्य साथियों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 10 बजे गांव निवासी प्रकाश भार्गव, खेलावन व अन्य किसान फसलों की रखवाली के लिए खेत जा रहे थे। इस दौरान गांव के दक्षिण में स्थित एक बाग से आहट सुनाई दी। जब ग्रामीण बाग में पहुंचे तो वहां तीन संदिग्ध लोग दिखाई दिए। ग्रामीणों को देखते ही दो लोग भाग निकले, जबकि एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रंजीत पुत्र रमेश लोनिया निवासी नरेन्द्रपुर, थाना सदरपुर के रूप में हुई।

# मासूम का हत्यारोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

उन्नाव। बीते 31 सितंबर की रात्रि में थाना गंगाघाट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गगनीखेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो के मध्य फायरिंग हुई थी। जिसमें अशोक पुत्र हीरालाल निषाद निवासी उपरोक्त के द्वारा गोली चलाने से मौके पर मौजूद गांव के ही निवासी

**● अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद**

अजीत पुत्र सोनू निषाद उम्र करीब 10 वर्ष गोली लगने से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस द्वारा मृतक अजीत के शव को कब्जे मे लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुये शव को मोर्चरी हाउस भेजा गया। मृतक के परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गंगाघाट पर धारा 191(1)/191(3)/190/109/103(1) बीएनएस, अशोक, विनोद पुत्रगण हीरालाल, अशोक का भांजा,. लल्लू पुत्र सत्यनारायन, अमित पुत्र रामबाबू, सुरेश निषाद पुत्र मनोहर व दो लोग अन्य निवासीगण गगनीखेड़ा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा घटना करने वाले अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। थाना गंगाघाट पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि घटना उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अशोक निषाद पुत्र हीरालाल निवासी गगनीखेड़ा थाना गंगाघाट थाना गंगाघाट क्षेत्रान्तर्गत स्थित पंचायत भवन लखापुर के आगे कीकर बबूल के जंगलों में छिपा बैठा है। सूचना पर एसओजी टीम व थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर अभियुक्त अशोक की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी गई तो अशोक द्वारा अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा जबाबी फायरिंग में अशोक उपरोक्त के पैर में गोली लगी है। जिससे वह घायल हो गया है। मौके से अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 चैम्बर में फंसा हुआ खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा घायल अशोक उपरोक्त को इलाज हेतु सीएचसी शुक्लागंज भेजा गया है, अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## हरगांव थाने में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। आगामी जलविहार महोत्सव एवं बारावफात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को थाना प्रांगण हरगांव में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, संभ्रांत नागरिकों और पुलिस प्रशासन ने मिलकर तैयारियों पर चर्चा की। सीओ सदर विशाल गुप्ता ने उपस्थित सभासदों, प्रधानों और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों पर्व भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना के साथ मनाए जाएँ। उन्होंने अपील की कि लोग किसी भी प्रकार के विवाद से दूर रहकर त्योहारों की खुशियों को साझा करें। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि त्यौहार के दौरान नवयुवकों को बाइक स्टंट करने से रोका जाए। यदि कहीं विवादित स्थिति उत्पन्न होती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## विशाल दंगल प्रतियोगिता आयोजित



पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर के सगवर गाँव के समीप स्थित बाबा झारखंडेश्वर मंदिर प्रांगण मे विशाल दंगल का आयोजन हुआ जिसमे देश के विभिन्न प्रांतो के कोने कोने से आये पहलवानो ने सिरकत की।

दंगल शुरू होने से पूर्व बेहतरीन आल्हा गायन नैना गौतम के द्वारा आल्हा प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कुश्ती प्रारम्भ हुई कार्यक्रम मे पहुँचे विशिष्ट अतिथि पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के पिता सेवानिवृत शिक्षक तेजबहादुर सिंह ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर पहलवानो व उपस्थित जनसमूह के बींच उत्साहवर्धन किया व कमेटी के अध्यक्ष शिवकरण शुक्ला को पुष्प फाउंडेशन की ओर से आर्थिक सहयोग दिया दंगल मे रेफरी की भूमिका संतोष सैनी, लल्लू शुक्ला रहे दंगल मे मुख्य रूप से तेजबहादुर सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामचंद्र सिंह ऊर्फ पप्पू सिंह,थानाध्यक्ष बारा सगवर धर्मेंद्रनाथ मिश्रा,दुर्गेश यादव, सुंदरम तिवारी, जीतू तिवारी, सुरेंद्र सिंह, फुन्नी त्रिपाठी, सेनू यादव, राघवेंद्र सिंह, रामजी यादव, विपिन भदौरिया, विक्रम यादव, कमलेश यादव, राजेंद्र शुक्ला, छोटू ठाकुर, आशू सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का भव्यता से समापन



सफीपुर, उन्नाव। कस्बा के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में पांच दिवसीय गणेश महोत्सव कार्यक्रम का समापन सोमवार को धूमधाम के साथ हुआ। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे कस्बे का माहौल भक्तिमय हो गया। सुबह से ही श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ और बप्पा के जयकारों से नगर की गलियां गूंज उठीं। कार्यक्रम में विधायक बंबा लाल दिवाकर ने विधि-विधान से पूजन अर्चना कर भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया। मूर्ति विसर्जन के लिए सैकड़ों भक्त उत्साह के साथ जुलूस की शक्ल में नगर के प्रमुख मार्गो से निकले। भक्तों ने बप्पा के जयकारों और भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया। जुलूस मोटेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर नाना राव पेशवा मार्ग, उन्नाव-हरदोई मार्ग होते हुए शंकर मंदिर, मियागंज रोड से गुजरते हुए शारदा नहर पहुंचा। जहां भक्तों ने गजानन की प्रतिमा का विधिवत पूजन कर नहर में विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ह्यगणपति बप्पा मोरयाह्न के जयकारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। इस मौके पर राम सजीवन विमल गोल्डी सिंह सिंगर राजेश सिंह अनु मौर्य पार्थ सिंह सवारी सिंह सैकड़ो की संख्या में सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में जनता दर्शन की सुनवाई हुई

पुरवा, उन्नाव। सोमवार को एसडीएम की अध्यक्षता में जनता दर्शन सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एसडीएम ने उनके निराकरण हेतु मातहतों को निर्देशित किया। मंगलवार को होने वाला जनता दर्शन विशेष परिस्थितियों में सोमवार को सम्पन्न हुआ जिसमें उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। कुल 42 प्रार्थना पत्रों में 10 प्रार्थना पत्र आवास से सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी पुरवा को प्राप्त करा दिये गये हैं तथा 5 प्रार्थना पत्र उपखण्ड अधिकारी विद्युत पुरवा, 6 प्रार्थना पत्र खण्ड विकास अधिकारी हिलौली, 3 प्रार्थना पत्र पुलिस विभाग से व 18 प्रार्थना पत्र राजस्व से सम्बन्धित थे। आज 7 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर करा दिया गया है। अवशेष प्रार्थना पत्रों को शीघ्र निस्तारित कराने के लिए एसडीएम ने मातहतों को निर्देश दिए हैं। मौके पर तहसीलदार,नायब तहसीलदार, राजस्व कानूनगो लेखपाल व अन्य विभागों के सम्बन्धित कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सैनिक बंधु समीक्षा बैठक सम्पन्न



सीतापुर, ।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सैनिक बंधु की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, समस्याओं और उनके निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों एवं शहीद परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने जिलाधिकारी को लंबित प्रकरणों की स्थिति से अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक का संचालन कमांडर राजीव कुमार पाठक, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने किया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, कोषाधिकारी प्रतिनिधि रजनीश कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. एमएल गंगवार, जिला उद्योग केंद्र के संजय सिंह, जिला बैंक अग्रणी अधिकारी प्रीती पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में भूतपूर्व सैनिक कैप्टन महीप सिंह, फ्लाइ लेफ्टिनेंट राममूर्ति, सिपाही प्रमोद कुमार यादव, नायक सत्यनाम सिंह और कंचन पाण्डेय भी शामिल हुए।

# चौथे दिन की कथा में राजा परीक्षित के जन्म और श्राप की कथा का श्रवण कराया

हिलौली, उन्नाव। हिलौली ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत लउवा ग्राम में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी विशाल गणेश महोत्सव कार्यक्रम में चैथे दिन सीतापुर से पधारे आचार्य रामानंद बाजपेई व उनकी टीम द्वारा भागवत कथा का भक्तों को श्रवण कराया गया। हिलौली विकासखंड की ग्राम सभा लउवा में वरिष्ठ पत्रकार एवं सम्पादक विनोद दीक्षित द्वारा लगातार 15 वर्षों से अनवरत विशाल गणेश उत्सव कार्यक्रम कराया जाता चला आ रहा है। जिसमें भगवान गणेश की भारी प्रतिमा विराजमान होती है वही सीतापुर जनपद के नौमिषारण से आए हुए पंडित रामानंद बाजपेई द्वारा भागवत कथा रात में 800 बजे से 12:00 बजे तक अपने मुखारविंदों द्वारा भक्तों को श्रवण कराई जाती है। भगवत कथा के पूर्व आये हुये पत्रकारों वरिष्ठ नागरिकों का कार्यक्रम आयोजक वरिष्ठ पत्रकार सम्पादक विनोद दीक्षित ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। जिसमें मुख्य रूप से सुनील मिश्रा, भीम शंकर त्रिपाठी मदन चैरसिया, संतोष तिवारी आदि रहे। चैथे दिन आचार्य रामानंद बाजपेई ने कथा में आये हुए भक्तों को



श्रीमद् भागवत कथा महिमा प्रसंग का वर्णन किया गया। वही आज की कथा में राजा परीक्षित का जन्म, श्राप की कथा श्रवण कराई गई। आचार्य रामानंद वाजपेई ने बताया कि मनुष्य को दो चीजों से बचकर रहना चाहिए। एक श्राप और दूसरा पाप से राजा परीक्षित को श्राप समीक मुनि के पुत्र संगीत ऋषि ने श्राप दिया क्योंकि परीक्षित को प्यास लगी तो आश्रम पर पहुंच गए देखा कि वह संत नेत्र बंद कर तपस्या कर रहे हैं कुछ देर पश्चात राजा परीक्षित को ऐसा प्रतीत हुआ श्री संत ने नेत्र खोलकर मुझे देखा है इन्होंने फिर भी इन्होंने मेरा कोई स्वागत नहीं किया तब राजा परीक्षित ने इन्होंने मेरा अपमान किया है मैं भी इनका अपमान करूंगा। तब तक एक मृत सर्प पर नजर पड़ी राजा परीक्षित ने उसे उठा लिया। समीक मुनि के गले में डाल दिया। तब समीप मुनि के पुत्र संगी ऋषि ने देखा कि मेरे पिता के गले में उसे अभिमानी राजा ने यह मरा हुआ सर्प डाल दिया है। इस करनी का फल वह भी पायेगा। अतः एक अंजलि जल लिया और श्राप दे डाला कि आज के सातवें रोज यही तक्षक जीवित होगा और राजा परीक्षित को कल का ग्रास बनाएगा।

## श्रीकृष्ण जलविहार महोत्सव आयोजित



उन्नाव। बीघापुर विकास खंड के ग्रामसभा अकबरपुर में श्री शिवचरणेश्वर महादेव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद आयोजित होने वाले जलविहार महोत्सव को बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। जलविहार कार्यक्रम दौरान राधा कृष्ण, हनुमान जी,शंकर पार्वती,तथा अन्य सुंदर झांकियों के साथ गांव का भ्रमण किया गया। देर शाम भगवान कृष्ण की जल क्रीड़ा संपन्न हुई। और जलविहार कार्यक्रम का समापन बेहद भव्य रहा। कार्यक्रम में शामिल प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह,रज्जन अवस्थी, संतोष शुक्ला, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, जगदीश श्रीवास्तव, शिवसरन कुशवाहा, बागेश्वर वर्मा, अरुन वर्मा, राघव श्रीवास्तव,विनय श्रीवास्तव, बबलू कुशवाहा, शिवपूजन सिंह, सूरज पंडित, योगेश वर्मा,नमो श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव,शिवम विश्वकर्मा, उत्तम पंडित, अमरेश बीडीसी, आदि ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# सीतापुर में शुरू हुआ नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान



सीतापुर, ।उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आज से पूरे प्रदेश में ₹नो हेलमेट, नो फ्यूल₹ अभियान की शुरूआत हुई। इसी क्रम में जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेश पर परिवहन विभाग ने व्यापक अभियान चलाया। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुवेर्दी और यात्री कर अधिकारी एम.ए. अहमद के नेतृत्व में शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर जांच अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट पेट्रोल लेने पहुंचे 83 बाइक चालकों के चालान काटे गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान अगले 30 दिनों तक सख्ती से जारी रहेगा।एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुवेर्दी ने कहा कि यह केवल जांच अभियान नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर एक सामाजिक पहल है। उन्होंने कहा– ह्लजब तक दोपहिया वाहन चालक हेलमेट नहीं पहनेंगे, उन्हें पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह नियम सभी पेट्रोल पंपों पर कड़ाई से लागू होगा।ह्व साथ ही पेट्रोल पंप मालिकों से सहयोग की अपील की गई।

### सड़क सुरक्षा प्रचार वैन भी शुरू

परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए एक विशेष प्रचार वैन भी शुरू की है। यह वैन अगले 15 दिनों तक जिले की विभिन्न तहसीलों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगी। इस वैन में सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश ऑडियो-विजुअल माध्यमों से प्रसारित किए जाएंगे, जिसमें शॉर्ट फिल्में और जागरूकता गीत भी शामिल होंगे। अभियान के दौरान हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे नियमों की जानकारी दी जाएगी। यह पहल न केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करेगी, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित और जिम्मेदार यात्री बनने के लिए भी प्रेरित करेगी।

## महोली में बाघ ने तोड़ी वन विभाग की योजना, पड़वा बना शिकार

सीतापुर, । महोली के पसिगवां गांव में वन विभाग की बाघ पकड़ने की योजना सोमवार को पूरी तरह विफल रही। छह दिन पहले खेत में बांधा गया पड़वा बाघ का शिकार बन गया, जबकि ट्रैप कैमरा ने एक भी तस्वीर नहीं ले पाई।घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पगचिह्नों के आधार पर बाघ की लोकेशन पता करने का प्रयास किया। ड्रोन कैमरों की मदद ली गई, लेकिन बाघ का कोई पता नहीं चल सका।यह घटना बुधवार की शाम को बाघ देखने की सूचना के बाद हुई। नरनी से लगभग 5 किलोमीटर दूर पसिगवां गांव में बाघ देखा गया था। मरहा हार के पास खेतों में उसके पदचिह्न मिले। टाइगर एक्सपर्ट ने बाघ को पकड़ने के लिए खेत में पड़वा बांधा और ट्रैप कैमरा लगाया।सोमवार को बाघ ने पड़वा पर हमला किया और रस्सी तोड़कर उसे करीब 100 मीटर दूर जंगल में ले गया। पड़वा की आवाज और बाघ की दहाड़ सुनकर ग्रामीण सतर्क हो गए।

पड़वा के शिकार की पुष्टि की है।वन विभाग की इस असफलता ने ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ा दिए हैं। लोग अब जंगल में बाघ की गतिविधियों को लेकर सतर्क हैं और वन विभाग से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## शोभा यात्रा निकाल गणेश भक्तों ने विसर्जन किया



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। पांच दिवसीय गणेश महोत्सव मे विराजे बाबा गणपति का विसर्जन भक्तों ने शोभा यात्रा निकाल कर बडे हर्षोल्लास के साथ कियां। पूरे नगर में शोभा यात्रा के दौरान गणपति बप्पा मोरिया अगले बरष तू जल्दी आ के जयकारो के साथ भक्तों ने रंग गुलाल व फूलों की होली खेली। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा ऊगू स्थिति माता काली मंदिर परिसर मे पांच दिवसीय गणेश महोत्सव में विराजे गजानन का आज पांचवे दिन विसर्जन भक्तों ने शोभा यात्रा निकाल कर बहुत धूम धाम से किया।माता काली मंदिर पर सार्वजनिक रूप से चैथे गणेश महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पांचों दिन बाबा की आरती, कथाएं,भजन का कार्यक्रम हुआ और बाहर के कलाकारों द्वारा सुंदर झांकिया प्रस्तुत की बीती रात सत्यवादी हरिश्चंद नाटक मंचन से भक्तों को भावविभोर कर दिया। धीमी धीमी बारिश के बाद भी भक्तों में भरी उल्लास देखने को मिला पूरा नगर शोभा यात्रा के दौरान गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गुंजायमान रहा आज आरती के बाद विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे नगर के तमाम लोगो ने बढ चढ कर हिस्सा लेते हुए नगर भ्रमण में गजानन की पूजा की तत्पश्चात गंगा तट पर प्रतिमा का विर्सजन कर दिया गया। कार्यक्रम मे हर्ष मनु शुक्ला, राजेश सभासद, संदीप कश्यप, रिंकू कन्नौजिया, आदित्य, पप्पू, ललित, अंकित, अभिषेक, दीपांशु, सुल्ताना, सर्वेश आदि के साथ सैकड़ो महिलाएं, पुरुष व बच्चे गंगा तट पर विसर्जन के लिए गए।

## भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस के खिलाफ किया जोरदार विरोध प्रदर्शन




सीतापुर। बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के खिलाफ अपशब्द कहे जाने पर रोष जताते हुए भाजपा महिला मोर्चा ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे के नेतृत्व में महिला मोर्चा कार्यकताओं व मातृशक्ति ने कांग्रेस कार्यालय घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकताओं ने परशुराम चौक से जुलूस निकालकर कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच किया, लेकिन महावीर पार्क के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक लिया। इस दौरान कार्यकताओं ने कांग्रेस विरोधी नारे लगाए और पार्टी नेतृत्व से माफी की मांग की। जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपनी नैतिकता खो दी है और मातृशक्ति का अपमान कर पूरे देश का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में मातृशक्ति की पूजा होती है, ऐसे में कांग्रेस को प्रधानमंत्री की माता जी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस की इस हरकत का विरोध लगातार जारी रहेगा। साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से सार्वजनिक माफी की मांग की। विरोध प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, जया सिंह, ममता डोडेजा, , शालिनी लोधी समेत भाजपा महिला मोर्चा की कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बीईओ ने शिक्षक-अभिभावक बैठक में किया सम्मानित

उन्नाव। औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में आज भारी बारिश के बावजूद अभिभावक-शिक्षक बैठक में लगभग 60 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय पहुंचे बीईओ संजय शुक्ल ने बच्चों की दैनिक उपस्थिति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और अध्ययन को लेकर अभिभावकों से संवाद किया। बच्चों को उन्होंने खेत में लहलहाती फसल की तरह बताते हुए उनकी शिक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी, शिक्षकों के साथ ही अभिभावकों की भी बताई। शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रदत्त दिनचर्या के पालन की बात कही। कक्षा 6,7,8 में अगस्त माह में शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों में शोभित, गौरव, समरीन, मोहिनी, सेजल, विमल, अनिकेत, विमल, आरिफ, शुभम, किरन, नंदिनी और दिव्यांशी को तो, वहीं पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन में जानवी, सौरभ, समरीन, मोहिनी, किरन और प्रवीण को बीईओ संजय शुक्ल और शिक्षक प्रदीप वर्मा ने निजी खर्च से उपहार लाकर सम्मानित किया। ड्रेस



एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने वाले 6 बच्चों में अंशिका, सौरभ, पारुल, उपासना, आरिफ और खुशी को पुरस्कृत किया गया। शिक्षक ने इसे अन्य बच्चों को प्रेरणा देने वाला कदम बताया।बच्चों ने देश में शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा निर्देशित हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान के अंतर्गत पांच संकल्प लिए। जिले के लगभग 2000 विद्यालयों में जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय में वृहद पौधारोपण, स्वच्छता, नब्बे प्रतिशत उपस्थिति और लर्निंग बाई डूइंग कार्यशाला के वृहद प्रयोग पर बीईओ ने विद्यालय की प्रशंसा की। गांव में नशे से दूरी बनाए रखने हेतु शिक्षक के नशामुक्ति अभियान की सराहना की गई। अभिभावकों से बच्चों के घरेलू व्यवहार और गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति को बीईओ ने बच्चों के विकास के लिए लाभप्रद बताया। शिक्षक प्रदीप वर्मा ने बताया कि सितम्बर माह के अंत से विद्यालय समय के पश्चात असाक्षर अभिभावकों को विद्यालय समय के बाद ट्यूशन देकर उन्हें साक्षर बनाए जाने के प्रयास किए जाएंगे, इस हेतु उन्होंने अभिभावकों की राय ली, जिससे ग्रामीण खुश नजर आए। बैठक के दौरान शिक्षकों में शशि देवी, शाहे खुबा, रमनजीत कौर, इंद्रपाल सहित साठ अभिभावक उपस्थित रहे।

## डॉ. रचना सिंह इंडोनेशिया-बाली में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित



सीतापुर। 25वां अंतरराष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी इन्डोनेशिया-बाली में भारत के विभिन्न राज्यों से आए साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं शोधकताओं ने भाग लिया। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय था – ह्लहिन्दी के केन्द्र में समाज व विचारधारा।ह्व कार्यक्रम का उद्घाटन इन्डोनेशिया बाली के संस्थापक एवं डायरेक्टर डॉ. रमेश्वरलाल ने किया। इस अवसर पर आयोजित जमालाल बजाज पुरस्कार समारोह में प्रसिद्ध साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ. रचना सिंह को उनकी कृतियों और साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. सिंह को ह्लअमृत बृन्दह्व जी की रचना एवं वाणी के माध्यम से साहित्य, समाज और विमर्श को जोड़ने वाली लेखनी के लिए सराहना मिली। मुख्य अतिथि हरियाणा निवासिनी डॉ. कल्पना शर्मा ने कहा कि ह्लडॉ. रचना सिंह ने अपने साहित्य से समाज को नई दिशा दी है और उनकी पुस्तकें समकालीन हिन्दी साहित्य के दर्पण के रूप में देखी जाती हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्व. श्रीमती वीणा मोहन की स्मृति में वीणा स्मृति सम्मान भी दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि डॉ. शरद पांडेय, डॉ. राममोहन त्रिपाठी, डॉ. गोविंद सिंह, डॉ. हरिसुमन मिश्र, डॉ. अमृतलाल गुप्ता सहित अनेक विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गगन शर्मा और डॉ. नरेश मालवीय ने किया।

संक्षेप

## पिकअप पलटने से चालक की मौत

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र में ग्राम पचोखर के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया जिससे चालक की अस्पताल पहुंचते-पहुंचते मौत हो गयी। महुआ ब्लाक के ग्राम रिसौरा के अंश बकरीपुरवा निवासी बाल मुकुंद 45 पिकअप लेकर अतर्रा की ओर जा रहा था। तभी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होने तत्काल पुलिस को सूचना दी। अतर्रा पुलिस ने पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से पिकअप का शीशा तोड़ा और चालक को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चालक मुकुंद लाल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अतर्रा ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

## जिला ओलंपिक खेल संघ की बैठक संपन्न हुई

*ललितपुर।* झांसी से आए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा झांसी, ओलंपिक खेल संघ ललितपुर के जिला अध्यक्ष प्रदीप सरावगी की अध्यक्षता में एक स्थानीय होटल में बैठक संपन्न हुई। बैठक में ओलम्पिक खेल संघ के जिला महासचिव देवेंद्र चतुर्वेदी एवं जिला कोषाध्यक्ष अज्जू बाबा की संस्तुति पर सर्वसम्मति से प्रताप विक्रम सिंह को जिला उपाध्यक्ष, सुबोध गोस्वामी सारस्वत को मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ललितपुर जिला में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए शासन स्तर से हर सम्भव सहायता की जाएगी। इसके लिए जिला कीड़ा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर ललितपुर जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा को निकाल कर उनको राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाया जाएगा। प्रदीप सरावगी ने कहा कि आगामी समय मे जनपद में जो भी खेल आयोजित किये जायेगे बो सभी ओलंपिक खेल संघ के तत्वाधान में किये जायेंगे। इसके लिए शीघ्र ही जनपद के सभी पंजीकृत खेल संघों को बैठक में बुला कर उनसे वार्ता कर सहयोग किया जाएगा। बैठक में विनोद शर्मा, मनीष श्रीवास्तव, डॉ राजीव निरंजन, हरपाल सिंह चंदेल, नरेंद्र कडंकि, अनुराग जैन, प्रदीप खटीक, सचिन कुमार जिला सचिव फुटबाल संघ उपस्थित रहे।

## आम रास्ता खराब करने का विरोध करने पर मारपीट

ललितपुर। थाना बार अंतर्गत ग्राम देवरान में रहने वाली गुडडी पत्नी आनंद लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 अगस्त को रात करीब 9 बजे वह नदी किनारे अपने खेत पर पति व पुत्र साहिल के साथ थी, तभी नदी किनारे लगे बालू के ढेर को जिसे देवरान निवासी गोलू यादव पुत्र भगवानदास को सोनालिका ट्रैक्टर गांव के विशाल उर्फ नातीराजा पुत्र छोटे राजा लेकर ग्राम पाचैनी निवासी सूर्य प्रताप सिंह पुत्र गजेन्द्रसिंह ने बालू को उठाकर ले जा रहे थे। ट्रैक्टर से आम रास्ता खराब हो रहा था, जिस पर उन्होंने मना किया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर लाठी-डण्डों, फावड़ा और हथियारों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाव करने आये पति आनंद पुत्र साहिल के साथ भी मारपीट कर दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। महिला ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मरीज निराश होकर अस्पताल से न लौटें वापसः डिप्टी सीएम



जिला संवाददाता

**बांदा।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा, स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई मरीज ऑपरेशन के लिए निराश होकर अस्पताल से न लौटे और यह सुनिश्चित किया जाए कि बाहर की दवाइयां किसी भी हाल में न लिखी

**● बिजली कनेक्शन न होने पर जताई नाराजगी**

जायें, प्रत्येक दवा पर्याप्त मात्रा में स्टोर में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सीएचसी एवं पीएचसी स्तर पर माइनर ऑपरेशन की व्यवस्था की जाए और जिला अस्पताल में ऑपरेशन की संख्या बढ़ायी जाए। बुन्देलखण्ड सरकार की प्राथमिकता है, निजी चिकित्सालयों की अपेक्षा सरकारी अस्पतालों में सभी व्यवस्थायें बेहतर होनी चाहिए। समीक्षा के दौरान ऑपरेशन थियेटर की जरूरतों के हिसाब से डिमाण्ड शासन को भेजने के निर्देश दिये। कहा कि जनपद के किसी भी अस्पताल में कोई भी पद खाली न रहे और चिकित्सकों की कमी न रहने पाये साथ ही विज्ञापन निकालकर नियमानुसार चिकित्सक रखे जायें। उन्होंने महिला चिकित्सालय की नवीन बिल्डिंग बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने सब सेन्टरों में बिजली कनेक्शन न होने पर नाराजगी जताई। पीएचसी एवं सीएचसी की जानकारी लेने के बादए कहा कि कोई अस्पताल बन्द नही रहने पाये और तत्काल सभी सेन्टरों में बिजली कनेक्शन कराये जायें। कहा कि पीएचसी के कोई डॉक्टर छुट्टी पर जायें तो अनुमति लेकर ही जायें और उनके स्थान पर दूसरे की ड्यूटी लगायी जाए। जनपद के सभी अस्पतालों में रोगी कल्याण निधि से रसोई घर बनाये जाएं और किसी भी अस्पताल में निष्प्रयोज्य सामग्री न रखी जाए। एम्बुलेन्स 108 एवं 102 की समीक्षा के दौरान दोनो की जांच में ऑकडें संदिग्ध होने की स्थिति में जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि दोनो की जांच कर स्थिति से अवगत कराया जाए। गर्ल्स हास्टल में महिला गार्ड एवं ब्वाज में पुरूष गार्ड ही लगाये जायें और बच्चों के साथ माता-पिता का रोल अदा किया जाए। यदि बच्चे के दिमाग में निगेटिविटी है तो उनकी लगातार काउन्सलिंग की जाए। डीएम ने एक आ0सी0यू0 बनाने का अनुरोध किया। बैठक में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी, विधायक नरैनी ओममणि वर्मा, जिलाधिकारी जे0 रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजेन्द्र सिंह, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज सुनील कुमार कौशल, समस्त मेडिकल ऑफिसर्स व जनप्रतिनि मौजूद रहे।

## बिहार में फिर बनेगी एनडीए की सरकारः ब्रजेश पाठक

**बांदा।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने गठबंधन को लेकर जमकर हमला बोला उन्होने कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और इंडी गठबंधन के नेता अखिलेश यादव पूरी तरह से

**पीएम के निजी सहायक के पिता को दी श्रद्धांजलि**

फ्रस्टेशन में हैं। इनके पास कहने के लिए कुछ नही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होने कहा कि यूपी और बिहार की जनता जंगलराज और गुंडा राज के दौर से भलि-भांति परिचित है। गुंडे, बदमाश और लफंगे इन्ही की सरकारों के दौरान पनपे हैं। उन्होने बिहार में चल रही वोट अधिकार यात्रा को लेकर कहा कि चाहे राहुल गांधी हों, तेजस्वी यादव अथवा इंडी गठबंधन के नेता अखिलेश यादव हों सभी पूरी तरह से हताशा में हैं। इन्हे भलि-भांति पता है कि बिहार में भाजपा की प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनने जा रही है। आजाद समाज पार्टी चीफ चंद्रशेखर रावण के बयान पर कहा कि उत्तर प्रदेश 2017 से अब तक विकास के मोर्चे पर नंबर 1 है, अपराधी भयभीत हैं, बांदा में कानून कोई अपने हांथ में लेने की जुर्रत नही कर सकता। इसके बाद बृजेश पाठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निजी सहायक ओ. पी. सिंह के शहर के किरन कॉलेज चैराहा स्थित आवास पहुंचे और वहां उन्होने ओ. पी. सिंह के स्वर्गीय पिता शिवबली सिंह के निधन पर शोक संवेदना जताई। यहां से उप मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रवाना हो गये।

## रामलीला आयोजन समिति की बैठक संपन्न

**महोबा।** श्री रामलीला आयोजन समिति की बैठक रामालय सभागार में माहेश्वरी दीन तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 116 वर्ष से निरंतर चली आ रही रामलीला के सफल मंचन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। रामलीला न्यास के सचिव मनोज तिवारी ने रामलीला समारोह की रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि 12 दिवसीय रामलीला दिनांक 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिनांक 22 सितंबर को महावीर मंदिर में देव आवाहन कार्यक्रम तथा 22 एवं 23 सितंबर को अखंड रामायण पाठ एवं भजन के कार्यक्रम होंगे। 24 सितंबर को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ होगा। तत्पश्चात अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में अयोध्या के रामलीला दल द्वारा 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन किया जाएगा व 3 अक्टूबर को राजगद्दी शोभायात्रा निकल जाएगी। श्री रामलीला आयोजन समिति की बैठक में मनोज तिवारी, माहेश्वरी दीन तिवारी, जग प्रसाद तिवारी, अबोध सोनी, चंद्रशेखर, रंजन पांडे, मुकेश गुप्ता, दुर्गेश मिश्रा, हरि शरण सक्सेना, सुभाष तिवारी, महंत शिवांशु दास, नंदकिशोर नायक, हरिशंकर गुप्ता, अमरकांत, लक्ष्मी यादव, सुनील मिश्रा, हरि शंकर नायक, महेंद्र अवस्थी, संजीव तिवारी, भीमसेन कुशवाहा, विनीत सेन आदि उपस्थित रहे।

## किसानों की टीम सब्जी अनुसंधान संस्थान रवाना



**बांदा।** राष्ट्रीय कृषि योग्य ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से 24 किसान बनारस आई. सी. ए. आर. भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के लिए रवाना हुए। महिला और पुरूष किसानों की यह टीम तीन दिवसीय दौरे में सब्जी से संबंधित नई तकनीक के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। तीन दिन बनारस में अनुसंधान संस्थान में रहकर वहां की योजनाएं और सब्जी संबंधी जानकारियां सीखने के बाद गांव में इसका प्रयोग करेंगे। किसानों की टीम को पंडित जवाहर लाल नेहरू डिग्री कालेज मैदान से डीडीएम संदीप कुमार गौतम एवं एलडीएम रविशंकर तथा आईसीएआर के डायरेक्टर गिरिराज ने इन्हे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। किसानों की यह टीम नाबार्ड के सहयोग से जलागम विकास परियोजना के तहत नई तकनीक के बारे में जानकारी के लिए बनारस भेजी गयी है।

## संतुलित मात्रा में हो खाद का प्रयोग, उर्वरक की कमी नही

**बांदा।** किसान संतुलित मात्रा में ही रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग फसलों में करें इससे उत्पादन भी ठीक रहेगा और उत्पादन लागत भी नही बढ़ने पायेगी। जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अपील की है कि खेतों में अधिक यूरिया प्रयोग करने से फसलों की वानस्पतिक वृद्धि अधिक हो जाती है और पौधे कोमल पड़ जाते हैं, जिससे उनमे कीड़े और बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका बढ़ जाती है और उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होने यह भी बताया कि अधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से तथा हरी खाद एवं गोबर खाद का प्रयोग न करने से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ तथा मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों की मात्रा लगातार कम होती है, जिससे मिट्टी की उर्वरक शक्ति धीरे-धीरे कम होती जाती है यह खेती के लिए ठीक नहीं है। किसान संस्तुति के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें। उर्वरक एक हेक्टेयर में 4-5 बोरी यूरिया एवं 2 बोरी डी०ए०पी० का प्रयोग करें। जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जिला कृषि अधिकारी बाँदा संजय कुमार ने बताया कि जनपद में खरीफ सीजन के लिए अभी तक 11056 मी०टन यूरिया एवं 5275 मी०टन डी०ए०पी० का वितरण किया जा चुका है। पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है। जनपद में अभी 3235 मी०टन यूरिया तथा 1863 मी०टन फास्फेटिक कृषकों को वितरण के लिए उपलब्ध है। जिलाधिकारी के निर्देश पर उर्वरक लगातार आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध कराई जा रही है। जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जायेगी।

## डॉ.आशुतोष शर्मा ने विश्व पटल पर जनपद का नाम किया गौरवान्वित



**ललितपुर।** यूरोप के हंगरी देश की प्रख्यात यूनिवर्सिटी में डा.आशुतोष शर्मा को वैश्विक सम्मान ग्लोबल थॉट लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान से ललितपुर जिले का नाम एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है। बताते चलें कि डा.आशुतोष शर्मा जिले

**● डॉ. शर्मा को मिला वैश्विक सम्मान ग्लोबल थॉट लीडर अवार्ड से किया गया सम्मानित**

के मूर्धन्य पत्रकार स्व. पं.रूद्रनारायण शर्मा लल्लाजी के प्रपौत्र और वरिष्ठ पत्रकार पं.सुनील शर्मा के सुपुत्र हैं। हंगरी की राजधानी से डा.आशुतोष शर्मा द्वारा भेजे गये संदेश में उन्होंने बताया कि उन्हें गर्व है कि ग्लोबल थॉट लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जो ऊर्जा, जल, भोजन, जलवायु नेक्सस में मेरे योगदान और वैश्विक नेतृत्व को मान्यता प्रदान करता है। यह प्रतिष्ठित सम्मान मुझे यूनिवर्सिटी ऑफ मिसकॉल्ले हंगरी में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार मुझे विशेष रूप से मेक्सिको में पिछले 20 वर्षों के मेरे शोध उपलब्धियों और नेतृत्व, विशेषकर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर (स्थायी कृषि) और एग्रोबायोटेक्नोलॉजी में किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। इसी क्रम में, उन्हें तथा विश्व-प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डा.अत्तिला हॉस यूनिवर्सिटी ऑफ डिब्रेसन हंगरी को यूनिवर्सिटी ऑफ एएम फ्लोरिडा द्वारा मानद प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया गया है। यहाँ हम आने वाले समय में युवाओं और वैज्ञानिकों को प्रशिक्षित करने तथा नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। संदेश में आगे कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उनके परिवार, सहयोगियों, मार्गदर्शकों और उन सभी संस्थानों का भी है, जिनसे मुझे सीखने और आगे बढ? का अवसर मिला।

## मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस सत्र 2024 के छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा प्रारंभ



**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में गत वर्ष 100 सीटों पर एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं को प्रवेश प्राप्त हुआ था। सत्र 1अक्टूबर 2024 से प्रारंभ किया गया था। पूरे वर्ष एमबीबीएस के प्रथम वर्ष में एनाटॉमी, फिजियोलॉजी तथा बायोकेमिस्ट्री विषय का शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बताते चलें कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर, अटल बिहारी

**● डॉ. रवि पचैरी आचार्य एवं विभागाध्यक्ष को कंट्रोलर ऑफ एक्जामिनेशन किया गया नामित**

वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ से संबद्ध है। प्रथम वर्ष का पाठयक्रम पूर्ण होने के पश्चात विश्विद्यालय द्वारा माह सितंबर 2025 में लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जानी है। लिखित परीक्षा के दौरान उपस्थित रहने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा 2 आब्जर्वर भी भेजे जाते हैं जिससे कि परीक्षा बिना किसी भी तरह के अवरोध के पारदर्शी तरीके से कराई जा सके। प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला ने परीक्षा को कड़ाई, पारदर्शी एवं सुचारू रूप संपादित करने के लिए डा0 रवि पचैरी आचार्य एवं विभागाध्यक्ष को मेडिकल कॉलेज का कंट्रोलर ऑफ एक्जामिनेशन (नोडल) नामित किया।

सोमवार को एनाटॉमी विषय के प्रथम प्रश्नपत्र की परीक्षा में मेडिकल कॉलेज ललितपुर के चीफ इनविजिलेटर डा रवि पचैरी, सह इनविजिलेटर डा जगदीश इटालिया तथा डा मनोज सोनी, डा दिव्या स्वामी, डा आशीष निरंजन, डा प्रद्युम्न वर्मा आदि कक्ष निरीक्षकों की कड़ी निगरानी में तथा अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा नामित आब्जर्वर डा प्रभाकर सिंह बैस आचार्य एवं विभागाध्यक्ष बायोकेमिस्ट्री विभाग, महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल मेडिकल कालेज, झांसी तथा डा विकास गोयल, सह आचार्य, पैथोलॉजी विभाग, महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल मेडिकल कालेज झांसी की उपस्थित में सकुशल संपन्न हुई।

## गंगा में छलांग लगाने वाले परिवार का काफी प्रयास के बावजूद नही लगा कोई सुराग



**बिजनौर।** गंगा बैराज में बच्चे को गोद में लेकर छलांग लगाने वाले बीएसएफ के जवान व उसकी पत्नी का एक सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद भी सुराग नहीं लग पाया है। गोताखोर की टीम उन्हें बरामाद करने का लगातार प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना नजीबाबाद क्षेत्र के वेद विहार कालोनी निवासी बीएसएफ जवान राहुल (28) पुत्र स्व0 ओमप्रकाश की पत्नी मनीषा ने 19 अगस्त को पारिवारिक कहासुनी में बिजनौर के गंगा बैराज में छलांग लगा दी थी। पत्नी के न मिलने और ससुराल पक्ष से लगाए जा रहे आरोपों से परेशान होकर जवान राहुल ने भी 23 अगस्त को अपने डेढ़ साल के मासूम बच्चें प्रणव को गोद में लेकर बैराज के गेट नंबर 17 पर अपने चप्पल व मोबाइल रखकर गंगा में छलांग लगा दी थी। गंगा बैराज का गेट नंबर 17 जिला मुजफ्फरनगर की थाना रामराज सीमा में आता है। हादसे से जिला बिजनौर व मुजफ्फरनगर पुलिस में हड़कंप मच गया था। घटना के समय से ही एसडीआरएफ व पुलिस की टीम बैराज के विभिन्न हिस्सों में सघन सर्च ऑपरेशन कर रही है। तेज बहाव और गहराई के कारण गोताखोरों को तलाश करने में कठिनाई आ रही है।

## आजादी की लड़ाई के दौरान स्थापित गणेश प्रतिमा की पूजा



बांदा। शहर के गणेश भवन में 10 दिवसीय गणेश उत्सव के छठे दिन विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रदेश के उप मुख्य मंत्री बृजेश पाठक ने भगवान गणेश की 103 वर्ष पुरानी प्रतिमा की पूजा कर माल्यार्पण किया। यह प्रतिमा धार्मिक महत्व के साथ ही

**● बाल गंगाधर तिलक ने की थी स्थापना**

ऐतिहासिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। इस प्रतिमा को महान स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्रनायक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने आजादी की लड़ाई के दौरान स्थापित किया था और इस मूर्ति के माध्यम से बांदा में क्रांति का बिगुल फूंका था, जो स्वाधीनता संग्राम की महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री पाठक ने पूजा के बाद गणेश भवन में स्थापित लोकमान्य बालगंगाधर तिलक की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया। उन्होने तिलक के योगदान को याद करते हुए कहा कि ऐसे ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। यह राष्ट्र की संस्कृति और स्वतंत्रता की विरासत को जीवंत रखते हैं। गणेश उत्सव का यह आयोजन नूतन बाल समाज प्रत्येक वर्ष आयोजित करता है और 103 वर्षों से निरंतर चल रहा है। इससे स्थानीय समुदाय में धार्मिक एकता और संस्कृति जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी, जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के अलावा अन्य नेता उपस्थित रहे। नूतन बाल समाज के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू, अशोक अवस्थी, सभापति सुशील कुमार तिवारी, मंत्री निखिल सक्सेना, सुनील त्रिपाठी, सचिन चतुर्वेदी, अखिलेश शुक्ल, सत्यनारायण श्रीवास, पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान बृजेश पाठक ने प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली स्मारिका का विमोचन किया। यह गणेश उत्सव की परम्पराओं, इतिहास और योगदान को दशार्ती है। उन्होने नूतन बाल समाज के प्रयासों की सराहना की।

## कीटनाशक दवा की पेटी चोरी कर भाग रहे युवक को दबोचा

**ललितपुर।** सिटी चैकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला लक्ष्मीपुरा में रहने वाले देवेन्द्र साहू पुत्र रामस्वरूप साहू ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी नझाई बाजार में बालाजी इण्टरप्राईजेज नाम से दुकान है। बताया कि 31 अगस्त को 2.50 बजे अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान पर आया और उसने दुकान के बगल में स्थित गोदाम के अंदर जाकर कीटनाशक दवा प्रयाक्सर की पेटी चोरी कर ली। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति चोरी की गयी दवा की पेटी अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एक्स 3637 प्लेटिना पर रखकर भागने लगा। मौके पर उसने राहगीरों की मदद से उक्त युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम जूनियर हाईस्कूल के बगल में ग्राम खिरिया लटकनजू महरौनी निवासी मल्लू पुत्र नथुआ कुशवाहा बताया। मौके से डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 व 317 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से फिर एक मासूम बच्चें की मौत, दुकान सील



**नगीना, बिजनौर।** झोलाछाप के इलाज से पांच वर्षीय बालक की मौत हो गई है। घटना के बाद झोलाछाप चिकित्सक नवनीत कुमार अपनी दुकान बंद कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे नोडल अधिकारी डॉ0 प्रमोद कुमार ने दुकान को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी निवासी वाजिद अपने पांच वर्षीय मासूम बालक सुफियान को खांसी की दवाई दिलाने के लिए सोमवार कि सुबह नौ बजे ग्राम के ही मोहल्ला चांदनी चैक मंदिर के पास स्थित डॉक्टर नवनीत कुमार की दुकान पर गया था। परिजनों के अनुसार चिकित्सक ने दवाई के साथ बालक को इंजेक्शन भी लगा दिया। आरोप है कि इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद ही बालक की हालत बिगड़ गई, जिससे घर और दुकान के रास्ते में ही बालक सुफियान ने दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। झोलाछाप चिकित्सक डा0 नवनीत कुमार मासूम बच्चे की जान लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक बालक का पिता अपने मृत बेटे के शव को लेकर दुकान के पास ही तेज बारिश में बैठ गया। पिता की गोद में उसके मृत बेटे के शव को देख ग्राम के हर व्यक्ति की आंखें छलक रहीं थीं। ग्रामीणों में आरोपी चिकित्सक नवनीत के खिलाफ भारी आक्रोश है। ग्रामीणों की मांग थी के आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और बालक के परिजनों को उचित मुआवजा मिले। परिजनों के अनुसार मृतक बालक सुफियान पूरी तरह से स्वस्थ था, मामूली खांसी के चलते उसे चिकित्सक के पास ले जाया गया था। बालक खुद खेलता कुदता अपने पिता के साथ चिकित्सक की दुकान पर गया था, और इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद ही उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि आरोपी चिकित्सक नवनीत धामपुर क्षेत्र के ग्राम बनावली निवासी है और पुरैनी में ही कॉस्मेटिक की दुकान भी चलाता है। सूचना मिलते ही नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार देशवाल मौके पर पहुंचे और दुकान को सील कर दिया।

## राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर में धूमधाम से मनायी गयी राधा अष्टमी

ललितपुर। नगर के मोहल्ला गांधी नगर नई बस्ती में स्थित 1008 श्रीश्री राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर में राधा रानी के जन्मोत्सव, राधा अष्टमी का पर्व, रविवार को नगर के राधा कृष्ण मंदिर में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मंदिर प्रांगण को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी झालरों और विद्युत झालरों से सजाया गया था। सुबह मंगला आरती के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत हुई। दिनभर भजन-कीर्तन और संकीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा, जिसमें स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नज? आए। मंदिर समिति की ओर से विशेष झांकी सजाई गई, जिसमें राधा-कृष्ण की लीलाओं का मनोहारी प्रदर्शन किया गया। दोपहर में हवन और पूजन कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। शाम को आरती के दौरान मंदिर परिसर राधे-राधे और श्याम प्यारे की जय के जयकारों से गूंज उठा। दीपों की रोशनी और भक्ति संगीत ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि राधा अष्टमी केवल एक पर्व नहीं बल्कि यह भक्ति, प्रेम और आस्था का संदेश देती है। इस दिन राधा-कृष्ण की उपासना करने से जीवन में प्रेम, शांति और सुख-समृद्धि का संचार होता है। इस दौरान नगर के विभिन्न कोनों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया और राधा-कृष्ण के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर अपने को धन्य किया। इस दौरान समस्त मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# बच्चों की दस्तारबंदी प्रोग्राम में दीनी तालीम व मुल्क की तरक्की की मांगी दुआ



**नगीना, बिजनौर।** हजरत शाह वाली मस्जिद में हुए दीनी कार्यक्रम में बच्चों की दस्तारबंदी कि गई। इमाम मुफ्ती मोहम्मद आसिफ की देखरेख व शहर इमाम मुफ्ती उवैस अकरम की सदारत मे दीनी कार्यक्रम का आगाज किया गया। नगर की लुहारी सराय स्थित हजरत शाह वाली मस्जिद में हुए दीनी कार्यक्रम में मुफ्ती सूफियान की निजामत मे शुरू किए गए प्रोग्राम में जिन बच्चों ने इस साल हिफ़्ज ए कुरान मुकम्मल किया उनकी दस्तारबंदी और उनको शील्ड से पुरुस्कृत किया गया। जबकि इसमें से 10 बच्चे वह भी थे जिन्होंने पिछले साल हिफ़्ज ए कुरान मदरसा दारुल उलूम देवबंद में मुकम्मल किया था। हिफ़्ज ए कुरआन करने वाले बच्चों में मोहम्मद फैज अहमद, मोहम्मद सुहेल, अब्दुल्ला मोहम्मद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद हुजैफा, मोहम्मद सईद, मोहम्मद हमजा, मोहम्मद अयाज, मोहम्मद उमर, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद रिहान, आदि शामिल है। इस मौके पर दारुल उलूम देवबंद वक़्फ़ के उस्ताद मुफ्ती रफाकत साहब और शहर के तमाम उलेमाओं ने मिलकर इन बच्चों की दस्तारबंदी की। इस मौके पर देवबंद से आए मुफ्ती रिफाकत साहब ने अपने खिताब में कहा हमें अपने बच्चों को दुनिया की तालीम और दीनी तालीम इस तरह से देनी चाहिए कि वह एक अच्छे शहरी और देश की तरक्की में काम आ सके। उन्होंने अपने खिताब में कहा जब एक बच्चा हिफ़्जय कुरान मुकम्मल करता है तो वह अल्लाह की नजरों में बहुत बड़ा मुकाम हासिल कर लेता है। वह ऐसे दस लोगों की सिफारिश करने वाला हो जाता है जिन पर दोजख वाजिब हो जाती है और जब कयामत के दिन वह अल्लाह से उन लोगों की सिफारिश करेंगे तो खुदा उससे खुश होकर उसकी सिफारिश पर उन्हें जन्नत में दाखिल करेंगे। इस मौके पर इमाम मुफ्ती उवैस अकरम ने कहा कि हमें बच्चों को बेहतर से बेहतर तालीम देकर उन्हें एक अच्छा और नैक इंसान बनाने की कोशिश करनी चाहिए। इस मौके पर मुफ्ती इलियास, मुफ्ती फौजैल, वरिष्ठ समाजसेवी हाजी तंजील आलम, मुफ्ती उस्मान, मुफ्ती आसिफ, मौलाना मुनीर, मौलाना वारिस, मुफ्ती मुशाहिद, मुफ्ती शाहिद, मुफ्ती फहीम आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों ने पशु बाजार जुबेरगंज में सीखी क्रय-विक्रय की बारीकियाँ

सोहावल-अयोध्या। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट आई आई एम लखनऊ के प्रतिभाशाली छात्रों ने जनपद अयोध्या के आदर्श पशु बाजार, जुबेरगंज सोहावल का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पशुओं के क्रयद्दविक्रय की पारंपरिक प्रक्रिया, किसानों एवं व्यापारियों से होने वाले संवाद तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था में पशु बाजार की भूमिका पर गहन जानकारी एकत्र की। यह शोध न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती को समझने का प्रयास है।

## पूर्वा खैरा को मिले दो स्वर्ण पदक



**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय, इतिहास विभाग की मेधावी छात्रा पूर्वा खैरा ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झाँसी में एम. ए. इतिहास विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर लक्ष्मीनारायण मित्तल एवं पं. रमेश शर्मा स्मृति कुल दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर नेहरू महाविद्यालय सहित सम्पूर्ण ललितपुर जनपद का नाम रोशन कर हम सभी को गौरवान्वित किया। छात्रा को 30वें दीक्षान्त समारोह में माननीया कुलाधिपति राज्यपाल द्वारा स्वर्णपदक प्रदान किए गए। बेटी पूर्वा को उसके अथक परिश्रम के फलस्वरूप मिली सफलता पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 प्रो0 ओमप्रकाश शास्त्री एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई प्रदान करते हुए सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

# उम्मीद से बेहतर प्रगति

हालांकि तीसरी तिमाही के जो नतीजे आये हैं वह अमरीकी टैरिफ के लागू होने से पहले के हैं लेकिन जिस तरह अर्थव्यवस्था ने तमाम अनुमानों से बेहतर प्रदर्शन किया है, उससे स्पष्ट है कि देश की जीडीपी पर अमरीकी टैरिफ का कोई विशेष असर नहीं पड़ने वाला। यह सही है कि कुछ क्षेत्रों में दिक्कतें आयेंगी और यही कारण है कि सरकार अमरीकी टैरिफ से प्रभावित उद्यमों को विभिन्न तरीकों से राहत देने पर विचार कर रही है। लेकिन समग्र रूप से जिस तरह देश की आर्थिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ रही है उसमें अमरीकी टैरिफ को झेलने के साथ ही प्रगति बनाये रखने की अन्तर्निहित क्षमता है। यही कारण है कि तमाम आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमानों ने अर्थव्यवस्था के जानकारों और पूर्वानुमान लगाने वालों को चौंकाया है। बीते सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि जून तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी जो पांच तिमाहियों में उच्चतम है। सकल मूल्य वर्धन को अर्थव्यवस्था का बेहतर संकेतक माना जाता है और उसमें 7.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस




तिमाही के लिए 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया था। बहरहाल, इस स्तर की वृद्धि को बरकरार रखना या रिजर्व बैंक के पूरे वर्ष के 6.5 फीसदी के लक्ष्य को हासिल करना विपरीत कारोबारी माहौल में चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन पहली तिमाही के मजबूत नतीजों से स्पष्ट है देश की जीडीपी अमरीकी चुनौतियों के बावजूद दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ेगी। पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था के लगभग सभी हिस्सों ने वृद्धि को बल दिया। कृषि क्षेत्र पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.5 फीसदी की तुलना में 3.7 फीसदी की दर से बढ़ा। विनिर्माण क्षेत्र ने 7.7 फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज की जबकि गत वर्ष की समान अवधि में यह 7.6 फीसदी की दर से बढ़ा था। सेवा क्षेत्र भी पिछले साल की तुलना में तेज गति से बढ़ा जबकि खनन और उत्खनन में कमी आई। निर्माण क्षेत्र में भी मंदी रही। उच्च वृद्धि को एक हद तक सरकारी व्यय से मदद मिली जो इस तिमाही में 7.4 फीसदी बढ़ा। गत वर्ष की पहली तिमाही में आम चुनाव के कारण सरकारी व्यय सीमित था। यह सरकारी खातों में भी नजर आया। केंद्र सरकार ने पहली तिमाही में वार्षिक पूंजीगत व्यय बजट का लगभग एक-चौथाई हिस्सा खर्च किया, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह केवल लगभग 16 फीसदी था। पहली तिमाही के आंकड़े उत्साह बढ़ाने वाले हैं लेकिन चुनौतियां बरकरार हैं। वृद्धि के समक्ष सबसे बड़ा जोखिम अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों का है। अनुमान बताते हैं कि करीब 66 फीसदी भारतीय निर्यात को 50 फीसदी या उससे अधिक शुल्क का सामना करना होगा। वृद्धि पर इसका वास्तविक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि यह शुल्क कितने लंबे समय तक लागू रहता है। अगर इस स्तर का शुल्क कुछ तिमाहियों तक भी लागू रहा तो यह रोजगार और घरेलू मांग को प्रभावित करना शुरू कर देगा। सरकार जहां इसके असर को कम करने को लेकर काम कर रही है, वहीं मांग को पहुंचे संभावित नुकसान की भरपाई करने की चुनौती भी है। इसके अलावा, वर्तमान तिमाही की वृद्धि पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि कई परिवार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में संभावित कटौती की उम्मीद के चलते अपने खरीदारी के फैसले टाल सकते हैं। उदाहरण के लिए, कारों सहित कई वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी की संभावना है। हालांकि, इसका असर केवल एक तिमाही तक सीमित रह सकता है, क्योंकि जैसे ही जीएसटी दरें समायोजित होंगी, मांग फिर से बढ़ जाएगी। तीसरी तिमाही और चौथी तिमाही की नतीजों पर त्योहारी खरीदारी और जीएसटी सुधार का असर भी दिखेगा। पहली तिमाही के नतीजे बेहतर शुरूआत हैं, लेकिन इस तेज वृद्धि दर को आगे की तिमाहियों में बनाये रखने की चुनौती भी है।

### विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।
–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।
–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।
–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।
–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।
–संस्कृत लोकोक्ति.

# बीजिंग के साथ रिश्तों में जरूरी है सावधानी


नौशाबा परवीन

**यह ठीक है कि भारत चीन के साथ पुरानी व्यवस्था व अंतर-सरकारी बैठकों को ट्रैक पर वापस लाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन ऐसा ध्यानपूर्वक और जांच-परखकर करना चाहिए। इस मामले में जल्दबाजी की जरूरत नहीं है और न ही चीन की लुभावनी लफ्फाजी के असर में आने की आवश्यकता है कि 'ड्रैगन व हाथी साथ नृत्य कर रहे हैं'।**

वर्तमान में विश्व की अस्थिर अर्थव्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए यह आवश्यक व महत्वपूर्ण है कि दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं भारत व चीन ग्लोबल आर्थिक स्थिरता के लिए आपस में मिलकर काम करें। लेकिन यह संबंध एक दूसरे के हितों व संवेदनाओं पर आधारित होना चाहिए। ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से 31 अगस्त 2025 को द्विपक्षीय मुलाकात करने से पहले। मोदी एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन के थियैनचीन में हैं। बहरहाल, इससे पहले भारत-जापान वार्षिक सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य में पीएम मोदी व जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने ईस्ट चाइना सी की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जहां जापान का बीजिंग के साथ गैर-आबाद सेनकाकू/डियाओयू द्वीप समूह व साउथ चाइना सी क्षेत्रीय विवाद है। गौरतलब है कि अगस्त के शुरू में भारत ने पहली बार फिलीपींस के साथ मिलकर साउथ चाइना सी में पेट्रोलिंग की थी। इससे और जापान के साथ संयुक्त वक्तव्य से यह संकेत मिलता है कि गलवान व लद्दाख की घटनाओं (जिनसे भारत-चीन के संबंध बिगड़ गये थे) के बाद भारत चीन को दो खास संदेश दे रहा है।

एक, ट्रम्प टैरिफ युद्ध की पृष्ठभूमि में भारत चीन से मतभेद कम करने व संबंध सामान्य करने के प्रयासों के बावजूद बीजिंग के आक्रमक व विस्तारवादी रवैय्ये का विरोध करता रहेगा, ताकि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनी रहे। यह क्वाड दृष्टिकोण के भी अनुरूप है, जिसके सम्मेलन की मेजबानी इस साल भारत करेगा। दूसरा यह कि चीन की पिछली हरकतों को ध्यान में रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में साम, दाम, दंड, भेद नीति अपनाते हुए फूंक-फूंककर कदम रख रहा है। यह जरूरी भी है, क्योंकि बीजिंग के साथ पुनः संबंध स्थापित करने के लिए दोनों राजनीतिक सावधानी व चतुराई भरे कमर्शियल करारों की आवश्यकता है और विदेश नीति का फोकस पूर्णतः दीर्घकालीन में 8 प्रतिशत जीडीपी विकास पर होना चाहिए। मोदी और जिनपिंग की पिछली मुलाकात अक्टूबर 2024 में हुई थी। मोदी के



अनुसार, तब से दोनों देशों के बीच 'स्थिर व सकारात्मक' प्रगति हुई है और भारत चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को स्ट्रेटेजिक व दीर्घकालीन योजना के साथ आगे बढ़ाना चाहता है आपसी सम्मान, आपसी हित व आपसी संवेदना के आधार पर और अपनी विकास चुनौतियों को संबोधित करने के लिए स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन को बढ़ाना चाहता है। भारत यह भी चाहता है कि दोनों नई दिल्ली व बीजिंग मतभेदों को विवाद न बनने दें। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि अगर भारत व चीन, जो पड़ोसी व दुनिया के दो बड़े देश हैं, में मजबूत व अच्छे द्विपक्षीय संबंध होंगे, तो इससे बहुध्रुवीय संसार की शांति व समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लेकिन क्या चीन पर भरोसा किया जा सकता है?

**सामयिक**

मोदी सात साल बाद चीन गये हैं। उनकी पिछली दो यात्राएं उनके पहले कार्यकाल में यानी 2018 में थीं- पहली जिनपिंग से वुहान में अनौपचारिक वार्ता के लिए और बाद में वह किंगडाओ में शंघाई को-ऑपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन के लिए गये थे। उन यात्राओं के बाद से ब्रह्मपुत्र में बहुत पानी बह चुका है। गलवान संकट के दौरान भारत व चीन के संबंध बद से बदतर ही हुए थे। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी सेना ने सुनियोजित ढंग से यथा-स्थिति को बदलने का प्रयास किया था, जिसमें सैनिकों की जानें गई थीं। नई दिल्ली इसे माफ कर सकती है, लेकिन भूल नहीं सकती। बहरहाल, इस बीच अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भी जबरदस्त उथल-पुथल हुई है, विशेषकर ट्रम्प की भड़काऊ बातों और भारत के विरुद्ध टैरिफ युद्ध छेड़ने से। जिनपिंग का भी चीन पर पहला सा नियंत्रण नहीं रहा है, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उन्हें चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के भीतर से गंभीर चुनौती मिल रही। भारत-चीन सीमा पर स्थिति काफी हद तक नियंत्रित हो गई है कि सेनाएं फ्रंटलाइन पोजीशन से पीछे हट गई हैं, लेकिन तनाव कम नहीं हुआ है और सेनाएं शांति के समय की लोकेशन पर नहीं लौटी हैं। हां, सीमा प्रबंधन को पेट्रोलिंग समझौतों व बफर जोन बनाकर पुनर्गठित किया गया है। हमारी तरफ बनाये गये बफर जोन की समीक्षकों ने आलोचना की है। यह आलोचना तो होनी ही थी; क्योंकि सीमा प्रश्न पर दोनों पक्ष समझौता करने के लिए तैयार नहीं हैं। सीमा प्रबंधन से इतना तो सुनिश्चित हुआ है कि फौजों में अतीत की तरह हाथापाई नहीं होगी। हाल ही में चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत की यात्रा पर थे। उनकी बातों से ऐसे संकेत मिले थे कि बदलती भू-राजनीति को मद्देनजर रखते हुए चीन भी भारत के साथ व्यापार, वाणिज्य, सियासत, सेना व सीमा मामलों पर वार्ता करने का इच्छुक है।

नई दिल्ली ने बीजिंग को स्पष्ट इशारा दे दिया है कि अब मूल्यांकन केवल शब्दों पर नहीं बल्कि एक्शंस के आधार पर होगा। अगर भारत को फिर से रेयर अर्थ मैग्नेट्स, टनल बोरिंग मशीन व विशेष खाद निर्यात नहीं किये गये, तो स्पष्ट हो जायेगा कि चीन की नीयत संबंध बेहतर करने की नहीं है। चीन इन चीजों के निर्यात को आसानी से खोल व बंद कर देता है। इसलिए हमारे उद्योगों को इस सिलसिले में सतर्क रहना चाहिए और अन्य सप्लाई मार्ग भी खुले रखने चाहिए। ट्रम्प टैरिफ युद्ध के बाद मोदी की एससीओ सम्मेलन में मौजूदगी महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि उन्हें न सिर्फ रूस, चीन व ईरान के प्रमुखों से मिलने का अवसर मिलेगा बल्कि केंद्रीय एशिया के नेताओं से भी, जिससे भारत केंद्रीय एशिया के देशों से व्यापार व निवेश को तेज करके ट्रम्प के टैरिफ की हवा निकाल सकता है। केंद्रीय एशिया से कनेक्टिविटी मुख्य समस्या है, लेकिन ईरान से रिश्ते पुनः बेहतर करके इसका समाधान निकाला जा सकता है।

ईरान-इजराइल युद्ध के दौरान नई दिल्ली की खामोशी की वजह से तेहरान से संबंधों में खटास आ गई थी। जब चीन से द्विपक्षीय संबंध बहाल किये जा सकते हैं, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि ईरान से मतभेद दूर न किये जाएं, जिससे हमारा रिश्ता पौराणिक है और जिसने हर समय हमारा साथ दिया है, ओआईसी में भी। यह ठीक है कि भारत चीन के साथ पुरानी व्यवस्था व अंतर-सरकारी बैठकों को ट्रैक पर वापस लाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन ऐसा ध्यानपूर्वक और जांच-परखकर करना चाहिए। इस मामले में जल्दबाजी की जरूरत नहीं है और न ही चीन की लुभावनी लफ्फाजी के असर में आने की आवश्यकता है कि 'ड्रैगन व हाथी साथ नृत्य कर रहे हैं'। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि चीन भरोसेमंद दोस्त नहीं है और बीजिंग ग्लोबल स्तर पर तो बहुध्रुवीय संसार बनाने पर कार्य कर रहा है, लेकिन एशिया को वह अपने अधीन एकध्रुवीय बनाना चाहता है। शुरूआत वीजा नियमों को आसान करने, पर्यटन को बढ़ावा देने, सीधी फ्लाइट्स आरंभ करने और कैलाश-मानसरोवर यात्रा का विस्तार करने से की जानी चाहिए। फिर जब चीन भारत से उन चीजों का आयात करने लगे जिन पर फिलहाल रोक है, तब चीनी एफडीआई को भारत में आने देने पर विचार करना चाहिए। तभी हम व्यापार को हथियार बनने से रोक सकेंगे, जैसा कि वर्तमान में आर्थिक शक्तियां प्रयास कर रही हैं।

### सोशल मीडिया

कृष्णभक्ति के माध्यम से संपूर्ण विश्व के असंख्य श्रद्धालुओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने वाले इस्कॉन के संस्थापक श्रील भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपादजी की जयंती पर कोटिशः नमन्। सीएम योगी.



डबल इंजन सरकार के 20 वर्षों के निकम्मेपन से त्रस्त जनता अब प्रतिदिन मंत्रियों को खदेड़ रही है। जनता अ कुछ दिनों बाद पूरी एनडीए को खदेड़ देगी। तेजस्वी यादव.



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने पीएम स्वनिधि योजना की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब यह योजना 31 मार्च 2030 तक चलेगी। केशव प्र. मौर्य.



# ईश्वर से निकटता

परमसत्ता के साथ जब आत्मा का साक्षात्कार होता है तो मनुष्य का ईश्वर के साथ सानिध्य स्थापित हो जाता है। आत्म जब ईश्वर के निकट होती है तो उसको परम आनन्द की अनुभूति होती है। जिसमें परमात्मा की सम्पूर्ण सत्ता की व्याख्या को तो अचित्य नेति-नेति कह कर बौद्धिक असमर्थता प्रकट कर दी गयी है पर मनुष्य के साथ परमात्म सत्ता का जितना तालमेल बैठता है उस पर कई दृष्टियों से प्रकाश डाला जाता है। आत्मा के साथ परमात्मा का मिलन निस्संदेह लोहे और पारस के सम्पर्क में सोना बन जाने वाली किवदन्ती सच्चे अर्थो में सार्थक देखी जा सकती है। अमृत और कल्पवृक्ष के लाभ महात्म्य का जो अलंकारिक वर्णन मिलता है उसे परमात्मा के सान्ध्यि से मिलने वाली भौतिक तथा आत्मिक उपलब्यिों को देखते हुए अक्षरशः सही माना जा सकता है। सिद्धियों का चमत्कारी अलौकिकताओं का जो विवरण सधना ग्रंथों में मिलता है, उसे परमात्म सत्ता के साथ जीवात्म के सानिध्य सम्पर्क को सुनिश्चित प्रतिक्रिया कहा जा सकता है। ईश्वर प्राप्ति को जीवन लक्ष्य की पूर्ति पूर्णता में परिणित परम पुरुषार्थ परम लाभ आदि नामों से पुकारा जाता है। आत्मा को परमात्मा की उच्च स्थिति में विकसित कर लेने वाले व्यक्ति निस्संदेह नर रूप में नारायण कहे जा सकते हैं। उनकी विशेषताओं और विभूतियों का वारापार नहीं रहता। आस्था का तीसरा पक्ष है- सद्ज्ञान। इसे विचार विज्ञान कह सकते हैं। विचारों की प्रचण्ड शक्ति और उनकी प्रतिक्रियाओं से बहुत कम लोग परिचित होते हैं। तथ्य यह है कि हाड़ मांस के पुतले में जितना चेतन चमत्कार देखा जाता है वह सब विचार वैभव का ही परिणाम है।

**अंतर्दृष्टि**

व्यक्तित्व की उत्कृष्टता, निकृटता मनुष्य की प्रतिभा, वरिष्ठता और सर्वतोमुखी दुर्बलता का मूल्यांकन किसी के विचारों का स्तर देख कर ही किया जा सकता है।

सफलता और अफलता के कारण साधनों का, परिस्थितियों का नहीं, संकल्प शक्ति और व्यवस्था बुद्धि का ही प्रमुख महत्व रखता है। लोग गलत ढंग से सोचते हैं और गलत विचारों को अपनाते हैं। फलतः जीवन का स्वरूप और भविष्य दोनों की अंधकार से ढ़क जाते हैं। मस्तिष्क को जिस तरह सोचने की आदत है, उसका गुण-दोष के आधार पर विवेचन करते हुए मात्र औचित्य को अपनने की सहसिकता को मनस्विता कहते हैं। मनस्वी लोग ही जीवन का सच्चा आनन्द लेते हैं और दूसरों के श्रद्धा भाजन बनते हैं। स्वाध्याय और सत्संग द्वारा श्रेष्ठ विचारकों से सम्पर्क साधा जाता है और चिंतन, मनन द्वारा आंतरिक उत्कृष्टता को उभार कर उच्च स्तरीय निष्ठाओं पर आरूढ़ हुआ जाता है। दर्शन शास्त्र इसी कांट-छांट के लिए बना है।

# गांव में विकास आ गया

**व्यंग्यलोक**

सत्ता में जो आया उसने विकास का नारा दिया। सो विकास चल निकला। यही विकास एक दिन मेरे गाँव भी आ गया। नये चंद सिरफिरों को पसन्द भी आ गया। उन्हें लगा कि विकास की यह प्रक्रिया अपनाई जा सकती है इसलिए वे भी विकासशील हो गये। इसे अपनाने वाले वे लोग थे जो बेकार थे, जिनके हाथ खाली थे। उन्होंने विकास को आजीविका के रूप में अपना लिया। वह विकास ही किस काम का जिसे अपनाने से सर्व प्रथम स्वयं का कल्याण न हो। बस दनादन पुख्ता मकानों की नींव धरी जाने लगी। अकाल अलग हो गया-इसलिए नेताजी ने जो राहत भेजी उसका खून गाँव के विकासशीलों के पृथक् से मुँह लग गया। इस तरह वे आबाद हो गये। गाँव के विकास के लिये 'नवयुवक मण्डल नाम से एक संस्था का गठन किया गया। जो चंद लोग शहर में विकास की चकाचौंध देख आये थे-वे तमाम उसके सदस्य थे। मण्डल की पहली बैठक हुई तो उसके एजेण्डा में- मेरा नाम स्थानान्तरित कराये जाने वाले लोगों में शामिल था। मैं घबरा गया कि यह नवयुवक मण्डल का गठन क्या मेरे लिए ही किया गया है। दौड़ कर मैं विकासशीलों के अध्यक्ष से मिला और बोला-'अमां यार तुम हमारे गाँव के हो और हमारा ही तबादला करवा रहे हो। गाँव में पड़े हैं। अपने बच्चों का लालन-पालन कर रहे हैं, यदि तबादला हो गया तो सारा घर अव्यवस्थित हो जायेगा। अध्यक्ष जी तो विकास की लहर के शिकार थे सो बोले- 'गाँव के विकास के लिए आपका इस गाँव से स्थानान्तरण अत्यावश्यक है। मण्डल की बैठक में भी यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हो गया है, इसलिए अब कुछ नहीं किया जा सकता। 'लेकिन मैं विकास में आड़े कहाँ आ रहा हूँ और मैंने बिगाड़ा क्या है? मैंने पूछा। वे बोले-'विकास में तुम ही तो सबसे बड़ी बाधा हो। दरअसल आपने ईमानदारी का प्रमाण-पत्र ले रखा है और हमें ईमानदारों से डर लगता है। स्कूल में जो निर्माण कार्य चल रहा है, उसका सारा हिसाब-किताब आपके पास है। आप पूरी ईमानदारी से उसे निपटाते हैं। तीन वर्ष से कोई घपले के चांसेज नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में आपके खिलाफ चार्जेज लगाकर तबादला करवाने के अलावा हमारे पास और क्या विकल्प रह जाता है? 'लेकिन इसमें मैं बाधा कहाँ उत्पन्न कर रहा हूँ। यदि मैं हिसाब-किताब सही रखता हूँ तो इसमें विकास को बल ही मिलेगा। पूरा पैसा विकास में लगेगा। मैंने कहा। 'इसका मतलब आप विकास का अर्थ ही नहीं जानते। 'मैं तो विकास का अर्थ यही जानता हूँ कि जन-कल्याण अधिक-से-अधिक हो तथा लोगों को सभी प्रकार की सुख-सुविधाएँ मिले। मैंने कहा। इस पर वे दाँत पीस कर बोले-'तो फिर आप अपने इस गाँव से बोरिया-बिस्तर बाँध लीजिए।


पूरन सरमा

# केरल की सांस्कृतिक पहचान है ओणम पर्व


धर्म/संस्कृति

केरल का सबसे बड़ा और राज्य पर्व ओणम है, जो पूरे 10 दिनों तक मनाया जाता है। इसकी शुरूआत अथम से होती है और समापन थीरूवोणम पर, जो कि बड़ी संख्या में मलयाली लोग या केरलवासी खाड़ी देशों जैसे यूएई, कतर, सऊदी अरब और कुवैत में बसे है, साथ ही अमेरिका, यूरोप और एशिया प्रशांत के देशों सिंगापुर या मलेशिया में भी इनकी काफी संख्या है। इसलिए हाल के सालों में ओणम स्थानीय केरल वासियों का पर्व न रहककर एक बहुसांस्कृतिक पर्व के रूप में अपनी प्रतिष्ठा देश विदेश में गैर केरलवासियों के बीच भी बनायी है।

जैसे इन दिनों दीवाली और क्रिसमस बहुसांस्कृतिक त्योहार के रूप में पूरी दुनिया के लोगों के बीच लोकप्रिय हुए हैं, उसी तरह से ओणम भी आज देश विदेश में बड़े उत्साह से गैर केरलवासियों के बीच भी मनाया जाता है। यही वजह है कि हाल के सालों में मुंबई, बंग्लुरु, हैदराबाद और दिल्ली जैसे महानगरों में बड़े पैमाने पर ओणम महोत्सव आयोजित होने लगे हैं। इन महोत्सवों में निःसंदेह बड़ी संख्या में केरलवासी भी होते हैं। लेकिन दूसरे प्रांत के लोगों की भी अच्छी खासी और कई जगहों पर केरलवासियों से भी ज्यादा संख्या होती है। केले के पत्ते पर परोसे जाने वाले दर्जनों व्यंजनों वाला ओणम साध्य आज देश विदेश के रेस्टोरेंट्स और होटलों में आकर्षण का विषय बन चुका है। दुबई, सिंगापुर, लंदन और न्यूयार्क जैसे शहरों में भी हर साल बड़ी संख्या में ओणम फूड फेस्टिवल आयोजित होते हैं। इन सब वजहों से आज ओणम सिर्फ मलयाली लोगों का त्योहारभर नहीं है बल्कि भारत के विशिष्ट सांस्कृतिक पर्वों में से एक बन चुका है। बहरहाल 10 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाने वाला यह पर्व राजा महाबली की स्मृति में मनाया जाता है। मान्यता है कि त्रेतायुग में असुर राजा महाबली ने केरल पर न्यायपूर्ण और समृद्ध शासन किया था। उसकी ख्याति और बढ़ती प्रतिष्ठा से देवता जल-भुन गये थे और उन्होंने भगवान विष्णु से महाबली को सबक सिखाने के लिए कहा। इस पर भगवान विष्णु वामन अवतार में महाबली के पास आये और छल से उन्हें पाताल लोक भेज दिया। लेकिन भगवान विष्णु ने महाबली को वरदान दिया कि वह साल में एक बार अपनी प्रजा से हर साल मिलने आएंगे। वास्तव में ओणम का पर्व इसी खुशी में मनाया जाता है। हालांकि इस सांस्कृतिक-पौराणिक कथा के पीछे एक कथा यह भी है कि यह धान की नई फसल की कटाई का पर्व है और इसे समृद्धि व खुशहाली के प्रतीक के तौरपर मनाया जाता है। बहरहाल वजहें कुछ भी हों यह रंग-बिरंगा सांस्कृतिक पर्व वास्तव में केरलवासियों की उत्सवधर्मिता का प्रतीक है। ओणम में बहुसांस्कृतिक विविधता देखने को मिलती है। इस महापर्व के कई आकर्षक हिस्से हैं। उनमें से एक है- पूक्कलम, जिसके तहत केरल के लोग अपने घरों के आंगन में रंग-बिरंगे फूलों की रंगोली सजाते हैं। दूसरा बेहद आकर्षक हिस्सा है ओणम साध्य। इस हिस्से में लोग केले के पत्ते पर 25 से 30 तरह के पारंपरिक व्यंजन परोसते हैं और सामूहिक रूप से उसका आनंद लेते हैं। वैसे ओणम साध्य की यह परंपरा अब केरल की एक विशिष्ट भोजन पहचान बन गई है और देश विदेश के दर्जनों ऐसे होटल हैं, जो ऑथेंटिक केरलाइट फूड परोसने के नाम पर ओणम साध्य की प्रक्रिया अपनाते हैं और 25 से 30 तरह के विविध व्यंजनों की हरी भरी केले के पत्ते वाली थाली का आकर्षण लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। ओणम पर्व का एक और आकर्षक हिस्सा वल्लमकली यानी नौका दौड़ है। लेकिन इस नौका दौड़ में शामिल होने वाली नावें सामान्य नावें नहीं होतीं बल्कि स्नेक बोट यानी सांप के आकर वाली नावें होती हैं। इस स्नेक बोट रेस को देखने और इसका आनंद लेने के लिए लाखों पर्यटक केरल की यात्रा करते हैं। ओणम पर्व का एक और मनमोहने वाला कथकली और मोहिनीअट्टम जैसे नृत्यों से सजा होता है। इस मौके पर जगह जगह लोग इन दोनो नृत्यों में अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करते हैं। इसे देखने के लिए भी इस पर्व के मौके पर देश विदेश के लोग केरल पहुंचते हैं। 10 दिनों का बेहद रंगा-रंग त्योहार ओणम इसका अंतिम दिन फिर ओणम के नाम से जाना जाता है। पारंपरिक खेल परंपरा और विशेष रूप से कुश्ती के लिए भी मशहूर है। इसे ओणकलिकल कहा जाता है। यह भी ओणम पर्व का बेहद आकर्षक हिस्सा है और देश विदेश के लोगों को अपनी तरफ खींचता है। ओणम वास्तव में केवल एक पर्व नहीं बल्कि केरल की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक एकता और मिल जुलकर उत्सव मनाने की परंपरा का प्रतीक है।

धीरज बसाक.

## आपकी बात

### खाली पदों को जल्द भरें

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### ग्लोबल वार्मिंग का खतरा

जलवायु परिवर्तन का संकट अब सीधे-सीधे मानव समाज के अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इसलिए इससे निपटने, लोगों को जागरूक करने और सरकार के नियोजित प्रयासों की तुरंत जरूरत है। देश के कई इलाके जलवायु परिवर्तन के शिकार हैं सो संबंधित राज्यों को समय रहते इससे पैदा होने वाले खतरों से निपटने की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए, लेकिन इस संदर्भ में विशेष चेतना तथा कार्य प्राथमिकता बहुत कम राज्यों में दिखती है। लगभग सभी राज्यों के पास कथित तौर पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने की ठोस योजनाएं है। बेशक कोई राज्य अतिवृष्टि, बाढ़ से अधिक प्रभावित होता है तो कोई सूखे, लू, बर्फबारी, भूस्खलन से, किसी को कोई अन्य पर्यावरणीय परेशानी है, सबब यह कि राज्यों की नीतियां भी उनके अनुरूप बनाई गई हैं। मगर जलवायु परिवर्तन एक मूल कारण है और बाकी उसके लक्षण, प्रकार या विभेद। राज्यों को प्रकार और विभेदों से निपटने की रणनीति के साथ मूल समस्या से लड़ने की भी मजबूत योजना बनानी होगी। लेकिन जलवायु परिवर्तन के खतरे के इतने नजदीक आने के बावजूद ज्यादातर राज्य अपनी योजनाओं को लेकर बस कदमताल करते दिखते हैं। उन्हें अपने ही निर्धारित क्लाइमेट एजेंडा की गंभीरता के प्रति बहुधा उदासीन देखा गया है। वन हरित क्षेत्र को दूने से ज्यादा बढ़ाना, राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाबों और सूख चुके जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्राकृतिक वैकल्पिक समाधान देना, इनमें कितने राज्य सफल हो पाए। रसायन एवं खाद्य उद्योग में बायोमास, कोयला, बिजली, गैस फीडस्टाक, हाईड्रोजन, रिफाइंड लिक्विड आदि की वास्तविक खपत विभिन्न उद्योंगों में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल संबंधी आंकड़े और तय समय में उसकी कमी कौन आंक रहा है। ई-वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में अधिकांश राज्यों का प्रदर्शन बहुत प्रशंसनीय नहीं है। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, जलवायु परिवर्तन संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम और शैक्षणिक संस्थानों में क्षेत्र की जैव विविधता पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव पढ़ाना हो या मवेशियों, पालतू पशुओं पर इसके प्रतिकूल प्रभावों पर व्यापक शोध कराना, कौन सा राज्य किस स्तर पर कर रहा है यह जांचने से निराशा हाथ लग सकती है। ग्लोबल वार्मिक के संकट को टालने के लिए अब ईमानदारी से और दूरगामी प्रयास की जरूरत है।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## जीपीएफ अदालत का आयोजन 4 को

अयोध्या। मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने बताया कि महालेखाकार, प्रयागराज के उप महालेखाकार की अध्यक्षता में वरिष्ठ लेखाधिकारी/कोषागार निरीक्षण (प्रकोष्ठ) द्वारा जी0पी0एफ0 अदालत का आयोजन दिनांक 04 सितंबर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से सर्किट हाउस अयोध्या में किया जाएगा।

उन्होंने सभी विभागों को जी०पी०एफ० अदालत में कार्मिकों के जी०पी०एफ० मिसिंग, जी०पी०एफ० भुगतान सम्बन्धी सभी लम्बित मामले, एन०पी०एस० से जी०पी०एफ० में स्थानान्तरित कार्मिकों से सम्बन्धित लम्बित प्रकरण, जी०पी०एफ० सम्बन्धी शिकायते एवं अन्य संवेदनशील मुद्दे इत्यादि से सम्बन्धित सूची के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## करंट से युवक की मौत

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के दिलासीगंज में एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सरयू नदी पर बनेगा एक किमी लंबा और 10 मीटर चौड़ा सेतु

**अयोध्या।** प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को एक और बड़ी सौगात दी है। सरयू नदी पर एक किलोमीटर लंबा और 10 मीटर चैड़ा नया सेतु बनाया जाएगा, जिससे अयोध्या का विकास और तेजी से होगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 273 करोड़ रुपये है। हाल ही में विधायक दल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति दे दी है।

- हाल ही में विधायक दल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने परियोजना को दी है स्वीकृति
- लता चैक से नया घाट व कटरा तक नए सेतु के निर्माण को स्वीकृत
- करीब 273 करोड़ की लागत से होगा नये सेतु का निर्माण

यह सेतु लता चैक से नया घाट और कटरा को जोड़ेगा, जिससे अयोध्या और गोंडा के बीच आवागमन और सुगम हो जाएगा। पुराने सेतु के समानांतर बनने वाला यह नया पुल अयोध्या के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।अयोध्या धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भारत का एक प्रमुख केंद्र है, अब विकास के नए आयाम छू रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में बेहतर सड़क और यातायात व्यवस्था की आवश्यकता को देखते हुए योगी सरकार ने इस सेतु के निर्माण का निर्णय लिया है। यह नया सेतु न केवल स्थानीय लोगों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी अयोध्या की यात्रा को और सुविधाजनक बनाएगा। इस सेतु का निर्माण अयोध्या के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुराने सेतु पर बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने के लिए इस नए पुल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह सेतु न केवल अयोध्या और गोंडा के बीच की दूरी को कम करेगा, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस परियोजना से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि अयोध्या की आर्थिक समृद्धि में भी योगदान मिलेगा।

स्थानीय प्रशासन ने इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी की जाएगी। इस सेतु के बनने से न केवल अयोध्या और गोंडा के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। अयोध्या के निवासियों ने इस परियोजना का स्वागत किया है। सेतु निगम के उप प्रबंधक रोहित अग्रवाल ने बताया कि यह सेतु न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि अयोध्या की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा। परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है। अन्य फार्मेल्टिज पूरा कर काम शुरू कराया जाएगा।

# प्रेमी ने की थी युवती की हत्या मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार



**अयोध्या।** थाना कैंट क्षेत्र में युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि युवती की हत्या उसके प्रेमी राजू यादव ने की थी, जबकि परिजनों ने शुरू में आलोक निषाद पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।आलोक से युवती का विवाह तय किया गया था, लेकिन राजू यादव लगातार विवाह के लिए दबाव बना रहा था। सर्विलांस सेल और थाना कैंट पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी राजू यादव को गिरफ्तार कर लिया।

- आरोपी की निशानदेही पर मृतका का मोबाइल हुआ बरामद

आरोपी की निशानदेही पर मृतका का मोबाइल भी बरामद हुआ। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गिट्टी-सरिया चढ़ाने का काम करता है और मृतका से कई महीनों से उसकी बातचीत होती थी। शादी को लेकर दबाव बनाने पर युवती ने मना कर दिया। इसी विवाद के चलते दोनों की मुलाकात के दौरान कहासुनी हुई। आरोपी ने पहले जबरन शारीरिक संबंध बनाए और फिर गुस्से में आकर सलवार से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को खेत में फेंक दिया और मोबाइल व कपड़े छिपा दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि पुलिस ने मात्र 24 घंटे में घटना का खुलासा कर दिया है। मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में पैरवी कराते हुए आरोपी को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाएगी।

## मलिक समाज फाउडेशंन राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न



**बाराबंकी।** मलिक समाज फाउडेशंन कार्यालय पर मुख्य अतिथि फाउंडेशन संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष इरशाद मलिक की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक मे आने वाले समय में आगामी 14 सितम्बर को एक प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक को लेकर चर्चा की गई। बैठक मे संस्थापक श्री मलिक ने कहा शिक्षा पाने का उद्देश्य केवल निजी व सरकारी विभागों में कुछ पदों पर आसीन होना नहीं है। बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। एकता की ताकत को समझ संगठन को मजबूत बनाये। बैठक मे इंतजार मलिक लखनवी, इशरत मलिक, एजाज मलिक, शकील मलिक, जुनैद मालिक, अब्दुल हलीम मलिक, मौलाना हसन नदवी मलिक, हाजी इरफान मलिक, कदीर मलिक, शहाबुद्दीन मलिक, एहसान उल मलिक, अशरफ मलिक, शोएब मलिक, असीम मलिक, मौलाना निसारुल इस्लाम मलिक, इरशाद हुसैन मलिक, मास्टर मोहम्मद शोएब कामिल मलिक मौजूद रहे।

## राई-सरसो बीज मिनीकिट के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बहराइच ।** उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा जनपद को 3700 पैकेट ( 74.00 कुन्तल ) निःशुल्क राई सरसों बीज मिनीकिट वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अगामी रबी सीजन 2025-26 की बुआई से पूर्व कृषि विभाग के पंजीकृत कृषको को निःशुल्क तिलहनी बीज मिनीकिट राई सरसों प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदनकर्ता किसानों का आनलाइन लाटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा। चयनित पात्र किसानों को पी.ओ.एस मशीन के माध्यम से राई सरसों बीज मिनीकिट का वितरण किया जाएगा। उन्होनें बताया कि इच्छुक किसान 25 सितम्बर 2025 तक कृषि विभाग के पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर निःशुल्क तिलहनी बीज मिनीकिट राई-सरसो प्राप्त कर सकते है।

# सीएचसी सोहावल व रुदौली की प्रभारी का हुआ तबादला

जिला संवाददाता

अयोध्या। जिलाधिकारी के निर्देश पर शुरू हुई जांच सी एच सी प्रभारी के विरुद्ध गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर सुशील कुमार बानियान को इन्हे सीएचसी सोहावल से हटाना ही पड़ा। इन्हें अब सीएचसी रुदौली का प्रभार सौंपा गया है।

उनकी जगह रुदौली से स्थानांतरित कर भेजी गई डाक्टर अपर्णा कोहली अब सोहावल की प्रभारी बनाई गयी हैं। रविवार को तीन चिकित्सा अधीक्षक एवं एक चिकित्साधिकारी का स्थानांतरण किया गया है।

सीएमओ बानियान ने बताया कि हैदरगंज सीएससी अधीक्षक रहे अवधेश कुमार सिंह को 18 अगस्त 2025 को अधीक्षक पद से हटा दिया गया था। इन्हे पूर्व में किए गए आदेश को निरस्त करते हुए दोबारा हैदरगंज अधीक्षक बना दिया गया है। बताते चलें कि सोहावल में अधीक्षक रहीं डाक्टर फातिमा हसन का आशा बहुओं सहित कर्मचारी विरोध कर रहे थे। रविवार को आशा बहुओं ने डाक्टर फातिमा को हटाने के लिए जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया था। डीएम और बीकापुर विधायक तक न्याय के लिए गुहार के बाद जांच शुरू की गयी थी। विरोध को देखते हुए डा0 फातिमा ने सीएमओ से अनुरोध किया था कि उन्हें सोहावल से हटा दिया जाए। सीएमओ ने विवाद को शांत कराते हुए डाक्टर फातिमा हसन को रुदौली सीएचसी का अधीक्षक बनाया गया है।

सीएचसी सोहावल में तैनात रहे डा0 धर्मेन्द्र राव का भी स्थानांतरण सीएचसी रुदौली के लिये कर दिया है।

# गलत ब्लड रिपोर्ट देने के मामले में सीएमएस ने की कार्यवाही

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज की पैथोलॉजी से प्रसव पीड़ित महिला की हुई खून जांच में गलत रिपोर्ट देने का मामले में अब मामले में नया मोड़ आ गया है। अस्पताल के सीएमएस रवि पांडे ने कर्मचारियों को हटा दिया है। बताते चलें कि खंडासा थाना क्षेत्र के राय पट्टी गांव निवासी आशीष कुमार सिंह अपनी पत्नी नंदिनी सिंह का इलाज संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज से करवा रहे थे अस्पताल के चिकित्सक ने बीते 1 अगस्त को महिला नंदिनी सिंह के ब्लड की जांच कराई जहां पैथोलॉजिस्ट की ओर से उन्हें उनके ब्लड ग्रुप को भी नेगेटिव बताते हुए रिपोर्ट दे दी गई। प्रसव पीड़ा होने के उपरांत संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया। वहां पर भी डॉक्टरों ने संयुक्त चिकित्सालय की जांच रिपोर्ट को सही मानते हुए बिना जांच कराए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने दो यूनिट ब्लड की डिमांड की, इसके बाद ब्लड बैंक की ओर से महिला के ब्लड की जांच की गई जहां रिपोर्ट में महिला का ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव निकला के बाद मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों सहित महिला के तीमारदारों में हड़कंप मच गया ।हालांकि महिला का डॉक्टर द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया जहां जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मेडिकल कॉलेज लखनऊ से अपने घर वापस लौटने के उपरांत महिला के पति आशीष कुमार सिंह ने बीते सोमवार को संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के सीएमएस को समूचे घटनाक्रम की लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की गुहार की थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर रवि पांडे ने जांच के लिए टीम गठित करती थी उन्होंने बताया कि पीसीओटी कंपनी और शासन के करार के द्वारा विकास यादव यहां कार्यरत जांच कमेटी को उसने बताया कि मानव भूगोल बस गलत ब्लड ग्रुप लिख गया था उन्होंने बताया कि जांच समिति के संस्कृति के आधार पर कार्यवाही करते हुए कमी को हटा दिया गया है जिसकी सूचना कंपनी व शासन को दे दी गई है उन्होंने बताया कि या कार्रवाई 30 अगस्त को की गई है जिसकी जानकारी शिकायतकर्ता को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया तथा कार्यालय आकर पत्रावली अवलोकन करने के लिए भी कहा गया है।

## पोलियो व अपंग रोगी शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या। रोटरी क्लब फैजाबाद के द्वारा देवा मेमोरियल हॉस्पिटल में पोलियो एवं अपंग रोगी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पंद्रह से अधिक लाभार्थियों को कृत्रिम अंग व बैसाखी आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी गवर्नर डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल आर्थोसर्जन वाराणसी से रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सजन अग्रवाल व डॉक्टर अतुल वर्मा ने की। इस कार्यक्रम के उपरांत रोटरी गवर्नर ने टिप्सी टाउन के ट्यूलिप हॉल में रोटरी क्लब फैजाबाद के सदस्यों को समाज सेवा के बड़े प्रोजेक्ट करने के लिए प्रेरित किया।

गवर्नर ऑफिशियल विजिट कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने वर्ष भर के रोटरी क्लब के कार्यों की समीक्षा की और संतोष जताया। रोटेरियन नीरज श्रीवास्तव ने वर्ष 2025-26 की सचिव रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## अजादारो के लिए लगाया शबील



**बाराबंकी।** रसूल हजरत मोहम्मद मुस्तफा स0अ0स0 के नवासे इमामे हुसैन अ0स0 ने अपने परिवार सहित अन्य साथियों की शहादत के बाद घरवालों की मदीना वापसी पर 8 रबीउल अव्वल का अदविदाई जुलूस मौलाना गुलाम अस्करी हाल से शुरू हुआ। जुलूस का सिविल लाइन स्थित पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किदवाई आवास पर पूर्व केबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप के नेतृत्व में अजादारो को शबील का वितरण किया गया। इस मौके पर चैधरी शुऐब अहमद, तैय्यब किदवाई, शब्बर रिजवी, सिकन्दर अब्बास रिजवी, वसीउद्दीन, अली अतहर रिजवी, चैधरी इरफान, समर, जौहर आदि ने अजादारो मे शबील वितरण किया।

# आयुर्वेद है सुस्वास्थ्य का उत्प्रेरक : डॉ. अनिल मिश्रा

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** आज की अस्वास्थ्यकर जीवन शैली में सिर्फ आयुर्वेद पद्धति की जीवन चर्या ना केवल सुस्वास्थ्य की पोषक है बल्कि यह मनुष्यों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता मे वृद्धि कर रोगों का समूल नाश कर सकती हैं उपरोक्त उद्गार व्यक्त करते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी डा अनिल मिश्रा जी ने अयोध्या संघ कार्यालय ₹साकेत निलयम₹ में विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या के चिकित्सकों की मासिक बैठक मे उपस्थित समस्त आयुर्वेद चिकित्सकों की भूरि भूरि प्रशंसा की। अध्यक्ष डा लवकुश निगम व सचिव डा गरिमा सिंह ने बैठक में समाज की स्वास्थ्य उन्नति और नैतिक उन्नति के साथ साथ, जिले में आयुर्वेद चिकित्सकों के उज्वल भविष्य के लिए एवं आयुर्वेद के प्रचार प्रसार संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी इस बैठक में मुख्य संरक्षक व प्रचार प्रमुख डॉ आनंद उपाध्याय जी व विश्व आयुर्वेद परिषद उत्तर प्रदेश के चिकित्सक प्रकोष्ठ सहप्रभारी डा पंकज श्रीवास्तव जी का पाथेय मिला।उन्होंने तीन चिकित्सकों क्रमशः डॉ राहुल सिंह जी , डॉ समीक्षा जी, डॉ पूजा जी का नए कार्यकारिणी सदस्य के रूप में स्वागत किया। कोषाध्यक्ष डा राहुल कुमार गुप्ता द्वारा प्रस्तावित बैठक में तीन प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुए। जिसमें से मुख्य बिंदु विद्यालयों में किशोरियों के लिए रजोदर्शन जागरूकता कार्यक्रम का प्रारंभ होना रहा।सभी पारित प्रस्ताव, सितंबर माह से ही लागू कर दिए जाएंगे।बैठक का संचालन वैद्य विवेक श्रीवास्तव चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रभारी अयोध्या ने किया। कार्यक्रम का समापन भगवान धन्वंतरि स्तवन व शान्ति पाठ से हुआ।

- विश्व आयुर्वेद परिषद की मासिक बैठक सम्पन्न

# उवर्रक बिक्री केंद्रों का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**बहराइच ।** जनपद में यूरिया वितरण का जायजा लेने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव के साथ विकास खण्ड चित्तौरा के बहुउद्देशीय सहकारी समिति डीहा का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा निरीक्षण किया तथा समिति पर मौजूद किसानों से संवाद स्थापित करते हुए यूरिया वितरण के सम्बंध में आवश्यक जानकारी भी प्राप्त करते हुए कहा कि यूरिया प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या हो तो उच्च अधिकारियों को अवगत कराये।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने सहकारी समिति के स्टॉक, वितरण, पंजिका एवं गोदाम का भी निरीक्षण किया। उन्होंनें निरीक्षण के दौरान समिति की कार्य प्रणाली, खाद वितरण एवं किसानों की समस्याओं की समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान किसानों की संख्या को देखते हुए जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिये गये कि समिति पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराये ताकि किसानों को यूरिया प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। सीडीओ ने समिति प्रभारी को निर्देश दिया कि शासन की मंशानुसार खाद का वितरण करें।

समिति पर आने वाले किसानों की हर संभव सहायता की जाय। समिति पर किसानों को आधार कार्ड और टोकन व्यवस्था के साथ यूरिया का वितरण किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त सीडीओ ने संतोष खाद बीज भण्डार सरसापारा का भी निरीक्षण किया। यहां पर सीडीओ ने अपने समक्ष किसानों को लाइन लगवाकर खाद का वितरण भी कराया।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव

अयोध्या। बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता जी के विषय में अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के नेतृत्व में नारे लिखी तख्तियां हाथों में लिए नरेन्द्रालय से जुलूस की शक्ल में निकलीं और कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पहुंचकर घेराव किया।

इस दौरान महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के गौरव हैं। उनकी माता जी के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी न केवल निंदनीय है बल्कि समाज की संस्कृति के खिलाफ भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की यह मानसिकता जनता देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब जनता जरूर देगी।

## एसपी ने शिकायतों को निस्तारण करने के दिए निर्देश



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

## एसडीएम ने मोनालिसा जौहरी से मुलाकात कर संगठन के बारे में विचार मंथन किया



**बहराइच।** रुपईडीहा बहराइच उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन पर जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन जिला सचिव / जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच केशव कुमार मौर्य के कुशल नेतृत्व में रुपईडीहा नानपारा टीम उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी से औपचारिक भेंट मुलाकात कर अपराध निरोधक समिति संगठन के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया त्यौहार गणेश पूजा गणेश विसर्जन आगामी पूजा दुर्गा पूजा शांति सुरक्षा के बारे में विचार विमर्श एवं वार्ता की गई आपको बताते चलें इस शुभ अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा को फूलों का गुलदस्ता एवं समिति के द्वारा प्रकाशित सेवा पथ दर्पण पुस्तक देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर शेर सिंह कसौधन जिला उपाध्यक्ष बहराइच केशव कुमार मौर्य जिला सचिव \ जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच विनोद कुशवाहा जिला उप सचिव रमेश कुमार मिश्रा संयोजक राजेश कुमार शर्मा उर्फ. टिल्लू शर्मा नगर संयोजक अशोक कुमार श्रीवास्तव नगर सचिव नानपारा आदि लोगों उपस्थित रहे

# वोट चोरी के विरोध में भाकपा ने किया प्रदर्शन,सौपा ज्ञापन




**बाराबंकी।** बिहार में विशिष्ट गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बहाने वोट चोरी के विरोध मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदर्शन करते हुये महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। इस मौके पर जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी की तरह कार्य कर रहा है। उसकी प्रेस वार्ता भी विपक्ष को धमकाने जैसी होती है। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा बिहार में एसआईआर लागू कर गरीबों, मजदूरों की वोट चुराने का कार्य हो रहा है। 65 लाख वोट काटे हैं। दूसरी तरफ शून्य मकान नम्बर पर 80 वोट दर्ज हैं। सह सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा खाद की कमी है। किसान लाइन में लगे हैं, उनकी पिटाई भी होती है और सरकार झूठ बोल रही है कि खाद की कोई कमी नहीं है। कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने कहा महाराष्ट्र में अंतिम 1 घंटे में पचास लाख वोट कैसे पड़ गये। चुनाव आयोग 8 दिन तक कुल पड़े मतों का प्रतिशत तक नहीं बता पता है। ज्ञापन सौपने वालो मे संदीप वर्मा, संदीप तिवारी, दीपक वर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव, श्याम सिंह, अंकुल वर्मा, महेन्द्र यादव, प्रेम चंद वर्मा, दीपक शर्मा, पवन वर्मा, रामनरेश, आशीष शुक्ला, धर्मेंद्र शर्मा, राजकुमार, अमर सिंह, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, करन राजपूत मौजूद रहे।

# नो हेलमेट नो फ्यूल रणनीति पर जनपद में सख्ती से होगा अमल

जिला संवाददाता



**बहराइच ।** हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर प्रभावी अंकुश तथा सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के निर्देश पर जनपद में ह्यह्यनो हेल्मेट, नो फ्यूलह्लह्ल की रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किये जाने के उद्देश्य से जनपद में 01 से 30 सितम्बर 2025 तक संचालित होने वाले अभियान के प्रथम दिन एआरटीओ (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह ने इण्डियन ऑयल डिगिहा पेट्रोल पम्प, इण्डियन ऑयल चोपड़ा पेट्रोल पम्प, माँ भगवती पेट्रोल पम्प पानी टंकी एवं केडीसी के निकट स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प पर जाकर उपस्थित लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया ।पेट्रोल पम्पों के निरीक्षण के दौरान एआरटीओ श्री सिंह ने आमजन को बताया कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उ.प्र. मोटरयान नियमावली-1998 के नियम 201 के अनुसार सभी मोटर साईकिल चालको एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्राविधानों का उल्लंघन करने पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम के तहत दण्डनीय है। जिसमें जुमार्ना का प्राविधान भी है। श्री सिंह ने पेट्रोल पम्प संचालकों से कहा कि ह्यह्यनो हेल्मेट, नो फ्यूलह्लह्ल की रणनीति पर अमल करें तथा हेल्मेट के बगैर किसी व्यक्ति को पेट्रोल कदापि न दें। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम व एसपी द्वारा समस्त पेट्रोलियम कम्पनी के विक्रय जनपद बहराइच के सभी पेट्रोल पम्प द्वारा 02 पहिया वाहन चालकों को बिना हेल्मेट के पेट्रोल का विक्रय नही किया जायेगा। बैठक के माध्यम से यह भी निर्देश दिये गये हैं कि 01 से 30 सितम्बर 2025 तक ह्यह्यनो हेल्मेट, नो फ्यूलह्यह्य की रणनीति के प्रचार-प्रसार के लिये सभी सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक स्थानो, पेट्रोल पम्पों,रणनीति का प्रचार-प्रसार किया जाय ताकि आमजनमानस को अभियान की जानकारी हो सके।

- 30 सितम्बर तक जनपद में संचालित होगा अभियान

## केला रोपण के लिए उपयुक्त समय का लाभ उठायें कृषक

**बहराइच ।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि वर्तमान समय में केला रोपण का उपर्युक्त समय प्रारम्भ है। विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी मिशन अन्तर्गत केला उत्पादक कृषक जनपद हेतु नामित कम्पनी से कृषक अंश जमा करते हुए पौधा प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से विभागीय पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट कॉम पर स्वयं, जनसेवा केन्द्र अथवा कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर अपने प्रपत्र कार्यालय में जमा कर सकते है। कृषकों का चयन ह्यह्यप्रथम आवक-प्रथम पावकह्लह्ल वरीयता के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए योजना प्रभारी पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। श्री चैधरी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ए59.00 हे.) शाकभाजी क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत 200 हे. (सामान्य 180 हे. एवं एससीपी 20.00 हे.) का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा के द्वारा प्रदर्शन किया गया इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे व महिला मोर्चा की संयोजिका रंजीता श्रीवास्तव सोनी ने किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से सदर विधायक अनुपमा जायसवाल की उपस्थिति विशेष तौर पर रही। प्रदर्शन राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव की उपस्थिति में बिहार में आयोजित जनसभा में कांग्रेस पार्टी के मंच से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की स्वर्गीय माता जी का अपमान किए जाने पर मातृ शक्ति के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में महिलाएं पोस्टर लेकर चल रही थी ।यह प्रदर्शन नगर पालिका परिसर से चलकर कांग्रेस कमेटी भवन कार्यालय स्टील गंज तालाब तक गया। जहां पर महिला मोर्चा के महिलाओं ने सड़कों पर बैठकर प्रदर्शन किया ।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुषमा चौधरी जिला मंत्री हेमा निगम पुष्पा चौधरी जिला महिला मोर्चा महामंत्री ज्योति सिंह उर्मिला शुक्ला रीति मुरारी मंजुला आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मोहर्रम के अंतिम जुलूस में उमड़ी भीड़

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मोमनीन अमहट की तरफ से खालिक अली की अगुवाई में सोमवार को सुबह सात बजे जामा मस्जिद अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया जिसको ?? मौलाना मोहम्मद जाफर खान ने पढ़ी इसके बाद शबीह ताबूत हजरत इमाम? हसन? असकरी अ0स0व अमारी का जुलूस जामा मस्जिद से उठकर अमहट के सभी इमाम बाड़े से? होकर हुसैनिया नौ तामीर के सामने? पहुंचा जहां पर हुसैनी काफिले की? मदीना वापसी का मंजर पेश किया गया दौराने जुलूस मौलाना मुशीर अब्बास खान सुलतानपुरी मौलाना ?सैयद अब्बास इरशाद नकवी लखनवी मौलाना? सैयद आमिर काजमी मुजफ्फरनगर? ने तकरीर की संचालन सागर? आजमी ?ने किया और सुलतानपुर की सभी ?अन्जुमनो के अलावा अन्जुमन गुलशने इस्लाम भौंरा सादात अम्बेडकर नगर, अन्जुमन फिरोगे अजा बाराबंकी?, अन्जुमन नकविया रजिस्टरड ऊंचाहार?, अन्जुमन परचमे अब्बास अहले सुन्नत लम्भुआ, सुलतानपुर ने नौसा मातम किया। अंत? में हैदर अब्बास खान ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## मस्जिद को लेकर दो पक्षों में विवाद, केस दर्ज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** थाना गोसाईगंज अंतर्गत इनायतपुर गांव में मस्जिद के रखरखाव को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सफात खान पुत्र फरीद खान निवासी इनायतपुर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके भाई मरहूम जौव्वाद साहब की जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था, जिसमें पूरे गांव के लोग नमाज अदा करते हैं। आरोप है कि 28 अगस्त की रात नमाज के बाद गांव के निहाल अहमद, महफूज अहमद, अजैफा, कमाल अहमद और फूल अहमद समेत कई लोग एकजुट होकर कहने लगे कि अब से मस्जिद का दान व रखरखाव वही लोग संभालेंगे। इस पर जब सफात खान व अन्य ग्रामीणों ने विरोध किया तो उक्त लोग गुस्से में आकर गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की नीयत से दौड़ा लिया। पीड़ित का कहना है कि जान बचाकर जब वह अपने घर में घुस गया तो हमलावरों ने धमकी दी और कहा कि ष्एक भाई निपट गया है, अबकी बारी तुम्हारी है। इस घटना को गांव के कई लोगों ने देखा है। मामले में प्रार्थी ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## सरकारी अस्पताल में मोबाइल टॉर्च से हो रहा मरीजों का इलाज

**रायबरेली।** हरचंदपुर स्थित सीएचसी में मरीजों का इलाज मोबाइल फोन की टॉर्च की रोशनी में किया जा रहा है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीएचसी में लगे दोनों जनरेटर खराब पड़े हैं। बिजली न होने से मरीज और उनके तीमारदार परेशान हैं। स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही से क्षेत्र के लोगों में रोष है। जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा इस समस्या पर ध्यान न देने से सीएचसी में व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। यह स्थिति मरीजों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर राजीव गौतम ने बताया तेज बारिश के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है। जनरेटर की खराबी के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

# सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत, परिजनों में कोहराम




**बछरावां, रायबरेली।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क के किनारे खड़े वाहनों के कारण भी दुर्घटनाएं क्षेत्र में कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। मामला लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर पर बीती रात लगभग 12 बजे सड़क हादसे का है जहां पर एक मोटरसाइकिल चालक सड़क के किनारे खड़े ट्रक में टकरा जाने पर दर्दनाक हादसे में मौत का शिकार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बछरावां विकासखंड की जलालपुर ग्राम सभा निवासी राजाराम पुत्र दयाराम उम्र 40 वर्ष रात अपनी ससुराल जोहवा शर्की भागवत में शामिल होने के लिए जा रहा था। तभी करनपुर के पास सड़क के किनारे खड़े ट्रक में टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की राजाराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना रात्रि में ही बछरावां थाने को दी। सूचना मिलने पर बछरावां पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त राजाराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत राजाराम को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक राजाराम का परिवार सहित जालंधर में रहता था। उनकी पत्नी, दो बेटे व एक बेटी है। वह अपने गांव अपनी माताजी के देखभाल के लिए आए हुए थे। मृतक राजाराम जालंधर में राजमिस्त्री का कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। पारिवारी जनों को जैसे ही इस दर्दनाक हादसे की जानकारी मिली उनका रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना ग्राम वासियों को मिलने पर जलालपुर ग्राम सभा सहित समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## युवक ने फांसी लगाकर समाप्त की इहलीला

**रायबरेली।** घर के अंदर युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामला लालगंज लालगंज के बेंहटा कलां गांव के बताया गया है। गांव के आशीष( 25 ) पुत्र राकेश अग्निहोत्री ने घर के अंदर धन्नी से फांसी लगा ली। मामले की जानकारी होने पर मौके पर लोगों का मजमा लग गया और घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। ग्रामीणो ने बताया कि मृतक युवक अपने पिता की इकलौती संतान था। रिक्सा आदि चलाकर अपने परिवार को भरण पोषण करता था।

## श्री गणेश पूजा महोत्सव कमेटी ने किया विशिष्ट लोगों का अभिनंदन

**लालगंज, रायबरेली।** ऐहार गांव में श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति के कार्यकताओं के द्वारा श्री गणेश पूजा महोत्सव के मंच पर राजनीति, समाज सेवा और पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों का स्वागत सम्मान किया गया। श्री गणेश पूजा महोत्सव के मुख्य सेवादार केडी तिवारी और अमृत बाजपेई के द्वारा आरएसएस के धर्म जागरण जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला का अभिनंदन किया गया। कमेटी के द्वारा उन्हें भगवान श्री गणेश की प्रतिमा भेंट की गई और माल्यार्पण व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वही सुशील शुक्ला ने कहा कि युवा कार्यकताओं के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से श्री गणेश पूजा का कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए ऐहार सिद्धिविनायक कमेटी को अपनी शुभकामनाये भी दी।

लालगंज से आये कलाकारों के द्वारा भजन संध्या का बहुत ही भव्य और सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। आचार्य पंडित संतोष शुक्ला के द्वारा जहां बिधि विधान से भगवान गणेश की पूजा अर्चना व आरती कराई गई, उनके द्वारा देवी देवताओं की आरती कराई गई। प्रसाद वितरण कराया गया। श्री गणेश पूजा महोत्सव के अग्रणी कार्यकर्ता केडी तिवारी और अमृत बाजपेई के द्वारा गांव के लोगों के सहयोग से ऐहार गांव मे विगत कई वर्षों से श्री गणेश पूजा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलाकारों के द्वारा भजन संध्या दिन श्री गणपति बप्पा मोरया, जय गणेश जय गणेश देवा आदि भजनों के माध्यम से लोगों के बीच समां बांधने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के मंच पर वरिष्ठ समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री, अतुल त्रिपाठी, अशोक शुक्ला, रण विजय सिंह का भी सम्मान कमेटी के द्वारा किया गया। वही कमेटी के द्वारा कार्यक्रम में लगातार सेवाएं दे रहे आचार्य बंधुओ को भी सम्मानित किया गया।

समाजसेवी और श्री बालेश्वर धाम सेवा समिति के उप प्रबंधक केडी तिवारी ने बताया कि विसर्जन का कार्यक्रम मंगलवार को होगा। इस अवसर पर समाजसेवी चंदन त्रिवेदी, पूर्व प्रधान राजकिशोर सिंह बघेल, कीर्ति मनोहर शुक्ला, आशीष पांडे, अवनीश पांडे, विकास तिवारी, राकेश शुक्ला, अभय, कपिल देव, अमृत, प्रियंक, अतुल, दीपू, प्रशांत, संशय, रिशू, शिवा, आर्यन, वंश, दीपांशु, जतिन, छोटू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य मिर्जा फरहान बेग आजाद समाज पार्टी में शामिल



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** सुलतानपुर की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। वार्ड न0 18 से पूर्व जिला पंचायत सदस्य और समाजसेवी मिर्जा फरहान बेग ने सोमवार को आजाद समाज पार्टी का दामन थाम लिया। उन्होंने पार्टी के जिला सहयोजक अमीर अहमद की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उन्हें साल और बुके भेंटकर सम्मानित भी किया गया। मिर्जा फरहान बेग के साथ ही कई स्थानीय नेता और सैकड़ों युवा कार्यकर्ता भी एएसपी में शामिल हुए। इनमें पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी राम नरेश, समशेर, मनोज, झंगू, सरताज, मिर्जा फैजान बैग सहित कई नाम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सुलतानपुर, कूरेभार, मुजेश और गुप्तारगंज बाजार क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान मिर्जा फरहान बेग ने कहा कि एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद दलित, पिछड़ों और मुसलमानों की आवाज बनकर उभरे हैं। उनकी नीतियों से प्रभावित होकर ही मैंने आजाद समाज पार्टी को ज्वाइन करने का फैसला लिया है। उनके नेतृत्व में काम करना गर्व की बात होगी। क्रिकेट से राजनीति तक पहुंचे फरहान बेग ने अपने सफर की शुरूआत क्रिकेटर के रूप में की थी और स्टेट लेवल तक खेलकर युवाओं के बीच पहचान बनाई। 2011 में पहली बार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। 2016 में दूसरी बार चुनाव लड़ा और जनता के समर्थन से भारी मतों से विजय हासिल की। 2021 में खुद चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन इस बार जीत नहीं पाए। हालांकि, उसी साल अपने बड़े भाई की पत्नी सकीना बेगम को परवर ग्राम सभा से चुनाव लड़वाया और वह ग्राम प्रधान बनीं।

# एक लाख से अधिक छात्रों ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प



- **हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में सुलतानपुर के 1336 विद्यालयों में गूंजा पंच प्रण संकल्प**

जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर जनपद में ह्यहमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमानअभियान के अंतर्गत पंच प्रण संकल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिले के 1336 विद्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम में 6296 शिक्षकों और 1,08,375 छात्रों ने एक साथ राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्प लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों को केवल ज्ञान का केन्द्र न मानकर, उन्हें संस्कार, चरित्र निर्माण और समाज सेवा का तीर्थ बनाना था। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुलतानपुर के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र मिश्र ने बताया कि यह आयोजन देशभर में एक साथ पांच लाख विद्यालयों में संपन्न हुआ, जो शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण है। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित और हरित बनाने, संसाधनों को राष्ट्रधन मानकर उनका संरक्षण करने तथा शिक्षा के माध्यम से भेदभाव रहित समाज की स्थापना हेतु संकल्प लिया।

पंच प्रण में विद्यालय संरक्षण, शिक्षा संवर्धन, चरित्र निर्माण, स्वाभिमान व राष्ट्रसेवा पर जोर दिया गया। जनपद के 2032 विद्यालयों में से 1336 में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें जिला संरक्षक इंद्र प्रताप पांडेय, महामंत्री सतीश पांडेय, रीना सिंह, संदीप गोस्वामी, राधेश्याम यादव सहित ब्लॉक अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही। यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में एक नई जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना का संचार करने वाला सिद्ध हुआ।

# बारिश से मुनव्वर अली का आशियाना ढहा, सात बकरियां भी मलबे में दबीं



**महराजगंज, रायबरेली।** रविवार की रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने टूक गांव निवासी मुनव्वर अली के जीवन को पूरी तरह बदल दिया। कच्चा मकान अचानक गिर पड़ा, जिससे मुनव्वर के पैर में गंभीर चोट आई और उनका पूरा परिवार बेघर हो गया। मकान ढहने से न सिर्फ उनके सिर से छत छिन गई, बल्कि घर का सारा सामान, अनाज और उनकी सात बकरियां भी मलबे में दब गईं। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोगों ने किसी तरह मुनव्वर को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

मुनव्वर की पत्नी ने रोते हुए कहा, हम कहां जाएं? हमारे पास न पैसा है, न घर, न खाने का सामान बचा है। यह बयान उस बेबसी को बयां करता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोग प्राकृतिक आपदाओं के समय जूझते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है और पात्रता के आधार पर आर्थिक सहायता व आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। मामले में खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने दूरभाष पर बताया कि मामले की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई है घटना दुखद है पीड़ित परिवार को जल्द ही शासन द्वारा मिलने वाला प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया जाएगा और जो संभव मदद होगी वह की जाएगी।

## शराब पिलाकर जमीन हड़पने के आरोप में केस दर्ज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के कसमऊ पकड़ीपुर निवासी नाई अताउल्ला के साथ जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। जन्मदिन की पार्टी के बहाने पीड़ित जबरन शराब पिलाई गई, मारपीट की गई और कनपटी पर हथियार रखकर रजिस्ट्री कराई गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कटका बाजार में नाई की दुकान चलाने वाले अताउल्ला ने बताया है कि 6 अप्रैल 2024 को उनके ग्राहक मोहम्मद तहसीन और जुनैद अहमद उन्हें जन्मदिन पार्टी के बहाने हुसैनगंज इनायतपुर ले गए। वहां पहले से मौजूद मोहम्मद तसरीफ, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद ताबिस, सुरेंद्र यादव, मोहम्मद दानिश और मोहम्मद कामरान ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों ने शराब पिलाने के बाद विरोध करने पर मारपीट की और असलहा सटाकर एक स्कॉर्पियो में बैठा सदर तहसील ले गए। पीड़ित का कहना है कि वहां जबरदस्ती उनका अंगूठा स्टांप पेपर और चेक पर लगवाया गया। बैंक से पैसा निकालने का वीडियो भी बनाया गया और बाद में रुपए वापस ले लिए गए। अगले दिन जब परिवार ने तहसील से रजिस्ट्री की कॉपी निकलवाई तो उसमें दो लाख रुपये नकद और एक लाख रुपये के चेक का जिक्र पाया गया। अताउल्ला का आरोप है कि यह पूरी रजिस्ट्री फर्जी और कूटरचित है। पुलिस ने अदालत के आदेश पर नौ आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कोर्ट के आदेश पर संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

# राहुल गांधी के विरोध में भाजपाइयों का हल्लाबोल



**अमेठी।** अमेठी में राहुल गांधी के विरोध में भाजपाइयों ने विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। महिला जिलाध्यक्ष आशा बाजपेई वा भाजपा के वरिष्ठ नेता सदाशिव पांडे के नेतृत्व में आज भाजपाइयों ने कांग्रेस युवराज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वा उनकी माँ के बारे की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में राहुल गांधी शर्म करो वा माँ का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अनेकों भाजपाइयों के साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिजा शंकर शुक्ला, राकेश पांडेय वा अनेक भाजपा नेत्रियां मौजूद रहीं। विदित हो कि कथित तौर पर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी वा उनकी माँ के संबंध में अभद्र टिप्पणी की थी जिसके पश्चात पूरे देश में उनकी खिलाफ भाजपाइयों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम आज में अमेठी में भी राहुल गांधी का तगड़ा विरोध देखने को मिला। भाजपाइयों ने तहसील परिसर से लेकर स्टेशन रोड तक हांथ में राहुल गांधी शर्म करो, राहुल गांधी माफी मांगो वा मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान का स्लोगन दिखाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## सेवानिवृत्त कर्मी का फूल माला से हुआ स्वागत

**अमेठी।** चालीस वर्षों की सेवाओं के बाद सेवानिवृत हुए कर्मी की विभागीय अधिकारियों समेत क्षेत्रवासियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। लोगों ने सेवानिवृत कर्मचारी के स्वस्थ जीवन जीने सहित जनहित के कार्य करते रहने की शुभकामनाएं भी दी। क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी राम आसरे पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत थे। बीते चालीस वर्षों के कार्यकाल के दौरान वे अखंडनगर, बेलवाई, संग्रामपुर सहित भेंटुआ विकासखंड में अपनी सेवाएं प्रदान की। सेवानिवृत कर्मी ने बताया कि कार्यकाल के दौरान अनेकों ऐसे मौके आए जब उन्होंने सेवा के समय के अतिरिक्त भी जनहित में पशुपालकों के लिए कार्य किया। बताया कि सेवा के दौरान खुरपका, मुंहपका सहित गलघोंटू जैसी बीमारियों के फैलने पर पशुओं के बचाव के लिए रात दिन एक कर देना पड़ता था। सेवानिवृत कर्मी ने बताया कि अब सेवानिवृत होने बाद भी वे अपने अनुभव का लाभ क्षेत्र के पशुपालकों को देते हुए निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। दोपहर बाद पशु चिकित्सालय भेंटुआ में आयोजित विदाई समारोह में पशु चिकित्साधिकारी भेंटुआ डॉ गीता पटेल ने बताया कि सेवानिवृत कर्मी राम आसरे ने पूरी जिम्मेदारी और कर्तव्य निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। समारोह में डॉ संतोष कुमार, सी बी ओ बृजेश पांडेय के साथ क्षेत्र के समाजसेवी सोनू दुबे, संबंधियों में मोहन लाल, राकेश कुमार, राम किशोर, सूरज, बृजेश कुमार, गोलू के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**शुकुल बाजार, अमेठी।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शुकुल बाजार का सीएमओ ने किया निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल मे भारी अनियमिता देखने को मिली जिसको देखकर सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने संबंधित को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि मरीजों को अंदर से ही दवा व जांच कराने का और मरीजों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान भारतीय जन औषधि केन्द्र में मरीजों को जेनरिक दवाएँ उपलब्ध कराने और बाहर की दवाएँ न रखने के निर्देश दिए गए हैं। बरसाती मौसम को देखते हुए सभी चिकित्सक और कर्मचारी अवकाश स्थगित कर पूरी क्षमता से जनता की सेवा में लगे रहें। अस्पताल में स्वच्छता, प्रसव कक्ष की व्यवस्था और प्रत्येक विभाग पर अधीक्षक की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि हर मरीज को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए।

## पांच संकल्प अभियान की शिक्षकों ने ली शपथ



**तिलोई, अमेठी।** क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के साथ ही इण्टर कालेजों में सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान के तहत शिक्षक एवं विद्याथीर्यों ने पंच संकल्प अभियान की शपथ ली तो खण्ड शिक्षा अधिकारी ने ब्लाक संसाधन केन्द्र के सभागार में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अमेठी के जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला द्वारा विद्यालयों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत पंच प्रण शपथ कराये जाने का पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया था। बीएसए संजय तिवारी के निर्देश पर सोमवार को तहसील तिलोई क्षेत्र के जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज, एसपीएन इण्टर कालेज तिलोई, अष्टभुजा इण्टर कालेज शाहमऊ, सत्य सांई इण्टर कालेज शंकरगंज के साथ ही परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। तिलोई के खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी की मौजूदगी में ब्लाक संसाधन केन्द्र के सभागार में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने कहा कि पांच संकल्प जैसे हम मिलकर विद्यालय को स्वच्छ अनुशासित हरित और प्रेरणास्प्रद बनाएंगे। हम विद्यालय की संपत्ति को राष्ट्रधन मानकर उसका संरक्षण करेंगे। हम शिक्षा को चरित्र निर्माण एवं समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे। हम विद्यालय से भेदभाव मिटाएंगे जैसे पांच संकल्पों की शपथ दिलाई गई है।

## जनपद में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने बताया कि प्रथम चरण में जनपद में कुल 131 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जाना है। इनमें से 101 भवनों के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन कर प्रस्ताव संबंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि 29 ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव आना शेष है। उन्होंने बताया कि अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा स्थल चयन की बैठकें की जा चुकी हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जहां भूमि उपलब्ध हो चुकी है वहां के प्रस्ताव तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को उपलब्ध कराए जाएं। वहीं जहां भूमि चिन्हांकित नहीं हुई है, वहां निर्विवाद भूमि सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि भूमि का चयन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि वहां तक ट्रक आदि आसानी से पहुंच सकें, जिससे राशन ट्रक के माध्यम से अन्नपूर्णा भवनों तक खाद्यान्न की आपूर्ति सुचारु रूप से हो सके। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि अब तक सरकारी राशन की दुकानें कोटेदारों के निजी आवास/घरों से संचालित होती थीं, जहां तक ट्रक की पहुंच आसान नहीं होती थी। इससे खाद्यान्न आपूर्ति में बाधा एवं गड़बड़ी की शिकायतें सामने आती थीं। शासन के निर्णय अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण से राशन आपूर्ति सुगम होगी और लाभार्थियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सकेगा।

## नवयुवक की तालाब में डूबने से मौत

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुरटोड़ी गांव में सोमवार की सुबह एक ह्रदयविदारक घटना से समूचे गांव में मातम छा गया। जहां शौच करने गए एक नवयुवक का पैर तालाब फिसलकर गिरने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं नवयुवक की मौत से परिजनों समेत समूचे गांव में गम का माहौल व्यापत है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामे के बाद शव को कब्जे मे लेकर को पीएम के लिए जिला अस्पताल रायबरेली भेज दिया। रायपुरटोड़ी निवासी युवक नीरज कुमार पुत्र रामचंद्र ( 18 ) सोमवार की सुबह शौच करने गांव के बाहर स्थित तालाब की तरफ गया था। जहां शौच करने के बाद जैसे ही युवक पानी छूने को बढ़ा तभी उसका पैर फिसल गया और गहरे पानी चला गया और युवक उसी में डूब गया। पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने तालाब में युवक का शव उतराता देखा तो मामले की सूचना मृतक के घरवालों की दी गई। सूचना पाकर परिजनों समेत समूचे गांव में हड़कंप मच गया। मृतक घर का बड़ा लड़का था जो दिहाड़ी मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का पेट पालता था। इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी बालेंदु गौतम का कहना है कि तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हुई है।

## जहरीला कीड़ा काटने से युवती की मौत

**रायबरेली।** जहरीला काटने से युवती की मौत हो गई। लालगंज पुलिस ने शव को पीएम के लये भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अचाकापुर गांव निवासिनी मंजू देवी( 45 ) पत्नी रामदास को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया था। जिसके बाद उसकी हालत खराब होने लगी। परिजन उसे लेकर जिला चिकित्सालय पहुंच जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है।

# क्रॉप सर्वे से ग्राम रोजगार सेवकों के कामकाज पर असर



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** ग्राम रोजगार सेवकों ने क्रॉप सर्वे और बीएलओ ड्यूटी लगाए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। उनका कहना है कि इन अतिरिक्त जिम्मेदारियों के कारण मनरेगा अंतर्गत होने वाले विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसी समस्या को लेकर सोमवार को ग्राम रोजगार सेवकों के प्रतिनिधिमंडल ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और क्रॉप सर्वे बहिष्कार का निर्णय लिया। ब्लॉक अध्यक्ष हरीश दुबे ने बताया कि क्रॉप सर्वे के दौरान ग्राम रोजगार सेवकों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश गांवों में खेतों में पानी भरा होने के कारण सर्वेक्षण करना संभव नहीं हो पा रहा है। साथ ही, सर्वे के दौरान दुर्घटना या जहरीले जीव-जंतुओं के हमले जैसी आशंकाएं भी बनी रहती हैं। इसके अलावा, पूर्व में कराए गए सर्वेक्षणों का अभी तक भुगतान न मिलने से कर्मचारियों में नाराजगी है। उन्होंने मांग रखी कि मौजूदा 20 मीटर की सर्वे रेंज को बढ़ाकर 200 मीटर किया जाए, ताकि सही व व्यावहारिक ढंग से सर्वेक्षण संभव हो सके। साथ ही ग्राम रोजगार सेवकों को सरकार की ओर से गुणवत्तापूर्ण एंड्रॉयड मोबाइल उपलब्ध कराया जाए, जिससे कार्य में आसानी हो और डाटा अपलोडिंग की प्रक्रिया सुचारु ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर सुमन वर्मा, अंजू सिंह, लालू प्रसाद, आरती यादव, रेनू समेत कई ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक वे क्रॉप सर्वे कार्य का बहिष्कार करेंगे।

## सोलर पम्प लगाने के नाम पर ठगे 1.72 लाख

**लालगंज रायबरेली।** सोलर पंप लगाने के नाम पर ठगो ने युवक से 1 लाख 72 हजार रुपए ऐंठ लिये। मामले का खुलासा तब हुआ जब ठगी के शिकार युवक से 40 हजार रुपए और भजने की मांग की है। पीडित ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को देते हुए ठगो के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के लालूमऊ गांव निवासी रामलखन श्रीवास्तव पुत्र स्व0 छविनाथ ने बताया कि इसी वर्ष के अप्रैल माह में सुदीप शर्मा नाम के ठग ने उसे सोलर पम्प लगवाने के लिये फोन से प्रेरित किया। इसी बीच वह उसके झांसे में आ गया और उसके बताये गये खाते में एक लाख बहत्तर हजार रुपए भेज दिया। कई माह बीतने के बाद भी जब उसका पम्प नही लगा तो उसने फिर कथित एजेंट से फोन कर मामले की शिकायत की तो उसने बताया कि अभी 40 हजार रुपए और भेज दो तुम्हारा पम्प जल्द लग जायेगा। तय सीमा से अधिक पैसे मांगे जाने पर रामलखन को अपने साथ हुई ठगी का आभाष हुआ जिसके बाद उसने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि मामले की जांच साईबर सेल को भेजी जा रही है।

संक्षेप

## गैंगस्टर में वांछित 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना शिकोहाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्तों अमित अग्रवाल पुत्र स्व0 जयप्रकाश अग्रवाल निवासी गली फूलापुरिया बडा बाजार थाना शिकोहाबाद, जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र हरिनन्दन निवासी नगला किला थाना शिकोहाबाद कमलेश कुमार पुत्र विश्राम सिंह निवासी हीरानगर एटा चौराहा थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## चोरी की बाइक, तमंचा सहित एक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को चोरी की बाइक व एक अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। सोमवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त आंशू पुत्र स्व0 अवधेश राठौर को एक चोरी की बाइक टीवीएस रेडम व एक अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस सहित पीपल वाले ग्राउण्ड के पास हिमाँयूपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## 11 दिन से लापता युवक का कंकाल मिला

**आगरा।** आगरा के डौकी थाना क्षेत्र में रविवार को बाजिदपुर गांव की झाड़ियों में पेड़ से लटका 35 वर्षीय युवक का कंकाल बरामद हुआ। शव की पहचान नगला देवहंस निवासी सियाराम के रूप में हुई है, जो 21 अगस्त से लापता था। पुलिस के अनुसार, सियाराम ने घर में कहासुनी के बाद फांसी लगा ली थी। लगभग 11 दिन तक शव पेड़ पर लटका रहने से वह कंकाल में बदल गया। रविवार को एक महिला झाड़ियों में ईंधन लेने गई तो कंकाल देखकर शोर मचाया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। एसओ योगेश कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान कपड़ों व मोबाइल से परिजनों ने की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## आदिवासी के घर की जमीन पर कब्जा

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी में शाहकुली मोहल्ले के एक आदिवासी बुजुर्ग का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर हजरत शेख सलीम चिश्ती दरगाह के सज्जादानशीन अयाजउद्दीन उर्फ रईस मियां ने 66 साल बाद 18718 फीट जमीन का केस जीता। 29 अगस्त को कोर्ट अमीन की मौजूदगी में पुलिस ने रईस मियां को कब्जा दिला दिया। पीड़ित परभाती ने विधायक चौधरी बाबूलाल को बताया कि जमीन की पैमाइश में 18718 की जगह 36740 फीट जमीन नाप दी गई। अब उनके पास एक इंच भी जमीन नहीं बची है। परभाती और उनके बच्चे बरसात में तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर हैं। बच्चों को फुटपाथ पर सोना पड़ रहा है। कल रात थाना प्रभारी दर्जन भर पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और सामान को फेंकते हुए अभद्रता की। कस्बे के दुकानदारों ने विधायक को बताया कि रईस मियां सरकारी गाटा 127 पहाड़ आबादी को वक्फ बोर्ड की जमीन बताकर कब्जा करना चाहते हैं। विधायक ने पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जताई।

# यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर डीएम ने की बैठक



**मथुरा।** डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार ने यमुनाजी में बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत जिला बाढ़ योजना समिति की इमरजेंसी बैठक ली। जनपद मथुरा में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि गांव गांव में जाकर बैठक करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर टीम बनाई जाए, जिसमें पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, विकास विभाग आदि विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को तैनात किया जाए। सभी बाढ़ प्रभावित ग्रामों को चिन्हित करते हुए वहां पर टीम लगाई जाए एवं उन्हें जिम्मेदारी से बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद हेतु निर्देशित किया जाए। डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिए कि सभी शेल्टर होम / बाढ़ शरणालय स्थलों में स्वास्थ्य टीम लगाई जाए। एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए। सभी मेडिकल सुविधाएं प्रदान की जाए। डॉक्टरों की तैनाती की जाए। निरंतर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एंटी लार्वा छिड़काव किया जाए। सभी स्वास्थ्य कैंप में एंटी स्नेक वेनम अवश्य उपलब्ध होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में यमुना जी के जल स्तर में बढ़ौती होगी। 4 से 6 सितंबर 2025 के दौरान यमुना का जलस्तर पीक/ डेंजर लेवल के आस पास होगा। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए परिवारों एवं पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की व्यवस्था की जाए। सभी के खाने, रहने, पीने, सोने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी राशन डीलरों को एक्टिव रखे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशन की आपूर्ति पूर्व में सुनिश्चित करे। किसी को राशन प्राप्त करने में समस्या नहीं होनी चाहिए। शेल्टर होम में सभी मूल-भूत सुविधाएं होनी चाहिए जैसे भोजन, पेयजल, स्सफाई, मोबाइल टॉयलेट, शौचालय, मेडिकल टीम, विद्युत, जेनरेटर, पंखे आदि। उक्त व्यवस्थाओं का सभी उप डीएम स्वयं जाकर निरीक्षण करेंगे। डीएमने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पशुओं के खाने की व्यवस्था को सुनिश्चित करे। पशुओं के लिए हरा चारा, भूसा, पानी आदि की व्यवस्था की जाए। बड़ी बड़ी गौशालाओं में पशुओं को शिफ्ट किया जाए।

## भाजयुमो कार्यकर्ता को दी थर्ड डिग्री, दारोगा पर कार्रवाई की मांग

**आगरा।** जगदीशपुरा थाना की सेक्टर चार पुलिस चौकी पर सिफारिश करने गए भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता को थर्ड डिग्री देने और लूट का फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगा है। इंटरनेट मीडिया पर कार्यकर्ता की चोटिल अवस्था में तस्वीरें प्रसारित कर आरोपित दारोगा पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। भाजयुमो के द्वारा मामला प्रदेश अध्यक्ष के संज्ञान में लाया गया है। वहीं प्रकरण में पुलिस मारपीट से इंकार कर रही है। पीड़ित सचिन प्रधान ने बताया कि वह भाजपा युवा मोर्चा की महानगर कार्यकारिणी ने सदस्य हैं। उनके परिचित दीपक ने कोलक्खा रोड के मनोज कुमार से कार खरीदने का अनुबंध चार लाख रुपये देकर किया था। कार की किस्तें जमा होने के बाद मनोज को शेष रकम देकर आरसी ट्रांसफर करानी थी। मनोज ने साठगांठ कर आवास विकास सेक्टर चार चौकी पर सेटिंग की। दरोगा प्रमोद यादव ने कार रुकवाई और उसे लावारिस दिखा कर दाखिल कर दी। जब 26 अगस्त को कार को रिलीज किया जाने लगा तो वह चौकी पर बात करने गए। इसी दौरान उनके मित्र दीपक ने रास्ते में किसी जगह मनोज को रोक कर कार छीन ली। इसके बाद दरोगा प्रमोद यादव ने सपा की मानसिकता दिखाते हुए उनके साथ हद दर्जे की बदसलूकी की। भाजपा के लिए गंदी - गालियां देकर सारी नेतागिरी निकालने की धमकी दी। थाने ले जाकर बंद करवा दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के आने पर उन्हें छोड़ा गया। वहीं पूरे प्रकरण पर इंस्पेक्टर जगदीशपुरा प्रदीप कुमार ने बताया कि सचिन प्रधान पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट की बात सत्य नहीं है। इंटरनेट पर प्रसारित पोस्ट की उन्हें जानकारी नहीं है। प्रकरण पर भाजयुमो महानगर अध्यक्ष ने बताया कि कार्यकर्ता सचिन वाजिब सिफारिश के लिए गए थे। जिस समय कार छीनी गई, सचिन चौकी पर ही थे। इसके बाद भी जानबूझकर उन्हें मुकदमा में आरोपित बनाया गया। जिस व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया उसके खुद के नाम बेलेबल वारंट इश्यू हैं। वह कई अन्य के साथ इसी तरह की घटना का कर चुका है। जब उन्होंने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की तो सचिन को छोड़ा गया। विवेचना कर रहे अन्य दारोगा पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। सपा की मानसिकता से ठेका लेकर कार बंद करने और पार्टी के लिए अपशब्द बोलने वाले पर कार्रवाई नहीं की गई। पूरी घटना से महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता जी को अवगत कराया है। सोमवार को लखनऊ जाकर सभी साक्ष्य के साथ प्रदेश अध्यक्ष को शिकायत दी जाएगी।

## रालोद पदाधिकारियों ने किसानों की खतौनी की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को तहसील टूंडला पहुंचकर तहसीलदार राखी शर्मा को किसानों की खतौनी में अंश हिस्सेदारी गलत दर्ज होने की समस्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिले के अनेक किसानों की खतौनी में अंशों का विवरण गलत दर्ज हो गया है। इससे उत्तराधिकार भूमि विक्रय लोन लेने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है। प्रतिनिधि मंडल ने तहसील प्रशासन से मांग की कि खतौनी में दर्ज त्रुटियों को शीघ्र सही किया जाए जिस पर पर तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि, संबंधित लेखपालों व कानूनगो को भेज कर गांवों में चौपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनेंगे। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद मा.देशराज सिंह युवा जिलाध्यक्ष अमर सिंह पचहरे किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजबीर सिंह ब्रज क्षेत्र महासचिव निरंजन सिंह पोनिया गुड्डू सरपंच ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र सिहं पूर्व प्रधान जितेन्द्र सिंह पोनिया सचिन उपाध्याय राकेश कुमार ऐडवोकेट डॉ.मुन्नेश कुमार गोलू निषाद मंजीत सिंह सिकरवार लवलेश कुमार सरपंच मुकेश कुमार कुवर सुधीर सिंह भोला पोनिया आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम के प्रयास से पंचायतें बन रहीं सशक्त

**फिरोजाबाद।** पंचायतों को सशक्त और सुदृण बनाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा शासन के निदेर्शों के अनुसार लगातार कार्य कर रहे हैं, जिससे गांव में रहने वाले लोगों का जीवन सहज और सुविधाजनक बन सके, इसी क्रम में जिलाधिकारी के प्रयास से जनपद में 24 लाख की लागत से कुल 65 अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण किया गया है, जिसमें जसराना में 3, एका में 7, फिरोजाबाद में 11 शिकोहाबाद में 6, मदनपुर में 7 हाथवंत में 6 नारखी में 7 टूंडला में 9 और अरांव में 7 अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कराया गया है, जैसा कि विदित है पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम पंचायत अपने गांव में अंतिम संस्कार की सुविधा प्रदान करने के लिए अंत्येष्टि स्थलों के विकास और रखरखाव में सक्रिय भूमिका निभाती है, जबकि राज्य सरकार इस प्रक्रिया को वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करती है, इसी तरह जनपद में जगह-जगह आर आर सी केंद्र बनाए गए हैं, जिसके माध्यम से गांव से घरों के कुडें को इकट्ठा करके इस केंद्र पर लाया जाता है, जहां पर गीले कचरे, सूखे कचरे, प्लास्टिक कांच इत्यादि को अलग-अलग किया जाता है, छांटे गए कूड़े से कंपोजिट खाद बनाई जाती है और इसके विक्रय से प्राप्त धनराशि को गांव के विकास में खर्च किया जाता है, यह गांव में स्थाई एवं प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देता है, जनपद में 186 आर आर सी केंद्र संचालित है, जहां पर डोर टू डोर कूड़े का कलेक्शन करके लाया जा रहा है, इन आर आर सी सेंट्रो से अभी तक 11.72 लाख रुपए अर्जित हुए हैं, जिनको गांव के विकास में लगाया जा रहा है, एक आर आर सी सेंटर के निर्माण की लागत 5 लाख 50 हजार रुपए पड़ती है, इसके अलावा जिलाधिकारी का प्रयास है, कि हर पंचायत भवन में एक पुस्तकालय का निर्माण हो जिससे गांव के युवा प्रतिभा को अध्ययन हेतु जगह-जगह भटकना न पड़े, महात्मा गांधी का सपना था कि गांव के विकास से ही देश का विकास संभव होगा, शासन और प्रशासन गांधी के इसी संकल्प को पूरा करने हेतु कृत संकल्पित हैं।



## सिलिंडर से लगी आग से सात दिन में आठ मौतें

**आगरा।** सात दिन में 8 मौतों से पुरा जसोल गांव मातम में डूब गया है। पुरा जसोल गांव में 22 अगस्त को हुए हादसे में 14 लोग झुलसे थे। शनिवार को मृत जितेंद्र की बहन प्रीती, चचेरे भाई सुरेंद्र, आनंद प्रकाश के शव घर पर पहुंचते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। आगरा के बाह के पुरा जसोल गांव में 22 अगस्त की रात रसोई गैस सिलिंडर से गैस रिसाव के दौरान आग लग गई थी। हादसे में 14 लोग झुलस गए थे। इनमें शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गई। झुलसे 5 लोग पहले ही दम तोड़ चुके हैं। हादसे में अब तक 8 की जान जा चुकी है। दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। रसोई गैस सिलिंडर से गैस रिसाव रोकने के दौरान लगी आग में घिरकर झुलसे जितेंद्र (44) की 24 अगस्त को मौत हुई थी। 27 अगस्त को उनकी चाची केशर देवी (62), चचेरे भाई शिक्षामित्र देवेंद्र प्रकाश (43) की मौत हो गई थी। 28 अगस्त को जितेंद्र के पिता रिटायर्ड शिक्षक भागीरथ (65), बेटी कुमकुम (17) ने दम तोड़ दिया था। शनिवार को जितेंद्र की बहन प्रीती (32), चचेरे भाई सुरेंद्र (40), आनंद प्रकाश (39) की भी जान चली गई। सात दिन में 8 मौतों से पुरा जसोल गांव मातम में डूब गया है। पुरा जसोल गांव में 22 अगस्त को हुए हादसे में 14 लोग झुलसे थे। शनिवार को मृत जितेंद्र की बहन प्रीती, चचेरे भाई सुरेंद्र, आनंद प्रकाश के शव घर पर पहुंचते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। शव देख परिजन बेसुध हो गए। वहीं, अस्पताल में भर्ती उमाशंकर और उनकी पत्नी चंद्रावती की भी हालत नाजुक बताई जा रही है। सिलिंडर हादसे में झुलसे दोनों बेटे शिक्षामित्र देवेंद्र प्रकाश, बिजली मिस्त्री आनंद प्रकाश को तीन दिन में मौत ने परिवार से छीन लिया है। परिवार पर टूटे दुख के पहाड़ से दोनों बेटों की मौत से पुत्रविहीन हुई महादेवी की आंखें पथरा गई हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने बेटे काहे छीने, मोइ उठाइ लेतो, परिवार कैसे चलेगा? बच्चे कैसे पलेंगे? विधवा हुई पुत्रवधू ममता, नीरज का क्या होगा? देवेंद्र प्रकाश की मौत से विधवा हुई ममता के सामने बच्चों अखंड प्रकाश, आकाश प्रकाश, बेटी दीक्षा की परिवरिश की पहाड़ सी चुनौती है।

**● 14 लोग झुलसे थे 3 घायलों ने तोड़ा दम गांव में मचा कोहराम**

## मुठभेड़ में सट्टा माफिया असलहा सहित गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने अभियुक्त सट्टा माफिया को पुलिस मुठभेड़ के दौरान अवैध असलहा, जिंदा एवं खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। 25-8-2025 को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम रुकनपुरा में शकील मास्टर पुत्र अब्दुल खालिक उर्फ खालिक के किराए के मकान पर सट्टे की खाई-बाड़ी हो रही है। सूचना के आधार पर शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मकान की तलाशी ली गई, जिसमें मौके से 4 अभियुक्त मोनू उर्फ अतीक पुत्र अब्दुल मुखिद खाँ शादाब पुत्र अजिजुल फैजान पुत्र असफाक शहजाद पुत्र मो. हारुन को मौके से गिरफ्तार किया गया था इसी दौरान मौके से इनके अन्य साथी फरार हो गए। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन अभियान चलाया जा रहा था तथा सम्भावित स्थानों पर प्रभावी दबिश दीं जा रही थी इसी क्रम में 25/26-08-2025 की रात्रि में अभियुक्त नईम पुत्र अलीम अंसारी निवासी रुकनपुरा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के कब्जे से 51,620 रु. नगद सट्टा पर्चे व अन्य सामान बरामद हुआ था। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना शिकोहाबाद पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इसी मुकदमे में वांछित अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनुज कुमार द्वारा पुलिस टीम के साथ दबिश दी जा रही थी, इसी क्रम में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वांछित सट्टा माफिया अभियुक्त समीर पुत्र शकील मास्टर निवासी मौहल्ला रुकनपुरा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजबाद कहीं भागने की फिराक में भूड़ा नहर पटरी पर एफएस कॉलेज के पास छुपा हुआ है। उक्त सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु मौके पर पहुँचकर अभियुक्त की घेराबंदी की गयी। खुद को घिरता हुआ व पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में सट्टा माफिया अभियुक्त समीर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। सट्टा माफिया अभियुक्त समीर के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस व खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

## धीरेंद्र शास्त्री पहुंचे कृष्ण कृपा धाम, संतों-महंतों संग की बैठक

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** वृंदावन के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 7 नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक 10 दिवसीय और लगभग 170 किमी लंबी ह्यसनातन हिंदू एकताह्व पदयात्रा निकालेंगे। सोमवार को कृष्ण कृपा धाम में 200 से अधिक संतों और महंतों की बैठक हुई, जिसमें यात्रा की रूपरेखा, अनुशासन और धार्मिक मयार्दाओं पर चर्चा की गई। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आगामी सात नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक एक विशाल ह्यसनातन हिंदू एकताह्व पदयात्रा निकालने जा रहे हैं। दस दिवसीय यह यात्रा लगभग 170 किलोमीटर लंबी होगी और 16 नवंबर को वृंदावन पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा से पहले सोमवार को वृंदावन के कृष्ण कृपा धाम में संत-समागम हुआ। इस बैठक में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज, भाजपा सांसद मनोज तिवारी, और देशभर से आए 200 से अधिक संतों और महंतों ने भाग लिया। बैठक में यात्रा की रूपरेखा, अनुशासन और धार्मिक मयार्दाओं पर विशेष चर्चा की गई। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह यात्रा पूरी शालीनता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ निकाली जाएगी। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह यात्रा सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन भी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि ब्रज क्षेत्र में मांस-मदिरा की बिक्री पर रोक लगे, यमुना शुद्ध हो, और धार्मिक स्थलों पर राष्ट्रगीत गूंजे। जब तक सभी सनातनी एकजुट नहीं होते, हमारा प्रयास जारी रहेगा उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों और मस्जिदों में राष्ट्रगीत का वादन यह दशार्ने के लिए होना चाहिए कि कौन इस मातृभूमि से प्रेम करता है और कौन नहीं।



**सांसद मनोज तिवारी बोले अपने भीतर का श्रीकृष्ण जगायें**

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि वे इस यात्रा को इतना महत्व दे रहे हैं कि दिल्ली के अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर वृंदावन पहुंचे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया, अब समय है कि अपने अंदर के हनुमान और श्रीकृष्ण को जागृत करें। यह यात्रा आत्मबोध और राष्ट्रबोध का माध्यम बनेगी।

**झांकियां, रथ व अनुयायियों का हुजूम :** यात्रा में अलग-अलग समाजों के महापुरुषों की झांकियां, गौरक्षा रथ, बागेश्वर बालाजी रथ व अन्य धार्मिक रथ यात्रा का हिस्सा होंगे। पिछली यात्रा की तरह इस बार भी बुंदेलखंड के खली बद्री विश्वकर्मा, जो बालों से रथ खींचते हैं, साथ चल सकते हैं।

## नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान चलाया

**मथुरा।** राधा अष्टमी के अवसर पर नगर आयुक्त जग प्रवेश वर्मा द्वारा निगम की टीम एवं नेचर ग्रीन की आई.ई.सी. टीम के साथ में डैंपियर नगर स्थित अहिल्या बाई पार्क विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्क परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई, जिससे क्षेत्र को स्वच्छ एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के सही निस्तारण एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर नगर स्वस्थ अधिकारी गोपाल के साथ कंपनी के परियोजना प्रबंधक अभिलाष चैधरी, ऑपरेशन प्रभारी अभिषेक बाजपेई आदि उपस्थित रहे। नगर निगम की यह पहल स्वच्छता एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## निपुण भारत मिशन अंतर्गत एफएलएन प्रशिक्षण के दूसरे बैच का प्रारंभ



**टूंडला।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केद टूंडला में एफएलएन प्रशिक्षण के तहत सोमवार को दूसरे बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ, प्रथम बैच के प्रशिक्षणाथी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने विद्यालयों में पहुंच कर छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं कमरा नंबर एक हाल में सत्र का प्रारंभ प्रार्थना सुविचार व प्रमुख समाचारो से हुआ। एआरपी हिंदी भाषा रणजीत सिह द्वारा संशोधित निपुण लक्ष्य में बदलाव के बारे में विस्तृत चर्चा की गई जिसके अंतर्गत कक्षा 3 की वीणा एक में एनसीईआरटी द्वारा संशोधित चार पाठों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई जिसमें नवीन पाठों को परिवेश से जोड़ा गया है जिससे कि बच्चे कम समय में विषय को समझ सकें। एआरपी रंजीत सिंह ने प्रशिक्षण में निपुण के विषय में जानकारी देते हुए बताया निपुण भारत मिशन को 5 जुलाई सन 2021 में लागू किया गया जिसको हमारे केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के द्वारा लागू किया गया जिसमें कक्षा तीन तक के बच्चों में मूलभूत साक्षरता व गणना का लक्ष्य रखा गया हमें निपुण लक्ष्य को सन 2026 - 2027 तक प्राप्त करना है एआरपी विज्ञान जितेंद्र दुबे ने सदन में चर्चा करते हुए बताया कि समेकन एवं आकलन में स्वनिर्मित शिक्षण योजना तथा छठवें दिन रेमेडियल एवं पुनरावृति के दौरान रेमेडियल शिक्षण एवं स्व निर्मित टीएलएम के माध्यम से रेमेडियल शिक्षण योजना का प्रयोग किया जाना बताया गया। शिक्षक संदर्शिका के साथ प्रिंट रिच सामग्री के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से देश दीपक सुनीता वर्मा रेखा दीप्ति रानी, छाया चरण सिंह चंद्रपाल चितरंजन मनीष, साधना डोली गौरव गीता निमेश गुड्डी, प्रतिभागी प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

## बागेश्वर सरकार से मिले श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद केस के हिंदू पक्षकार श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने सोमवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर श्रीधीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री और हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास महाराज से वृंदावन में मुलाकात की। परिक्रमा मार्ग में स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम आश्रम में करीब आधे घंटे की भेंट वार्ता का मुद्दा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को तोड़कर मूल गर्भ गृह स्थल पर आक्रांता औरंगजेब द्वारा बनवाई गई मस्जिद का रहा। दोनों संतो को महेंद्र प्रताप ने आरंभ से लेकर वर्तमान तक की वस्तुस्थित से अवगत कराया। संतों ने भी इस प्रकरण में हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप का तहेदिल से साथ देने का वायदा करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि हिंदुओं की संपदा है और उनको मिलकर रहेगी। मध्यप्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम पीठ के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री नवम्बर महीने में गो संवर्धन और सनातन धर्म की रक्षा के लिए दिल्ली से मथुरा तक पदयात्रा कर रहे हैं। उसी सिलसिले में वह यहां के साधु संतों से मुलाकात करने आए थे। गीता मनीषी ज्ञानानंद के कृष्ण कृपाधाम आश्रम में आए हुए थे। यहां न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट और बागेश्वर सरकार के मध्य श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराकर वहां एक विशाल भव्य मंदिर निर्माण को लेकर करीब आधे घंटे की लंबी वार्ता हुई। महेंद्र प्रताप सिंह ने उनको बताया कि हाईकोर्ट में यह मुकदमा विचाराधीन है। मुस्लिम पक्ष इस मुकदमा को लंबा खींचने की हर संभव कोशिश कर रहा है। मगर, हमारे पास श्रीकृष्ण के जन्मभूमि मंदिर को तोड़कर वहां पर बनाई गई मस्जिद के ठोस और पर्याप्त साक्ष्य हैं। इनमें इतिहास की पुस्तक, जिनमें विदेशी यात्रियों और आक्रांताओं के साथ आए मंत्रियों के द्वारा लिखित पुस्तक, साहित्यकार की प्रमुख पुस्तकें और राजस्व का रिकॉर्ड है।

## संस्कृति विवि में मंत्रोच्चारण के साथ 'दीक्षारंभ 2025' शुरू

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ 2025 का आयोजन विधिविधान के साथ हुआ। मंत्रोच्चार के मध्य हवन से उठी पवित्र ज्वाला की तपिश और हवन सामग्री की सुगंध ने विद्यामंदिर के समस्त वातावरण को सुखद बना दिया। नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को विवि के शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक ओर अनुशासन का पाठ पढ़ाया तो दूसरी ओर उनको बताया कि विवि में उनके अध्ययन के लिए किस तरह की विश्वस्तरीय सुविधाएं मौजूद हैं।

दो सितंबर तक चलने वाले इस दीक्षारंभ कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्कृति विश्वविद्यालय के फामेर्सी संकाय द्वारा नव प्रवेशित बी.फार्मा, डी.फार्मा और एम.फार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों को इंटरैक्टिव सत्रों, कार्यशालाओं और गतिविधियों की एक श्रृंखला के माध्यम से उनकी शैक्षणिक यात्रा के लिए तैयार किया गया। फामेर्सी विभाग के डा. हर्ष भारद्वाज ने नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को ओरिएंटेशन, प्रेरणा और कौशल पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम द्वारा एक सकारात्मक शिक्षण वातावरण और छात्रों को आत्मविश्वास और उत्साह के साथ विवि में शिक्षा आरंभ करने के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम में नवीन सत्र के विद्यार्थियों को एसपीआरसी के प्राचार्य डॉ. डी. के. शर्मा, संस्कृति



प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग की डॉ. अर्पणा, डॉ. एस. पटनायक, डा. कल्पना स्वैन, सिनायक कुमार दुबे, और सुश्री वर्षा स्नेही ने विभिन्न विभागों और खेल, मनोरंजन से जुड़ी जानकारियां दीं। दीक्षारंभ कार्यक्रम के दूसरे दिन नवीन सत्र के विद्यार्थियों को परिसर भ्रमण और प्रयोगशालाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों को संस्कृति विश्वविद्यालय के फामेर्सी स्कूल में उपलब्ध शैक्षणिक बुनियादी ढाँचे, प्रयोगशालाओं और सुविधाओं से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का समन्वय करने वालों में डॉ. कल्पना स्वैन, सुश्री वर्षा स्नेही, डॉ. संतोष चतुवेर्दी, सुश्री श्रद्धा गौतम, सुश्री सुप्रिया दास शामिल रहीं। इसी के साथ बीएससी. कृषि, एम.एससी. कृषि विज्ञान एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों ने प्रयोगशालाओं के अवलोकन के साथा पौधरोपण में भी भाग लिया। विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व और उसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। संस्कृति के कृषि विद्यालय की प्रयोगशालाओं के भ्रमण के दौरान उपकरणों व रसायनों के बारे में जानने में विस्तार से जानकारी दी गई।

## नकली दवा सिंडिकेट में पिता-पुत्र समेत 3 गिरफ्तार

**आगरा।** नकली दवा प्रकरण में जांच एजेंसियों का शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस ने मामले में पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर करोड़ों की नकली दवा सप्लाई करने के आरोप हैं। मामले की जांच जारी है। नकली दवा प्रकरण में थाना कोतवाली में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले पिता-पुत्र और भाई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इनसे पूछताछ में जुटी है। इसमें करोड़ों की नकली दवाओं की सप्लाई के आरोप लगाए गए हैं। औषधि निरीक्षक की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें नामनेर निवासी मुकेश बंसल, उसका भाई संजय बंसल और बेटा सोहित बंसल शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपी दवाओं के अवैध कारोबार से जुड़े हुए हैं। इस मामले में अब तक चार मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। पूर्व में एक आरोपी हे मां मेडिकल एजेंसी के संचालक हिमांशु अग्रवाल को जेल भेजा जा चुका है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की एडिशनल कमिश्नर रेखा एस चौहान ने बताया कि डमी फर्म से कई राज्यों में काला कारोबार हो रहा था। कई मेडिकल स्टोर भी जांच के दायरे में हैं। दवा माफिया के कई गोदाम हो सकते हैं, जिनकी खोज की जा रही है। पुडुचेरी, तमिलनाडु में नकली दवा बनाने की फैक्टरी चिह्नित कर ली है। एडिशनल कमिश्नर ने बताया कि लाइसेंस जारी करने वाले विभागीय अधिकारियों की भी जांच की जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि लाइसेंस देते वक्त नियमों का पालन किया गया है कि नहीं। लखनऊ की दो फर्म के संचालकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज हुई है। इसके संचालक अभी पकड़ से दूर है। पुलिस उनकी तलाश में लगी हुई है।

## संक्षेप

### एआई पावर्ड आईएमसी 2025 ऐप हुआ लॉन्च

नई दिल्ली। आईएमसी 2025 में भागीदारी बढ़ाने और प्रतिभागियों के लिए एक निर्बाध, अद्भुत अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 के लिए आज एआई पावर्ड इंटरेक्टिव मोबाइल ऐप्लीकेशन लांच किया। आईएमसी का यह नौवां संस्करण नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कनवेन्शन सेंटर में 8 से 11 अक्टूबर, 2025 तक होगा। इंडिया मोबाइल कांग्रेस महज एक आयोजन नहीं है, बल्कि संभावनाओं का एक मंच है और इन संभावनाओं को संपर्कों, गठबंधनों और परिणामों में तब्दील करने के लिए डिजाइन इस ऐप को डिजाइन किया गया है।

### पियाजियो व्हीकल्स और एचएलएफ में साझेदारी

पुणे। पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. (पीवीपीएल) ने हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस (एचएलएफ) के साथ एक रिटेल फाइनेंस साझेदारी की घोषणा की है। एचएलएफ देश की अग्रणी एनबीएफसी कंपनियों में से एक है। इस साझेदारी का उद्देश्य वाहन फाइनेंसिंग को सरल बनाना और पियाजियो के थ्री-व्हीलर वाहनों जिनमें इलेक्ट्रिक और इंटर्नल कंबशन इंजन दोनों शामिल हैं की ओनरशिप प्रक्रिया को तेज और आसान बनाना है। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत, हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस पियाजियो के सभी थ्री-व्हीलर वाहनों – चाहे वह आईसीई रेंज हो या इलेक्ट्रिक के लिए आकर्षक और लचीले वित्तीय समाधान उपलब्ध कराएगा।

### एमवे के न्यूट्रिलाइट को मिली एनएफएसयू की मान्यता

इटारसी। आज जब बाजार में उपलब्ध न्यूट्रिशन उत्पादों की सुरक्षा और प्रामाणिकता को लेकर उपभोक्ताओं की चिंताएँ तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे समय में एमवे इंडिया ने घोषणा की है कि उसके प्रमुख ब्रांड न्यूट्रिलाइट के पाँच उत्पादों को राष्ट्रीय फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट टेस्टिंग फॉर स्पोर्ट्सपर्सन के प्रतिष्ठित ट्रस्टेड सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह मान्यता एमवे की उस अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके तहत वह उच्च गुणवत्ता वाले, सुरक्षित और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित न्यूट्रिशन उत्पाद उपलब्ध कराता है।

### हजरतगंज सोशल मना रहा अपनी पहली वर्षगांठ

लखनऊ। पिछले एक साल में, लखनऊवासियों ने सोशल का खुले दिल से स्वागत किया है, और हजरतगंज सोशल चुपचाप उनके रोजमर्रा के पलों का एक अहम हिस्सा बन गया है, चाहे वह एक झटपट कॉफी हो, दोस्तों के साथ शाम हो, या छत पर कोई जश्न हो। लखनऊ का पसंदीदा कैफे-बार, हजरतगंज सोशल, 5 सितंबर को पूरे दिन खाने-पीने की चीजों पर 50% की छूट के साथ अपनी पहली वर्षगांठ मना रहा है। शहर के बीचों बीच एक खूबसूरती से पुनर्निर्मित हवेली के भीतर डिजाइन किया गया यह आउटलेट अवधी विरासत को सोशल की विशिष्ट विशिष्टता के साथ सहजता से जोड़ता है विरासत की खिड़कियों, झरोखों और मेहराबों से लेकर जीवंत छत पर स्थित सोशल छत तक, यह जगह मेहमानों को एक अनोखा अनुभव प्रदान करती है जो हजरतगंज की गंजिंग संस्कृति के आकर्षण का जश्न मनाता है हजरतगंज सोशल का खाना भी उतना ही आकर्षक रहा है।

### अनरियल कैलेंडर लॉन्च

नयी दिल्ली। सऊदी टूरिज्म प्राधिकरण के उपभोक्ता-आधारित ब्रांड सऊदी, वेलकम टू अरबिया ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ



अपना नया अभियान 'आई केम फॉर फुटबॉल, आई स्टेड फॉर मोर लॉन्च किया। यह अभियान यूरोप के प्रमुख बाजारों के साथ-साथ भारत और चीन में भी शुरू हुआ है। यह अभियान सऊदी अरब के उन अनुभवों को उजागर करता है, जो विजिटर्स को अपेक्षाओं से कहीं अधिक देते हैं। इसके साथ ही, सऊदी अरब उच्च खेल, मनोरंजन, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विस्तारित सीजन की शुरूआत कर रहा है। यह है सऊदी सक्रिय, उत्साहित और अपनी जगह बनाने के लिए तैयार।

# सेंसेक्स में 555 अंकों की उछाल



मुंबई। आर्थिक वृद्धि के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरते हुए सोमवार को चढ़कर बंद हुए।

सेंसेक्स ने 555 अंकों की छलांग लगाई जबकि निफ्टी में 198 अंक की बढ़त रही। विश्लेषकों ने कहा कि अनुकूल निवेशक धारणा के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन एवं बैंकों के शेयरों में हुई खरीदारी से बाजार को तेजी मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 554.84 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,364.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सूचकांक 597.19 अंक चढ़कर 80,406.84 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 198.20 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,625.05 अंक पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू शेयर बाजार पिछले तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहा। इन तीन सत्रों में सेंसेक्स में 1,826.26 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 540.9 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सोमवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। इनमें से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, इटर्नल, एशियन पेंट्स और इंफोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। हालांकि सन फार्मा, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी जो पांच तिमाहियों में सर्वाधिक है। हालांकि अमेरिका की तरफ से भारतीय उत्पादों पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर देने से कपड़ा, चमड़ा एवं रत्न-आभूषण जैसे प्रमुख निर्यातों पर खतरा मंडरा रहा है। भारत की पहली तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान से अधिक 7.8 प्रतिशत रही है, जिसने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था के जुझारूपन में निवेशकों के भरोसे को मजबूती दी है। जीएसटी परिषद की आगामी बैठक में कर प्रणाली को युक्तिसंगत बनाए जाने की उम्मीदें निवेशक धारणा को मजबूत कर रही है और सोच-समझकर खपत करने को बढ़ावा दे रही हैं। यह आशावाद खासकर वाहन एवं टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को लाभ पहुंचा रहा है। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.64 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप सूचकांक में 1.49 प्रतिशत की तेजी रही। वाहन खंड में सर्वाधिक 2.68 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 2.07 प्रतिशत, विवेकाधीन उपभोक्ता खंड में दो प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत की तेजी रही।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे टूटकर 88.19 के अबतक के सबसे निचले स्तर पर



मुंबई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अनिश्चितताओं और आयातकों की बढ़ती डॉलर मांग के बीच सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 10 पैसे टूटकर 88.19 (अस्थायी) के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.18 पर खुला। कारोबार के दौरान नीचे गिरकर 88.33 के अबतक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। इसका कारण अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने से भारत के व्यापार घाटे को लेकर चिंता का बढ़ना है। घरेलू मुद्रा अंततः डॉलर के मुकाबले 88.19 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को रुपया पहली बार 88 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर 88.09 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। घरेलू बाजारों में मजबूती के चलते सोमवार को रुपया अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरा। घरेलू शेयर बाजार में, बीएसई सेंसेक्स 554.84 अंक उछलकर 80,364.49 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 198.20 अंक बढ़कर 24,625.05 पर बंद हुआ। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत टूटकर 97.63 रह गया, जिससे रुपये को निचले स्तरों पर मजबूती मिली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सितंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना से डॉलर और कमजोर हो सकता है। इस सप्ताह अमेरिका से गैर-कृषि पेरोलरिपोर्ट आने से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। डॉलर-रुपये का हाजिर भाव 87.85 से 88.50 के बीच रहने का अनुमान है। अमेरिका द्वारा भारत पर जारी व्यापार शुल्क संबंधी चिंताओं के बीच हमारा अनुमान है कि रुपया थोड़े नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.99 प्रतिशत बढ़कर 68.15 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# यूपीआई लेनदेन की संख्या अगस्त में 20 अरब के पार

नयी दिल्ली। लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन की संख्या अगस्त में 20 अरब को पार कर गई। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी।

इस दौरान मूल्य के लिहाज से 24.85 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। यह आंकड़ा जुलाई में 25.08 लाख करोड़ रुपये था। मूल्य के लिहाज से अब तक का सबसे अधिक यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मात्रा के लिहाज से जुलाई में सबसे अधिक 19.47 अरब लेनदेन हुए थे। एनपीसीआई के अनुसार यूपीआई लेनदेन की राशि 21 प्रतिशत बढ़कर 24.85 लाख करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 20.60 लाख करोड़ रुपये था। एनपीसीआई ने बताया कि मात्रा के लिहाज से लेनदेन अगस्त 2024 के 14.9 अरब से 34 प्रतिशत बढ़कर अगस्त 2025 में 20.01 अरब हो गया। इस साल अगस्त के दौरान औसत दैनिक लेनदेन राशि 80,177 करोड़ थी, जबकि इस दौरान औसत दैनिक लेनदेन की संख्या 64.5 करोड़ थी। अगस्त 2025 में 20.01 अरब यूपीआई लेनदेन का आंकड़ा पार करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इससे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की गहराई और मजबूती का पता चलता है।

# बिजली की खपत 4.4 प्रतिशत बढ़ी



नयी दिल्ली। देश में बिजली की खपत अगस्त महीने में 4.4 प्रतिशत बढ़कर 150.47 अरब यूनिट पर पहुंच गई, जो पिछले वर्ष इसी माह 144.11 अरब यूनिट रही थी।

आधिकारिक आंकड़ों में सोमवार को यह जानकारी दी गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि अगस्त के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में लगातार हुई भारी वर्षा ने बिजली की मांग और खपत पर असर डाला। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त महीने में बिजली की एक दिन की अधिकतम मांग बढ़कर 229.71 गीगावाट रही, जबकि अगस्त 2024 में यह 216.47 गीगावाट थी। मई 2024 में एक दिन की अधिकतम बिजली मांग का आंकड़ा 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था, जबकि इससे पहले सितंबर 2023 में 243.27 गीगावाट की अधिकतम मांग दर्ज की गई थी। सरकार ने इस साल गर्मियों के मौसम में अधिकतम बिजली मांग 277 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान लगाया था लेकिन अब तक अप्रैल से जून के बीच सबसे ऊंची मांग जून में 242.77 गीगावाट ही रही। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून की अत्यधिक सक्रियता के चलते बिजली की खपत अपेक्षित स्तर से कम रही है क्योंकि बारिश की वजह से मौसम नरम रहने से कूलर एवं एयर कंडीशनर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल घटा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि देशभर में एक जून से 31 अगस्त के बीच 743.1 मिलीमीटर बारिश हुई जो दीर्घकालिक औसत 700.7 मिलीमीटर से छह प्रतिशत अधिक है। अगस्त के दौरान देशभर में 268.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 5.2 प्रतिशत अधिक है।

# सोना 1.05 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत सोमवार को 1000 रुपये बढ़कर 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस महीने अमेरिकी फेडरलरिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद और विदेशी बाजारों में मजबूत मांग के चलते सोने की कीमतों में तेजी आई। यह लगातार छठा कारोबारी सत्र है जब सोने में तेजी रही।

इसके साथ ही चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये चढ़कर 1,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शनिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,04,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 800 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,04,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर बढ़ती चिंताओं और शुल्क नीतियों को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुझान बढ़ने से कीमती धातु में तेजी आई।

# वाहनों की बिक्री सुस्त, जीएसटी कटौती की आस में मांग घटी



नयी दिल्ली। प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनियों मारुति सुजुकी, हुंदै, महिंद्रा और टाटा मोटर्स की थोक बिक्री में अगस्त के दौरान मांग घटने की वजह से गिरावट देखी गई।

कई संभावित खरीदारों के जीएसटी कर दरों में संशोधन का इंतजार करने और अपनी खरीदारी को टाल देने से वाहन बिक्री में यह गिरावट आई है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के यात्री वाहनों की पिछले महीने घरेलू बाजार में थोक बिक्री आठ प्रतिशत गिरकर 1,31,278 इकाई रही जबकि एक साल पहले इसी महीने में 1,43,075 वाहनों की बिक्री हुई थी। मारुति की छोटी कारों की बिक्री साल भर पहले के 10,648 वाहनों से घटकर 6,853 वाहन रह गई। हालांकि, इसकी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री एक साल पहले के 58,051 वाहनों से बढ़कर 59,597 वाहन हो गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद तीन-चार सितंबर को जीएसटी कर के सिर्फ दो स्लैब ही रखने के प्रस्ताव पर चर्चा करेगी। इसमें जीएसटी कर सिर्फ पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर से लगाने का प्रस्ताव रखा जाएगा। फिलहाल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की चार-स्तरीय संरचना है जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से कर लगता है। मौजूदा व्यवस्था के तहत वाहनों पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। इसके अलावा वाहन के प्रकार के आधार पर अलग से क्षतिपूर्ति उपकर (एक से 22 प्रतिशत तक) भी लगाया जाता है। वाहन के इंजन, क्षमता और लंबाई के आधार पर छोटे पेट्रोल वाहनों के लिए कुल कर 29 प्रतिशत है जबकि एसयूवी के लिए यह 50 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। हालांकि इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच प्रतिशत की दर से ही कर लगता है। दोपहिया वाहन खंड में बजाज ऑटो की घरेलू बिक्री अगस्त में 12 प्रतिशत घटकर 1,84,109 इकाई रह गई जो एक साल पहले इसी अवधि में 2,08,621 इकाई थी। इस साल अगस्त में उसकी घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री साल-दर-साल 28 प्रतिशत बढ़कर 3,68,862 इकाई हो गई। पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 57 प्रतिशत की तगड़ी वृद्धि के साथ 1,02,876 इकाई रही जबकि साल भर पहले यह 65,623 इकाई थी। पिछले महीने कुल 1,13,936 दोपहिया वाहनों की बिक्री की जो पिछले साल के 1,04,800 वाहनों के मुकाबले नौ प्रतिशत अधिक है।

# एनएसई, बीएसई ने सेबी के नियमों का पालन न करने पर एमटीएनएल पर लगाया जुर्माना

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी)के मानदंडों के अनुसार निदेशक मंडल की संरचना के संबंध में गैर-अनुपालन के लिए एनएसई और बीएसई ने दंडित किया है।

कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि दोनों ने गैर-अनुपालन के लिए उस पर 6.73 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें कहा गया, एमटीएनएल को एनएसई तथा बीएसई से क्रमशः सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के प्रावधानों का अनुपालन न करने के संबंध में नोटिस मिला है... निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित आवश्यकताओं का अनुपालन न करना जिसमें महिला निदेशक की नियुक्ति करने में विफलता, लेखा परीक्षा समिति के गठन का अनुपालन न करना शामिल है। इसमें नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के गठन, हितधारक संबंध समिति के गठन तथा जोखिम प्रबंधन समिति के गठन का अनुपालन न करना भी शामिल है। एमटीएनएल ने कहा कि वह एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी निदेशक मंडल की नियुक्तियां प्रशासनिक मंत्रालय दूरसंचार विभाग द्वारा की जाती हैं। कंपनी ने कहा कि एक महिला निदेशक सहित दो स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति दूरसंचार विभाग द्वारा 15 अप्रैल से प्रभावी रूप से की गई है।

## अफ्रीका के पास दुनिया की सबसे बड़ी सौर क्षमता

बंगलुरू। अफ्रीका अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका मकसद सौर ऊर्जा के जरिए विकास को आगे बढ़ाना और सभी तक ऊर्जा पहुंचाना है। अफ्रीका के पास दुनिया की सबसे बड़ी सौर क्षमता है और उसकी अर्थव्यवस्थाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे ऊर्जा की जरूरत भी बढ़ रही है। आगामी बैठक अक्रा (घाना) में आयोजित की जायेगी। यह बैठक निवेश लाने, स्थानीय संस्थाओं की क्षमता बढ़ाने और अफ्रीका की सौर योजनाओं को वैश्विक प्रयासों से जोड़ने का बड़ा अवसर होगी।

## पेज एक का शेष

### अफगानिस्तान में

कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है और 2,500 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं। अफग़ानिस्तान में इमारतें आमतौर पर कम ऊंचाई वाली होती हैं, जो ज्यादातर कंक्रीट और ईंटों से बनी होती हैं, जबकि ग्रामीण और दूर-दराज़ के इलाकों में घर कच्ची ईंटों और लकड़ी से बने होते हैं। कई मकानों की गुणवत्ता घटिया है। कुनार के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक नर्गल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव खत्म हो गया है। ग्रामीण ने बताया बच्चे मलबे के नीचे दबे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे दबे हैं। उसने गुहार लगायी हमें यहां मदद की जरूरत है। पूर्वी अफ़ग़ानिस्तान पहाड़ी क्षेत्र है और दूरदराज के इलाकों से घिरा है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। घटना में जीवित बचे एक व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी आंखों के सामने घरों को ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते-चिल्लाते देखा।

### यूपी में

का ध्यान रखते हुए युगानुकूल सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम लागू किया जाए। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की उपस्थिति में सोमवार को हुई बैठक में प्रस्तावित अधिनियम पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें ऐसे प्रावधान किए जाने चाहिए, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और सदस्य हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट हो या सोसाइटी, कुछ लोगों की कुत्सित मानसिकता के चलते संस्थाओं की संपत्तियों की मनमानी बिक्री न हो, यह रोकने के लिए ठोस व्यवस्था की जानी चाहिए। विवाद की स्थिति में प्रशासक नियुक्त किये जाने को अनुपयुक्त बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी संस्था कैसे संचालित होगी, यह प्रबंध समिति ही तय करे। सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन की ओर से संस्थाओं के आंतरिक कामकाज में न्यूनतम हस्तक्षेप ही होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग आठ लाख से अधिक संस्थाएं पंजीकृत हैं, जिनकी गतिविधियां शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता, ग्रामीण विकास, उद्योग, खेल आदि अनेक क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं।

### योगी से सुबह

बच्ची के एडमिशन की गुहार लगाई। मासूम मायरा को देख मुस्कुराते हुए सीएम ने पहले हालचाल जाना, फिर पूछा कि क्या बनना चाहती हो। इस पर मायरा ने जवाब दिया- डॉक्टर। यह सुन सीएम ने पहले उसे चॉकलेट दी, फिर अधिकारियों को एडमिशन कराने का निर्देश। अधिकारियों ने कानपुर के एस्कॉटर्स वर्ल्ड स्कूल से मायरा के एडमिशन के संदर्भ में जानकारी ली। इस पर शाम होने से पहले ही एस्कॉटर्स वर्ल्ड स्कूल के-1, केशवपुरम कानपुर नगर के प्रधानाचार्य सुधीर तिवारी ने बीएसए व शासन के अधिकारियों को एडमिशन प्रोसेस शुरू होने की जानकारी दी। इससे पहले मुरादाबाद की वाची ने एडमिशन और गोरखपुर की पंखुड़ी ने फीस माफी को लेकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई थी। जिसके तत्काल बाद दोनों की समस्याओं का हल हो गया। अब दोनों बच्चियां अपने-अपने शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। 'जनता दर्शन' में आते ही सीएम ने मायरा की मां से पूछा कि कहां से आए हैं, कहां एडमिशन कराना है। जिसका उन्होंने उत्तर दिया। इसके बाद मायरा से मुखातिब सीएम ने पूछा कि स्कूल जाओगी, किस क्लास में पढ़ोगी। अभी तक तो स्कूल गई नहीं हो। क्या बनेगी। जिस पर उसने तपाक से जवाब दिया- डॉक्टर। बच्ची की मासूमियत पर सीएम मुस्कुरा उठे। सीएम ने अफसरों को एडमिशन के लिए निर्देश दिया। कानपुर की नेहा सोमवार को बेटी मायरा को लेकर 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वह बच्ची के एडमिशन के लिए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं थीं। उन्होंने कानपुर के एक विद्यालय में एडमिशन का अनुरोध किया। मायरा का परिवार मुख्यमंत्री की सहृदयता का कायल हो गया। मीडिया से बातचीत में मायरा की मां ने कहा कि सीएम ने काफी अच्छे तरीके से हमारे परिवार की बात भी सुनीं और एडमिशन का आश्वासन दिया। यह पहली बार नहीं है, जब कोई बच्ची अपने एडमिशन को लेकर मुख्यमंत्री से मिली। इसके पहले मुरादाबाद की वाची ने अपने माता-पिता के साथ जून में मुख्यमंत्री से 'जनता दर्शन' में मुलाकात की और अपने प्रवेश की गुहार लगाई। बेटी के प्रवेश को लेकर महीनों से परेशान वाची के माता-पिता जब मुख्यमंत्री के पास पहुंचे तो तीन घंटे के अंदर ही आरटीई के तहत वाची का मुरादाबाद के प्रतिष्ठित विद्यालय में प्रवेश हो गया। अब वाची वहां शिक्षारत हैं।

### यूपी में 13

जबकि राकेश सिंह को सुल्तानपुर का एडीएम बनाया गया है। राजकुमार मित्तल को अपर जिलाधिकारी लखनऊ बनाया गया है। वहीं, पवन कुमार उपजिलाधिकारी बारांबकी को प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ बनाया गया है। राज कुमार यादव उपजिलाधिकारी महोबा को बाराबंकी को एडीएम न्यायिक बनाया गया है। मो. कमर को उप निदेशक महिला कल्याण निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। राहुल कुमार यादव को झांसी नगर निगम का अपर नगर आयुक्त बनाया गया है और अंजली गंगवार को कासगंज एसडीएम पद से हटाकर लखनऊ भेजा गया है।

### भारत-रूस

के बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया, जिसमें भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों द्वारा भारत की लगातार आलोचना से संबंधों में तनाव और बढ़ गया है। अपने संबोधन में, मोदी ने यह भी कहा कि भारत के 140 करोड़ लोग दिसंबर में भारत में रूसी नेता के स्वागत के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमारी विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी की गहराई और दायरे का प्रतिबिंब है। भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं।

### एससीओ ने

निंदा की। घोषणापत्र में कहा गया कि सदस्य देशों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को बहाल करने, वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता बनाए रखने तथा सतत विकास सुनिश्चित करने में एससीओ की भूमिका पर ध्यान दिया। एससीओ की यह पुष्टि ट्रंप प्रशासन के शुल्क विवाद के बीच आई है। घोषणापत्र में कहा गया है कि सदस्य देश वैश्विक आर्थिक प्रशासन संरचना में और सुधार का समर्थन करते हैं तथा खुली, पारदर्शी, निष्पक्ष, समावेशी, गैर-भेदभावपूर्ण और बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को निरंतर बनाए रखेंगे और मजबूत करेंगे। घोषणापत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने के तरीकों का उल्लेख किया गया और आतंकवाद से मुकाबले को एक बड़ी चुनौती बताया गया। इसमें कहा गया, सदस्य देश 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। एससीओ के सदस्य देशों ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में खुजदार और जाफर एक्सप्रेस पर हुए आतंकवादी हमलों की भी निंदा की। घोषणापत्र के अनुसार, उन्होंने (सदस्य देशों ने) हताहतों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति एवं संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों के दोषियों, आयोजकों और प्रायोजकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

### मतदाता सूची

नहीं है। यह कहा गया है कि दावे, आपत्तियां, सुधार समय सीमा के बाद भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं, अर्थात एक सितंबर के बाद और मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इस पर विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत के आदेश में कहा गया है, यह प्रक्रिया नामांकन की अंतिम तिथि तक जारी रहेगी और नाम शामिल करनो नाम हटाना अंतिम मतदाता सूची में समाहित किया जाएगा। इस रुख को देखते हुए दावे। आपत्तियां। संशोधन दायर किए जाते रह सकते हैं। इसके बाद पीठ ने राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग के नोट के जवाब में अपने जवाब दाखिल करने की छूट दे दी। शीर्ष अदालत ने बिहार एसआईआर को लेकर भ्रम की स्थिति को काफी हद तक विश्वास का मुद्दा करार देते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दाखिल करने में व्यक्तिगत मतदाताओं और राजनीतिक दलों की सहायता के लिए अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करे।

### उत्तराखण्ड : सीएम

परीक्षाओं की तैयारी करवा रहे हैं। आज यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, मेडिकल, बैंकिंग, रेलवे और क्लैट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं के लिए दूरस्थ क्षेत्रों और निर्धन परिवारों के विद्यार्थियों सहित अन्य सभी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में 80 छात्रों को ऑफलाइन कोचिंग और मेंटरिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सुविधा का सीधा लाभ खटीमा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज देशभर में 15 लाख से अधिक विद्यार्थी प्रोजेक्ट साथी से लाभान्वित हो चुके हैं। हमारे राज्य में भी अब तक लगभग 29 हजार विद्यार्थी इस पहल का हिस्सा बन चुके हैं और पिछले वर्ष 500 से अधिक विद्यार्थियों ने इस प्लेटफॉर्म की मदद से विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की।

### पांच तक

पर खोल रही है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा ओर सुविधा को देखते हुए, फिलहाल चारधाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा को 05 सितम्बर 2025 तक स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वे प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए फिलहाल यात्रा मार्गों पर प्रस्थान न करें तथा प्रशासन द्वारा जारी परामर्श का पालन करें। मौसम सामान्य होने एवं मार्ग पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने के उपरांत यात्राओं को पुनः प्रारम्भ किया जाएगा। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा सड़क मार्गों की निगरानी, सफाई तथा यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि धैर्य एवं संयम बनाए रखें तथा यात्रा संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए प्रशासनिक नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क करते रहें।

### प्रकृति का

व्यक्ति और उसकी बेटी सहित तीन लोगों की बीती रात मौत हो गई। शिमला शहर के बाहरी इलाके जुन्गा के दुबलू क्षेत्र में रात को हुए भूस्खलन में वीरेंद्र कुमार और उनकी दस वर्षीय बेटी की मौत हो गई लेकिन वीरेंद्र की पत्नी, जो घर के बाहर थीं, बच गईं। वहीं, उएक अन्य घटना में शिमला के कोटखाई क्षेत्र के चोल गांव में सोमवार तड़के एक बुजुर्ग महिला का मकान ढह जाने से उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान कलावती के रूप में हुई और उसका शव मलबे से निकाल लिया गया है।

### शाह ने जम्मू

हवाई अड्डे के पास स्थित एवं बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित गांवों में से एक मांगूचक के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें उचित राहत एवं पुनर्वास मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया। शाह बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुके और नदी के किनारे हुए नुकसान का निरीक्षण किया।

### घरेलू बिक्री

है। अग्रवाल ने कहा, प्रतिकूल वैश्विक हालात और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद, मजबूत घरेलू खपत अब तक स्थिर बनी हुई है।




# मेरठ ने नोएडा को 8 विकेट से हराया

## यूपी टी-20 : शिवम चौधरी ने 56 गेंदों पर नाबाद 85 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जबकि प्रशांत वीर ने केवल 29 गेंदों में 57 रन ठोक डाले

खेल संवाददाता

लखनऊ। भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए यूपी टी-20 लीग 2025 के 29वें मुकाबले में मेरठ मैवरिक्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नोएडा किंग्स को 8 विकेट से हराकर अंकतालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। इस मुकाबले की सबसे बड़ी खासियत रही रिंकू सिंह की विस्फोटक बल्लेबाजी, जिन्होंने मात्र 12 गेंदों पर 37 रन बनाकर मैच का रुख पूरी तरह मेरठ की ओर मोड़ दिया। मैच की शुरूआत में मेरठ मैवरिक्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

नोएडा किंग्स की टीम ने सधी हुई शुरूआत की और बाद में मध्य क्रम के बल्लेबाजों ने शानदार खेल दिखाया। शिवम चौधरी ने 56 गेंदों पर नाबाद 85 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जबकि प्रशांत वीर ने केवल 29 गेंदों में 57 रन ठोक डाले। दोनों ने मिलकर अंतिम ओवरों में तेजी से रन जोड़े और टीम का स्कोर 20 ओवर में 3 विकेट पर 200 तक पहुंचा दिया। 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेरठ की टीम ने बेहतरीन अंदाज में पारी की शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज स्वस्तिक चिकारा ने 38 गेंदों पर 64 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके साथ ऋतुराज शर्मा ने 44 गेंदों पर 56 रन बनाए और दोनों ने पारी को मजबूत आधार दिया। शुरूआती साझेदारी ने मेरठ को दबाव से बाहर निकाला और रन रेट भी लगातार ऊँचा बनाए रखा। लेकिन असली धमाका हुआ अंत में, जब कप्तान रिंकू सिंह बल्लेबाजी के लिए आए। उन्होंने आते ही चौके-छक्कों की बरसात शुरू कर दी। महज 12 गेंदों में 37 रन बनाकर उन्होंने



स्ट्राइक रेट 308.33 हासिल किया। खास बात यह रही कि एक ओवर में उन्होंने 31 रन ठोक दिए, जिसने नोएडा किंग्स के गेंदबाजों की मेहनत पर पानी फेर दिया। रिंकू के साथ माधव कौशिक ने भी 19 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाकर टीम को 18.3 ओवर में ही लक्ष्य तक पहुँचा दिया। मेरठ मैवरिक्स ने 202 रन बनाकर 8 विकेट शेष रहते आसान जीत दर्ज की। यह जीत मेरठ के लिए बेहद अहम रही क्योंकि अब वह अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुँच गया है और प्लेऑफ की दौड़ में लगभग पक्का कर चुका है। वहीं, नोएडा किंग्स के लिए यह हार भारी साबित हो सकती है क्योंकि अब उन्हें लखनऊ फॉलकंस से कड़ी टक्कर लेनी होगी। इस हार के बाद उनके प्लेऑफ में पहुँचने की संभावना कमजोर हुई है। इस मैच ने दर्शकों को भरपूर मनोरंजन दिया। जहां एक ओर नोएडा की बल्लेबाजी ने 200 का विशाल स्कोर खड़ा किया, वहीं मेरठ की टीम ने उससे भी ज्यादा दमदार अंदाज में जवाब दिया।

### पश्चिम दिल्ली लायंस को डीपीएल खिताब

नयी दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान नीतिश राणा ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए 49 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर पश्चिम दिल्ली लायंस को सेंट्रल दिल्ली किंग्स पर छह विकेट से जीत दिलाकर दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब 2025 दिलाया। जीत के लिये 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस को शुरूआती झटके लगे जब सेंट्रल दिल्ली के गेंदबाजों सिमरजीत सिंह और अरूण पुंडीर ने लगातार विकेट लेकर पांचवें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 48 रन कर दिया। इसके बाद कप्तान राणा ने मयंक गुसाई के साथ 42 रन की साझेदारी की। उसके बा रितिक शोकीन (27 गेंद में नाबाद 42) के रूप में उन्हें अच्छा जोड़ीदार मिल गया। राणा ने अपनी पारी में छह छक्के लगाये। इससे पहले सेंट्रल दिल्ली ने 20 ओवर में 173 रन बनाये थे। राणा ने गेंदबाजी में भी जलवा दिखाते हुए चार ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिया।

# महिला विश्व कप चैंपियन को मिलेगा 40 करोड़ का पुरस्कार



दुबई। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में विजेता टीम को 44.80 लाख डॉलर (लगभग 39.55 करोड रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी जो कि इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 13.20 (लगभग 11.65 करोड रुपए) की बढ़ोतरी की गई है। महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी और इसकी कुल पुरस्कार राशि में लगभग चार गुना वृद्धि की गई है। आईसीसी ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल पुरस्कार राशि 13.88 मिलियन डॉलर (लगभग 122.5 करोड़ रुपये) घोषित की है। आईसीसी ने एक बयान में कहा आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है, क्योंकि चैंपियन को रिकॉर्ड 44.8 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि लगभग 31 करोड रुपए थी और इस तरह से अब इस राशि में लगभग 297 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 की पुरस्कार राशि से अधिक है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 10 मिलियन डॉलर (लगभग 88.26 करोड़ रुपये) थी। महिला वनडे विश्व पर रहने वाली टीमों को 280,000 डॉलर (लगभग 24.71 लाख रुपये) मिलेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 250,000 डॉलर (लगभग 22 लाख रुपये) मिलेंगे। आईसीसी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य दुनिया भर में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना और उसे पुरुष क्रिकेट के बराबर लाना है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा कि यह महिला क्रिकेट को प्राथमिकता देने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा यह घोषणा



कप की उपविजेता टीम को अब 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.77 करोड़ रुपये) जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.89 करोड़ रुपये) मिलेंगे। ग्रुप चरण जीत दर्ज करने पर टीमों को 34,314 डॉलर (लगभग 30.29 लाख रुपये) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 700,000 डॉलर (लगभग 62 लाख रुपये) और सातवें और आठवें स्थान महिला क्रिकेट के सफ़र में एक मील का पत्थर साबित होगी। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के लिए हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा।

## संक्षेप

### अहलावत स्विट्जरलैंड में 33वें स्थान पर

क्रांस मोंटाना (स्विट्जरलैंड)। भारत के वीर अहलावत यहां अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से यूरोपीय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर रहे। डीपी विश्व टूर पर पैर जमाने की कोशिश कर रहे अहलावत का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने चार दौर में 69, 64, 70 और 68 के स्कोर बनाए। अहलावत ने लगातार चौथी बार कट हासिल किया। वह अभी डीपी विश्व टूर तालिका में 129वें स्थान पर हैं और अगर कुछ और टूर्नामेंट में अच्छे नतीजे हासिल करते हैं तो टूर पर अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं। शुभंकर शर्मा का संघर्ष जारी रहा और वह इस हफ्ते लगातार 13वें टूर्नामेंट में कट हासिल करने में विफल रहे। बेहद खराब शुरुआत से उबरने के बाद दो बार के विजेता थ्रिस्टन लॉरेंस ने अंतिम दौर में 66 के स्कोर से दो शॉट की बढ़त से खिताब जीता।

### इंडियन सुपर क्रॉस रेसिंग लीग 36 राइडर्स की सफल बोली

पुणे। दुनिया की इकलौती फ्रेंचाइजी आधारित सुपर क्रॉस मंच इंडियन सुपर क्रॉस रेसिंग लीग (आएसआरएल) के दूसरे सत्र के लिए 36 राइडर विभिन्न फ्रेंचाइजी टीम से कुल छह करोड़ रुपये की रकम हासिल करने में सफल रहे। आएसआरएल दुनिया का एकमात्र मोटरस्पोर्ट्स मंच है जहां खिलाड़ी (राइडर) औपचारिक नीलामी और बोली प्रक्रिया के माध्यम से फ्रेंचाइजी टीमों से जुड़ते हैं। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस आयोजन के लिए रिकॉर्ड 155 (109 अंतरराष्ट्रीय और 34 भारतीय) राइडर ने पंजीकरण कराया था जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीमों से 36 राइडर बोली हासिल करने में सफल रहे। रेस के 450 सीसी और 250 सीसी वर्ग में फ्रांस, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया और भारत के राइडर का दबदबा रहा।

### अश्विन आईएलटी 20 आयोजकों के संपर्क में

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले चुके दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुष्टि की है कि वह दो दिसंबर से चार जनवरी 2026 तक यूएई में होने वाले आईएलटी 20 के अगले सत्र की नीलामी का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। अगले कुछ दिनों में 39 वर्ष के होने जा रहे अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास लिया है जिसके बाद वह दूसरे देशों में टी20 लीग खेल सकते हैं। भारत के लिये 287 मैचों में 765 विकेट ले चुके अश्विन के हवाले से क्रिकबज ने कहा, मैं आयोजकों के संपर्क में हूं। उम्मीद है कि नीलामी के लिये रजिस्ट्रेशन कराने पर मुझे कोई खरीदार मिल जायेगा।

# जर्मनी में प्रशिक्षण पर उत्साहित हैं मिनी ब्राजील के खिलाड़ी, प्रशिक्षक

एजेंसी

शहडोल (मध्यप्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में मिनी ब्राजील के नाम से मशहूर विचारपुर गांव का दूसरी बार उल्लेख और कुछ खिलाड़ियों को जर्मनी में प्रशिक्षित किए जाने की घोषणा ने यहां के युवाओं और फुटबॉल प्रशिक्षकों में उत्साह और जोश भर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि उन्होंने पिछले दिनों एक पॉडकास्ट में मध्यप्रदेश के शहडोल के फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र किया था और इससे जर्मनी के फुटबॉल खिलाड़ी और कोच डिटमार बीयर्सडार्फर बहुत प्रभावित हुए थे।

उन्होंने कहा कि विचारपुर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी दूसरे देशों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेंगे, किसी ने सोचा भी नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जर्मनी के इस कोच ने शहडोल के कुछ खिलाड़ियों को जर्मनी की एक अकादमी में प्रशिक्षण देने की पेशकश की है। उन्होंने भारत में फुटबॉल की बढ़ती लोकप्रियता पर खुशी जताते हुए लोगों से आग्रह किया कि उन्हें जब भी समय मिले, वह शहडोल जरूर जाएं और वहां हो रही खेल क्रांति को करीब से देखें। विचारपुर के फुटबॉल प्रशिक्षक अनिल सिंह ने पीटीआई वीडियो सेवा से कहा, यह बहुत अच्छा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात में दूसरी बार मिनी ब्राजील का उल्लेख किया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि एक जर्मन कोच ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया है।

मुझे लगता है कि चार खिलाड़ी और एक कोच जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रशिक्षण से कुछ खिलाड़ियों को अपने कौशल को सुधारने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस घोषणा से यहां के खिलाड़ियों में उत्साह और जोश भर आया है। राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल खिलाड़ी सानिया कुंदे ने कहा मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि प्रधानमंत्री ने हमें मिनी ब्राजील का नाम दिया है और हमें जर्मनी जाने का मौका मिल रहा है। राधनी सिंह नाम की एक अन्य फुटबॉल खिलाड़ी ने कहा मैं बहुत खुश हूं कि प्रधानमंत्री की वजह से हमें जर्मनी जाने का मौका मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने मिनी ब्राजील के रूप में हमारी प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैलाई है। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहती हूं।

# एसए20 की नीलामी में लगेगा खिलाड़ियों का मेला

एजेंसी



जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष खिलाड़ियों सहित दुनिया भर के कई स्टार खिलाड़ी एसए20 क्रिकेट लीग के चौथे सत्र की खिलाड़ियों की नीलामी में हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन यहां नौ सितंबर को किया जाएगा। नीलामी में 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इस दौरान छह फ्रेंचाइजी 26 दिसंबर 2025 से शुरू होने वाले चौथे सत्र से पहले अपनी 19 खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप देंगी। नीलामी के लिए 800 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था जो प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक के सबसे अधिक पंजीकरण हैं। फ्रेंचाइजी समीक्षा के बाद सूची को घटाकर 541 खिलाड़ियों को जगह दी गई जिसमें 300 दक्षिण अफ्रीकी और 241 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान एडेन मार्करम दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों की अगुआई कर रहे हैं जबकि आईसीसी टी20 विश्व कप फाइनल टीम के सात सदस्य एनरिक नोर्किया, क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, केशव महाराज, तबरेज शम्सी, ओटनील बार्टमैन और गेराल्ड कोएत्जी भी नीलामी का हिस्सा हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता दक्षिण अफ्रीकी टीम के सदस्य काइल वेरिने, डेविड बेडिंघम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, टोनी डी जॉर्जी और डेन पैटरसन भी इस सूची में शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दिग्गज बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और जेम्स एंडरसन भी नीलामी में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। इसके अलावा मुस्तफिजुर रहमान, एलेक्स हेल्स और मोईन अली भी नीलामी का हिस्सा होंगे।

एसए20 के फाइनल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टॉम एबेल और पूर्व चैंपियनशिप विजेता एडम रॉसिंगटन, जोर्डन कॉक्स और डेनियल वोरॉल पर भी सभी की नजरें रहेंगी। चौथे सत्र की खिलाड़ी नीलामी में दो अंडर-23 खिलाड़ियों के चयन के साथ एक बिल्कुल नया खंड होगा। इसमें वे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी शामिल होंगे जिनकी उम्र प्रतियोगिता शुरू होने के दिन तक 23 वर्ष होगी।

### जेसिका पेगुला अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क। चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही अन लि को सिर्फ 54 मिनट में 6.1, 6.2 से हराकर अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बारबोरा केसिकोवा से होगा जिन्होंने टेलर टाउनसेंड को 1.6, 7.6, 6.3 से मात दी। पेगुला ने अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। इसके साथ ही 31 ग्रैंडस्लैम खेल चुकी टाउनसेंड का पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना भी टूट गया। अन्य मुकाबलों में कार्लोस अल्काराज ने आर्थर रिंडरनेच को 7.6, 6.3, 6.4 से हराया। वह ओपन युग में 13 ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। वहीं नोवाक जोकोविच रिकॉर्ड 64वें ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जब उन्होंने क्वालीफायर जान लेनार्ड स्टफ को 6.3, 6.3, 6.2 से मात दी। अब उनका सामना पिछले साल के उपविजेता टेलर फ्रिट्ज से होगा।

# ओवरटन ने लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चित कालीन ब्रेक लिया

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन ने सोमवार को लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की क्योंकि अब वह सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध नहीं हो पा रहे हैं। सिर्फ दो टेस्ट खेलने वाले 31 वर्षीय ओवरटन ने पिछला टेस्ट भारत के खिलाफ ओवल में पांच मैच की घरेलू श्रृंखला के दौरान खेला था जो 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई थी। ओवरटन ने एक्स पर कहा काफी सोच-विचार के बाद मैंने लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा मेरे करियर के इस पड़ाव पर 12 महीने के कैलेंडर में क्रिकेट की जरूरत को देखते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से हर स्तर पर सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना अब संभव नहीं है। ओवरटन ने कहा भविष्य में मेरा ध्यान सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर रहेगा और जब तक संभव हो मैं उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए अपना सब कुछ देना जारी रखूंगा। ओवरटन ने 2022 में शुरू हुए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में केवल छह एकदिवसीय और 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलते हैं और हाल ही में इंग्लैंड में द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के लिए खेल रहे थे। प्रथम श्रेणी करियर से ब्रेक लेने का उनका फैसला वैश्विक स्तर पर टी20 लीग के लिए उपलब्ध होने के लिए अपने कैलेंडर को खाली रखने के कारण हो सकता है। वहीं दूसरी ओर

आरसीबी केयर्स की विस्तृत जानकारी देते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सोमवार को कहा कि फाउंडेशन आईपीएल और कर्नाटक प्रदेश क्रिकेट संघ के साथ मिलकर भीड़ प्रबंधन के बेहतर प्रोटोकॉल तैयार कर रहा है। इस साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 लोग मारे गए थे। मृतकों के परिवारों को 25 लाख रूपये मुआवजे का ऐलान कर चुके आरसीबी केयर्स ने कहा कि इसकी स्थापना हमारे 12वें सदस्य के सहयोग, सशक्तिकरण और तरक्की के लिये की गई है। फाउंडेशन में इस लक्ष्य को पाने के लिये छह बिंदुओं का फार्मूला बताया गया है लेकिन सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ही इस पर अमल हो सकता है।

# माया राजेश्वरन अमेरिकी ओपन एकल के दूसरे दौर में

एजेंसी

न्यूयॉर्क। भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती ने चीन की झांग कियान वेइ को अमेरिकी ओपन जूनियर लड़कियों के एकल वर्ग में हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। कोयंबटूर की रहने वाली 16 वर्ष की माया ने 7.6, 6.3 से जीत दर्ज की। माया स्पेन के मालेरका में रफेल नडाल अकादमी की छात्रा हैं। अब वह ब्रिटेन की हन्नाह क्लगमैन से खेलेंगी जिन्होंने एस्पेन शूमैन को 6.0, 6.2 से हराया। वहीं दूसरी ओर

भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती ने चीन की झांग कियान वेइ को अमेरिकी ओपन जूनियर लड़कियों के एकल वर्ग में हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली लेकिन हितेश चौहान सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। कोयंबटूर की रहने वाली 16 वर्ष की माया ने 7.6, 6.3 से जीत दर्ज की। माया स्पेन के मालेरका में रफेल नडाल अकादमी की छात्रा हैं। अब वह ब्रिटेन की हन्नाह क्लगमैन से खेलेंगी जिन्होंने एस्पेन शूमैन को 6.0, 6.2 से हराया। वहीं चंडीगढ में राउंड ग्लास अकादमी के छात्र हितेश को अमेरिका के जैरिड गेनेस जूनियर ने पहले दौर में 6.2, 6.4 से हराया। कृष त्यागी भी स्वीडन के लुडविग हेडे से 3.6,1.6 से हार गए। हितेश और कृष अब लड़कों के युगल वर्ग में खेलेंगे। वहीं दूसरी ओर

टेनिस खिलाड़ी सोराना क्रिस्टी ने कहा है कि हाल ही में एक महिला टूर्नामेंट में जीती हुई उनकी ट्रॉफी अमेरिकी ओपन के दौरान न्यूयॉर्क में होटल के कमरे से चोरी हो गई है। सोराना एकल वर्ग से हारकर बाहर हो चुकी हैं। उन्होंने शनिवार की रात इंस्टाग्राम पर लिखा जिसने भी द फिफ्टी सोनेस्टा होटल के कमरा नंबर 314 से मेरी क्लीवलैंड ट्रॉफी चुराई है, कृपया उसे वापिस लौटा दो। इसकी वैसे कोई कीमत नहीं है लेकिन भावनात्मक कीमत है। रोमानिया की 35 वर्ष की क्रिस्टी ने इस महीने क्लीवलैंड में अपने कैरियर का तीसरा एकल खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में 11वीं रैंकिंग वाली कैरोलिना मुचोवा से हार गई थी।



### टेनिस प्रीमियर लीग नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद में

मुंबई। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां टूर्नामेंट नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आठ टीमों की इस प्रतियोगिता में 30 से 50 के बीच के एटीपी रैंकिंग वाले खिलाड़ी शामिल होंगे। इसमें कई भारतीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे जिनमें दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता रोहन बोपन्ना भी शामिल हैं। यह पहला अवसर होगा जब इस प्रतियोगिता को महाराष्ट्र से बाहर आयोजित किया जाएगा। लीग ने एक विज्ञप्ति में कहा पिछले एक साल में टेनिस प्रीमियर लीग ने विभिन्न आयु वर्गों में टूर्नामेंट आयोजित करके और रेस टू गोल्ड स्कॉलरशिप के माध्यम से युवा खिलाड़ियों का समर्थन करके गुजरात राज्य टेनिस संघ के साथ अपने संबंधों को और गहरा किया है।

# हॉकी : मलेशिया व कोरिया पूल बी से सुपर चार में

एजेंसी

राजगीर (बिहार), एक सितम्बर (भाषा) मलेशिया और कोरिया ने सोमवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल बी के अपने-अपने मैच आसानी से जीत कर सुपर चार चरण में अपनी जगह सुरक्षित की। मलेशिया ने चीनी ताइपे को 15-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 से हराया। मलेशिया तीन मैचों में जीत के साथ नौ अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि कोरिया छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

बांग्लादेश तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा, जबकि चीनी ताइपे एक भी मैच नहीं जीत पाया। दिन के दूसरे मैच में मलेशिया की तरफ से अशरन हमसानी (आठवें, 15वें, 32वें, 54वें मिनट), अखीमुल्लाह अनुआर (10वें, 20वें, 29वें, 45वें, 56वें), नोर्सयाफिक सुमांत्री (20वें, 40वें, 60वें), अबू कमाल अजराई (22वें), एंडीवालफियन एफ्रिनस (24वें) और ऐमान रोजेमी (32वें) ने गोल किए। दिन के पहले मैच में कोरिया की तरफ से डैन सोन (नौवें, 11वें) ने दो, जबकि सेउंगवू ली (16वें), सेयोंग ओह (22वें) और जिहुन यांग (60वें) ने एक-एक गोल किया। बांग्लादेश की तरफ से एकमात्र गोल सोहनुर सोबुज ने 22वें मिनट में किया।



### खेल और खिलाड़ियों को समझना महत्वपूर्ण : पैडी अपटन

दुनिया के मशहूर मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन ने अपने शानदार करियर के दौरान विभिन्न खेलों में काम किया है, लेकिन खेल कोई भी हो उनका मूल मंत्र एक ही है, खेल और खिलाड़ियों की जरूरत को समझना। अपटन भारत की 2011 क्रिकेट वन डे विश्व कप जीत के दौरान मुख्य कोच गैरी कर्स्टन के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा थे और वह वर्तमान में यहां चल रहे एशिया कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ जुड़े हुए हैं। वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम तथा पिछले वर्ष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2022 एशियाई खेलों की विजयी टीमों का भी हिस्सा थे।

अपटन ने कहा टीमवर्क के सिद्धांत लगभग एक जैसे हैं। हॉकी में एक अलग प्रकार का टीमवर्क होता है, जिसमें कई खिलाड़ियों को जुड़ना पड़ता है। क्रिकेट में भी टीमवर्क होता है, लेकिन यह अधिक व्यक्तिगत होता है। इस 55 वर्षीय कोच ने कहा लेकिन ध्यान केंद्रित रखने के सिद्धांत, ध्यान भटकाने वाली चीजों का प्रबंधन करने के सिद्धांत जैसे स्कोरबोर्ड, प्रशंसक, विरोधी टीम, गलती करने का पछतावा, ये सब एक जैसे ही हैं। अपटन का करियर मुख्य रूप से क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूमता रहा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी टीम और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स सहित दुनिया भर की कई टी-20 फ्रेंचाइजी के साथ काम किया है। उन्होंने हालांकि रग्बी और हाल ही में हॉकी जैसे अन्य खेलों में भी काम किया है। दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले अपटन ने कहा मुझे हॉकी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। मैं भारत का रहने वाला नहीं हूं और अब भी मैं यहां एक मेहमान हूं, इसलिए मेरा दृष्टिकोण वास्तव में सुनने, माहौल को समझने, खेल को समझने और प्रत्येक व्यक्ति को समझने पर ध्यान देने का है। जब मैं चीजों को समझ जाऊंगा तभी किसी तरह की मदद कर सकता हूं। भारतीय हॉकी टीम के साथ काम करने के तरीके के बारे में पूछे जाने पर अपटन ने कहा, यह खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और टीम सत्र दोनों तरह से होता है। हम टीम के साथ कार्यशालाएं आयोजित करते हैं।

# भारत ने रूसी तेल से लाभ नहीं उठाया

## वैश्विक बाजारों को स्थिर करने एवं कीमतों को काबू में रखने में मदद की है : हरदीप सिंह पुरी



नयी दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ने रूसी तेल खरीदने में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है बल्कि यूक्रेन युद्ध के बाद से उसके ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर करने एवं कीमतों को काबू में रखने में मदद की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर की गयी टिप्पणी को खारिज करते हुए पुरी ने यह बात कही। नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया। पुरी ने मुनाफाखोरी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि भारत लंबे समय से और फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण से बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है। इसके निर्यात की मात्रा एवं मुनाफे मोटे तौर पर समान रहे हैं। उन्होंने नवारो का प्रत्यक्ष तौर पर नाम लिए बिना लिखा कि कुछ आलोचकों का आरोप है कि रूसी तेल को खरीद करके युद्ध मशीन को वित्तपोषित करने वाला बन गया है। यह पूरी तरह से गलत एवं असत्य है। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत का रूसी तेल आयात कुल कच्चे तेल की खपत का एक प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 प्रतिशत हो गया। इसकी प्रमुख वजह यह है कि पश्चिमी देशों ने रूस को युद्ध के लिए दंडित करने के लिए उस पर प्रतिबंध लगाए और इससे भारत को खरीद में भारी छूट दी गई। इस कदम से भारत के लिए सस्ती ऊर्जा तो सुनिश्चित हुई लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने इसकी आलोचना की है। अमेरिका का आरोप है कि भारत, रूसी कच्चे तेल को परिष्कृत करके और यूरोप सहित अन्य देशों को निर्यात करके मुनाफा कमा रहा है। व्हाइट हाउस के व्यापार सलहकार पीटर नवारो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पिछले सप्ताह सिलसिलेवार ट्वीट में रूस-यूक्रेन युद्ध को मोदी का युद्ध बताया था और भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया। इस पोस्ट के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भगवा वस्त्र पहने तस्वीर भी लगी थी। पुरी ने उनका विरोध करते हुए कहा कि ईरान या वेनेजुएला के कच्चे तेल के विपरीत रूसी तेल खरीद पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा कि यह (रूसी तेल) जी-7यूरोपीय संघ की मूल्य सीमा प्रणाली के अंतर्गत है जिसे तेल की आपूर्ति जारी रखने एवं राजस्व की सीमा निर्धारित करते हुए तैयार किया गया है। ऐसे पैकेज के 18 दौर हो चुके हैं और भारत ने हर एक का पालन किया है...। भारत द्वारा किया गया प्रत्येक लेन-देन कानूनी है। हर लेन-देन में वैध निर्यात एवं बीमा, अनुपालन करने वाले व्यापारी और ऑडिट माध्यमों का इस्तेमाल किया गया है।

## भाजपा की धर्मस्थल चलो रैली हिंदू आस्था के खिलाफ साजिश का पर्दाफाश करने के लिए आयोजित की गयी



धर्मस्थल (कर्नाटक)। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में अति-वामपंथी धड़े की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए धर्मस्थल चलो रैली का आयोजन किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार हिंदू आस्था केंद्रों और उनकी मान्यताओं को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। वह रैली के इतर बोल रहे थे, जिसका आयोजन पार्टी द्वारा धर्मस्थल के खिलाफ बदनामी अभियान की निंदा करने के लिए किया गया था। भाजपा ने इस मामले की एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) जांच की भी मांग की है। जोशी ने दावा किया, धर्मस्थल चलो का उद्देश्य कांग्रेस सरकार में अति-वामपंथी धड़े की साजिश का पर्दाफाश करना है, जो देश के सभी हिंदू आस्था केंद्रों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। वे हमेशा हिंदू समाज को निशाना बनाते हैं और एकतरफा वोट बैंक की राजनीति करते हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि इन सभी चीजों को उजागर करने के लिए हम आज यहां हैं। केंद्रीय मंत्री ने धर्मस्थल मामले को 100 प्रतिशत एक साजिश बताया और कहा कि उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने खुद कहा था कि एक साजिश थी। एक ऐसे व्यक्ति की शिकायत के आधार पर, जिसकी पृष्ठभूमि ज्ञात नहीं है, मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। स्थानीय पुलिस द्वारा पहले उसकी पृष्ठभूमि की पुष्टि करने के सुझाव के बावजूद ऐसा किया गया। विशेष जांच दल के गठन के बाद, धर्मस्थल में हर जगह खुदाई शुरू हो गई। हमने एसआईटी द्वारा जांच करने का स्वागत किया था, न कि पूरे क्षेत्र में खुदाई करने का। भाजपा द्वारा इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के कांग्रेस के आरोप को खारिज करते हुए, जोशी ने कहा, यह आप (कांग्रेस) ही हैं जिन्होंने इसे राजनीतिक बना दिया है। हम आपको बेनकाब करने आए हैं। आपने वक्फ मुद्दे और सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) पर भी यही किया था। यह विवाद तब शुरू हुआ जब एक शिकायतकर्ता, जिसकी बाद में पहचान सी एन चिन्नैया के रूप में हुई और जिसे झूठी गवाही के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### संक्षेप

## हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पाक सेना के पांच कर्मियों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्तिस्तान क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो अधिकारियों सहित पांच पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। सेना ने एक बयान में कहा कि नियमित प्रशिक्षण पर निकले एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने तकनीकी खराबी आने के बाद क्रैश-लैंडिंग का प्रयास किया। बयान में कहा गया कि यह दुर्घटना दियामिर में थकदास छावनी से लगभग 12 किलोमीटर दूर हुडोर गांव के पास रविवार देर रात लगभग एक बजे हुई। मृतकों की पहचान पायलट कमांड मेजर आतिफ, सह-पायलट मेजर फैजल, फ्लाइट इंजीनियर नायब सूबेदार मकबूल, क्रू चीफ हवलदार जहांगीर और क्रूचीफ नायक आमिर के रूप में हुई है। इसमें कहा गया है कि प्रशिक्षण मिशन सैन्य विमानन की नियमित गतिविधियों का हिस्सा था। इससे पहले गिलगित-बाल्तिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्ला फराक ने एक बयान में बताया था कि एक हेलिकॉप्टर दियामिर जिले के चिलास क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उनके बयान से यह संकेत मिला कि हेलीकॉप्टर गिलगित-बाल्तिस्तान सरकार का था और मारे गए लोग भी क्षेत्रीय सरकार से जुड़े थे। कुछ घंटों बाद सेना की मीडिया शाखा ने पुष्टि की कि यह सेना का हेलीकॉप्टर था।

## जरांगे का आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं, दो सितंबर तक मुंबई की सभी सड़कें खाली करायें: उच्च न्यायालय

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व में मराठा आरक्षण आंदोलन के कारण पूरा शहर ठहर गया है और यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है तथा इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है। उच्च न्यायालय ने मुंबई में सामान्य स्थिति बहाल करने का आग्रह किया और जरांगे तथा उनके समर्थकों को हालात सुधारने तथा मंगलवार दोपहर तक सभी सड़कें खाली करने का अवसर दिया। जरांगे 29 अगस्त से दक्षिण मुंबई स्थित आज़ाद मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वह मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने की मांग कर रहे हैं। उनके समर्थकों ने दावा किया कि जरांगे ने सोमवार से पानी पीना बंद कर दिया है।

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने विशेष सुनवाई में कहा कि प्रदर्शनकारी आंदोलन के लिए निर्धारित स्थान आजाद मैदान पर नहीं रुके हैं और उन्होंने दक्षिण मुंबई के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को अवरुद्ध कर दिया है। अदालत ने कहा, स्थिति गंभीर है और मुंबई शहर लगभग ठहर सा गया है। अदालत ने कहा कि प्रदर्शनकारी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और चर्चगेट रेलवे स्टेशन, मरीन ड्राइव और उच्च न्यायालय भवन जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर जमा हो गए हैं। अदालत ने कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं है और जरांगे तथा अन्य प्रदर्शनकारियों ने दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देते समय प्राधिकारों द्वारा निर्धारित प्रत्येक शर्त का उल्लंघन किया है। हम जरांगे और उनके समर्थकों को हालात को तुरंत सुधारने और यह सुनिश्चित करने का अवसर दे रहे हैं कि मंगलवार दोपहर तक सड़कें खाली हो जाएं।

## वोट चोरी के एटम बम के बाद हाइड्रोजन बम आने वाला है: राहुल



पटना। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी से जुड़े अपने खुलासे का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि एटम बम के बाद अब हाइड्रोजन बम आने वाला है।

उन्होंने वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर यह दावा भी किया कि वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनता को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि "वोट चोरी का मतलब अधिकार, आरक्षण, रोज़गार, शिक्षा और युवाओं के भविष्य की चोरी है। राहुल गांधी ने दावा किया कि वोट चोरी के बाद लोगों के राशन कार्ड और जमीन छीन ली जाएगी। हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। कांग्रेस नेता ने यह दावा फिर किया कि पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव चोरी किया गया था। उन्होंने कहा, भाजपा के लोगों, तैयार हो जाओ, हाइड्रोजन बम आ रहा है। आपकी वोट की चोरी पूरे देश को पता लगने जा रही है। इससे पहले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव और विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के कई अन्य नेताओं ने गांधी मैदान से डाक बंगला चौराहे तक एक खुले वाहन में सवार होकर मार्च निकाला। वोटर अधिकार यात्रा 25 जिलों में 110 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी और इसमें 1300 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इस यात्रा में शामिल हुए। सासाराम से 17 अगस्त को निकाली गई इस यात्रा को विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन के व्यापक चुनाव अभियान के तौर पर देखा जा रहा है।

## हूती पीएम रहावी व अन्य की मौत पर जताया शोक



अदन (यमन)। राजधानी सना में सोमवार सुबह सैकड़ों लोगों ने हूती प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

बृहस्पतिवार को इजरायली हवाई हमले में कई मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों के साथ उनकी मौत हो गयी थी। शाब मस्जिद में आयोजित हूती अधिकारियों के अंतिम संस्कार के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम का हूती-नियंत्रित उपग्रह समाचार चैनल अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारण किया गया। मस्जिद के अंदर जहां जनाजे की नमाज पढ़ी गई, वहां भीड़ ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ नारे लगाए तथा विदेश मामलों, मीडिया और संस्कृति तथा औद्योगिक मंत्रियों सहित अधिकारियों की मौत पर शोक व्यक्त किया। अंतिम संस्कार में शामिल अहमद खालिद और फथी महमूद ने बताया कि अधिकारियों के परिवार अंतिम संस्कार के लिए एम्बुलेंस में पहुंचे। शवों को मस्जिद के अंदर ताबूत में रखा गया था। मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति अहमद आजम ने बताया, हम इस अंतिम संस्कार में भाग ले रहे हैं, क्योंकि इजराइल ने उन अधिकारियों को मार डाला था और यही उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने का पर्याप्त कारण है। अल-रहावी, ईरान समर्थित विद्रोही समूह के खिलाफ इजराइल-अमेरिकी अभियान में मारे गए सबसे वरिष्ठ हूती अधिकारी थे। बयान में बिना कोई विवरण दिए कहा गया कि अन्य मंत्री और अधिकारी घायल हुए हैं। हूतियों ने पहले एक बयान में कहा था कि अधिकारियों को सरकार द्वारा पिछले वर्ष की गतिविधियों और प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए आयोजित एक नियमित कार्यशाला के दौरान निशाना बनाया गया था।

## नीतीश को कूड़ेदान में फेंक देंगे भाजपा व संघ



पटना। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की झोली में गिरने तथा विचारधारा से समझौता करने का आरोप लगाया और दावा किया कि भाजपा-आरएसएस उन्हें वहीं फेंक देंगे जहां कचरा फेंका जाता है।

उन्होंने वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर यह दावा भी किया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के बाद डबल इंजन सरकार नहीं होगी और महागठबंधन की सरकार बनेगी जो गरीबों, महिलाओं, दलितों और पिछड़ों की सरकार होगी। खरगे ने कहा, आज पूरे देश में वोटर अधिकार यात्रा की चर्चा हो रही है। भाजपा ने इस यात्रा को रोकने की पूरी कोशिश की, लेकिन बिहार की जनता, राहुल गांधी जी, तेजस्वी यादव और महागठबंधन के नेता नहीं रुके। आखिर में हमारी वोटर अधिकार यात्रा पूरी हुई। उन्होंने दावा किया नरेंद्र मोदी बिहार में वोट चोरी करके चुनाव जीतना चाहते हैं, लेकिन हम सभी को सतर्क रहना होगा। खरगे का कहना था, बाबा साहेब आंबेडकर जी, गांधी जी, नेहरू जी ने देश के लोगों को वोट का अधिकार दिया है और हमें इस अधिकार को खोने नहीं देना है। खरगे ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा, "नीतीश कुमार एक जमाने में समाजवाद की विचारधारा की बात करते थे। पूरे देश में जाकर लोहिया, जॉर्ज फर्नांडिस के गुण गाते थे और अब भाजपा-आरएसएस की झोली में जा गिरे हैं। उन्होंने दावा किया कि एक दिन नीतीश कुमार को भाजपा-आरएसएस वाले वहां फेंक देंगे जहां कचरा फेंका जाता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कथित वोट चोरी का जिक्र किया।

### इंटरटेनमेंट...

## टाइगर श्रॉफ की 'बागी 4' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई**। एक्टर टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बागी 4' का ट्रेलर शनिवार को रिलीज हुआ। इस फिल्म से डायरेक्टर ए. हर्षा बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। वह साउथ सिनेमा में शिवा राजकुमार और पुनीत राजकुमार के साथ काम कर चुके हैं। ट्रेलर लॉन्च होने के बाद यह सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया। यूट्यूब ने इसे 'इनएप्रोप्रिएट फॉर सम यूजर्स' बताया। प्लेटफॉर्म ने कहा कि इसमें हिंसक विजुअल्स ज्यादा हैं। ट्रेलर में हिंसा को देखते हुए, शुरूआत में ही 'रिस्ट्रिक्टेड वायलेंस' का लोगो नजर आता है। इसके बाद टाइगर की एंट्री होती है। वह हाथ में बड़ा चाकू लिए दिखाई देते हैं। फिल्म में टाइगर के अलावा सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा भी अहम रोल में हैं। वॉइस ओवर में कहा गया है, मोहब्बत की कहानियां तो बहुत सुनी थीं, लेकिन ऐसी एक्शन पैक लव स्टोरी जिंदगी में पहले बार देखी। रोमियो, मजनूं और रांझा सब को एक बागी ने फेल कर दिया। एक सीन में टाइगर से पूछा जाता है, क्या तुम्हारा दिमाग खराब हो गया है? इस पर वह जवाब देते हैं, दिमाग नहीं, दिल।

> फिल्म में हिंसा से भरपूर सीन, संजय दत्त बने विलेन, एक्शन ने खींचा लोगों का ध्यान

इसके बाद कहानी में मनोवैज्ञानिक ट्विस्ट की झलक मिलती है। श्रेयस तलपड़े का किरदार कहता है, अलीशा तो सिर्फ इसके दिमाग में है। फिल्म की कहानी में टाइगर एक ऐसे शख्स का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी पार्टनर अलीशा की मौत का बदला लेता है। फ्लैशबैक में वह नेवी ऑफिसर की यूनिफॉर्म में नजर आते हैं, लेकिन पार्टनर की मौत उन्हें बदले की राह पर ले जाती है। संजय दत्त बने विलेन, किरदार का लुक चर्चा में संजय दत्त फिल्म में विलेन का रोल प्ले कर रहे हैं। उनका किरदार एक किले में रहता है और उंगलियां काटने वाला हिंसक सीन करता है। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बिग बॉस 19: प्रणित मोरे पर भड़के सलमान खान

**मुंबई**। रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में आज पहला वीकेंड का वार है। इस दौरान सलमान कंटेस्टेंट से पूरे हफ्ते का हिसाब-किताब करेंगे। जियो हॉटस्टार ने वीकेंड का वार का एक दिलचस्प प्रोमो जारी किया है, जिसमें सलमान स्टैंड अप कॉमेडियन प्रणित मोरे से नाराज दिख रहे हैं। प्रोमो में सलमान, प्रणित मोरे से स्टैंड अप शो के दौरान उनका मजाक बनाने के लिए फटकार लगाते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में सलमान, प्रणित से कहते हैं, 'प्रणित, स्टैंड अप कॉमेडियन? मुझे पता है कि आपने मुझ पर क्या-क्या बोला है, जो सही नहीं है। जोक्स जो आपने मारे हैं, मेरे ऊपर अगर आप मेरी जगह होते और मैं अंदर आपकी जगह होता, तो आप कैसा रिएक्ट करते? 'उस वक्त आपको लोगों को हंसाना था।

## सचेत-परंपरा पर लगा धुन चोरी का आरोप, 'रांझण' पर दावा



**मुंबई**। हाल ही में काजोल और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'दो पत्ती' के सुपरहिट गाने रांझण पर धुन चोरी का आरोप लगा था। अब इस पर गाने की कंपोजर जोड़ी सचेत-परंपरा ठाकुर ने प्रतिक्रिया दी है। दोनों ने गाने के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को खारिज किया है। साथ ही, आरोप लगाने वाले शख्स पर लीगल एक्शन लिया है। सचेत-परम्परा ने कहा 'जो व्यक्ति यह आरोप लगा रहा है कि उसने रांझण के लिए म्यूजिक बनाया है, वो पूरी तरह से निराधार आरोप लगा रहा है। उसका साफ मकसद विवाद पैदा करना और फेम पाना है। अपने वकील से सलाह लेने के बाद, हमने मानहानि का नोटिस जारी किया है। हम अपने काम को बदनाम करने के इस दुर्भावनापूर्ण कोशिश के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं। हमने पहले ही यूट्यूब, स्पॉटिफाई और बाकी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को सेशन फाइल्स और पियानो स्कोर दिए हैं।

## सेना सॉन्ग में पहली बार गृहमंत्री-रक्षामंत्री की आवाज




मुंबई। पद्मश्री कैलाश खेर का नया गीत 'भारतीय सेना' रिलीज हो चुका है। यह गीत भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना के अदम्य साहस और बलिदान की एक सशक्त संगीतमय श्रद्धांजलि है। कैलाश खेर का गाया यह गीत हमारे सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करता है, जो अटूट समर्पण और निस्वार्थ सेवा से हमारे राष्ट्र की रक्षा करते हैं। इस गीत को कैलाश खेर ने खुद लिखा और संगीत से सजाया भी है। बातचीत के दौरान सिंगर ने बताया कि इस गीत को बनाने की प्रेरणा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिली। पहली बार इस गीत में गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की आवाज आई है। 'भारतीय सेना' सॉन्ग की तैयारी के बारे में बात करते हुए कैलाश खेर ने कहा जब फरवरी में हमारी मुलाकात देश के रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह जी से हुई, तब उन्होंने भारतीय सेना पर एक तगड़ा गाना बनाने के लिए कहा। हमारे मन में एक विचार आया कि तीनों सेनाओं को समर्पित एक गाना बनाएंगे। राजनाथ सिंह जी के साथ हम पहले भी मिलकर काम कर चुके हैं। जब वो देश के गृहमंत्री थे तब हमने एक गाना 'भारत के वीर' किया था। इस बार हमने तीनों सेनाओं को समर्पित एंथम बनाया।

> कैलाश खेर-देशवासियों और सैनिकों के नाम वैभव को समर्पित यह एक संदेश है

कैलाश खेर का यह सॉन्ग कल यानी कि 29 अगस्त को उनके यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो गया। कैलाश खेर कहते हैं- राजनाथ सिंह जी से बात होने के बाद हमने गाने की तैयारी मार्च से शुरू कर दी थी।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com